Lalithaa
Lalithaa Jewellery
Mart Limited

THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com
Vaartha Hindi
@Vaartha_Hindi
Vaartha official
www.hindi.vaartha.com

Lalithaa
Lalithaa Jewellery
Mart Limited

वर्ष-30 अंक : 183 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) आश्विन शु.6 2082 रविवार, 28 सितंबर-2025
प्रधान संपादक – डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर ✲ पृष्ठ : 16+32 मूल्य : 8 रुपये





बेमिसाल न्यूनतम वेस्टेज (V.A.) शुल्क
Bracelets
V.A. 3% 8% 8% 8%
8% 8% 10% 11%
V.A. 9%
9.5%
10%
12%
14%
Oddiyanam
Haaram
10%
Bangles
7% 8% 8% 8.5%
9% 9% 9% 9%
12%
11%
11%
11%
9%
Bangles
Ring
Haaram
Jhumkas
Necklace
Drops
5.5% 5.5%
8% 8%
Blackbeads
10% 10% 10%
DIAMOND JEWELLERY
हीरों के गहने - रु.54000 प्रति कैरेट
कोई वेस्टेज (V.A.) नहीं, कोई मज़ूरी (M.C.) नहीं।
सिर्फ हीरों के दाम चुकाएँ और घर ले जाएँ हीरों के खूबसूरत गहने।
सिर्फ़ हमारे सोमजीगुडा के शोरूम में
SBR Souk, Opp.Rajiv Gandhi Statue, Somajiguda, Hyderabad. Ph: 040-6748 6677.
*अलग प्रदर्शन काउंटर
ललिता ज्वेलरी की तरफ़ से क्वालिटी की गारंटी
क्वालिटी सर्टिफिकेट:
क्वालिटी के प्रमाण के रूप में, हम केवल इन-हाउस सर्टिफिकेट नहीं देते। हम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त तीसरे पक्ष से प्रामाणिकता सर्टिफिकेट प्रदान करते हैं।
रंग और स्पष्टता:
हम केवल VVS स्पष्टता और श्रेष्ठ E-F रंग ग्रेड के हीरे बेचते हैं।
हम G-H ग्रेड (कम क्वालिटी वाले) हीरे नहीं बेचते।
वापस खरीद:
हीरों के गहनों के लिए 100% एक्सचेंज
सोने के आभूषणों के लिए 90% ! नकद 85% !
Lalithaa
Lalithaa Jewellery Mart Limited
Hyderabad - Somajiguda • Kukatpally • Dilsukhnagar • Chanda Nagar • Suchitra Circle
Secunderabad • Nizamabad • Warangal • Miryalaguda • Khammam
LAKHS OF DESIGNS!
100% HUID
www.lalithaajewellery.com
Customer Care:
90 99 999 916




THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com
Vaartha Hindi
@Vaartha_Hindi
Vaartha official
www.hindi.vaartha.com

वर्ष-30 अंक : 183 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) आश्विन शु.6 2082 रविवार, 28 सितंबर-2025

प्रधान संपादक – डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर ※ पृष्ठ : 16+32 मूल्य : 8 रुपये

## अबू धाबी में आतंकी को दबोचा

चंडीगढ़, 27 सितंबर (एजेंसियां)। बाबर खालसा इंटरनेशनल के आतंकवादी परविंदर सिंह उर्फ पिंडी को अबू धाबी से भारत के लिए प्रत्यर्पित कर लिया गया है। पंजाब के डायरेक्टर जनरल पुलिस, गौरव यादव ने इस बारे में एक विस्तृत बयान जारी किया है। उन्होंने कहा कि प्रत्यर्पण की प्रक्रिया इसलिए सफल रही, क्योंकि पंजाब पुलिस और दूसरी केंद्रीय एजेंसियों ने मिलकर बेहतर तालमेल के साथ काम किया था। पिंडी के कनेक्शन विदेशी मूल के आतंकवादी हरविंदर सिंह उर्फ रंदा और हैप्पी पसिया से जुड़ते हैं। ये सभी आतंकी कई अपराधों में शामिल रह चुके हैं। बात चाहे बटाला गुरदासपुर क्षेत्र में पेट्रोल बम हमले की हो, या फिर हिंसक हमलों की या फिर वसूली की, इन आतंकियों का नाम हर बार सामने आया है।

## 'कांग्रेस के लूटतंत्र को बाहर निकाला'

> अब दोगुनी बचत-कमाई का दौर : पीएम मोदी



झारसुगुड़ा, 27 सितंबर (एजेंसियां)। ओडिशा के झारसुगुड़ा में जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, डेढ़ साल पहले, विधानसभा चुनाव के दौरान, आप ओडिशावासियों ने एक नए संकल्प के साथ आगे बढ़ने का संकल्प लिया था। ये संकल्प था-'विकसित ओडिशा'। आज हम देख रहे हैं कि ओडिशा डबल इंजन की रफ्तार से आगे बढ़ चला है।

आज एक बार फिर, ओडिशा के विकास, देश के विकास के लिए हजारों करोड़ रुपये की परियोजनाओं पर काम शुरू हुआ है। आज से, बीएसएनएल का एक नया अवतार भी सामने आया है। बीएसएनएल की स्वदेशी 4जी सेवाओं का शुभारंभ हो गया है। भाजपा गरीबों की सेवा और उन्हें सशक्त बनाने वाली सरकार :

इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि आज शुरू की गई ब्रह्मपुर-उधना अमृत भारत ट्रेन से गुजरात के उड़िया लोगों को लाभ होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, भाजपा सरकार गरीबों की सेवा और उन्हें सशक्त बनाने वाली सरकार है। हम गरीबों, दलितों, पिछड़े वर्गों और आदिवासियों को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने पर जोर देते हैं... हमारी सरकार ने अब तक देश भर में 4 करोड़ से ज्यादा गरीब परिवारों को पक्के घर उपलब्ध कराए हैं। ओडिशा में भी हजारों घरों के निर्माण का काम तेजी से चल रहा है।

## सरकार की तबादला एक्सप्रेस ने पकड़ी रफ्तार

## वीसी सज्जनार बने हैदराबाद के नए पुलिस आयुक्त

> 23 आईपीएस अधिकारियों का स्थानांतरण > सी.वी. आनंद मुख्य सचिव-गृह

हैदराबाद, 27 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना सरकार की तबादला एक्सप्रेस ने रफ्तार पकड़ लिया है। कल ही नई डीजीपी की तैनाती के बाद आज दर्जनों वरिष्ठ पुलिस अफसरों का स्थानांतरण कर दिया गया। भारतीय पुलिस सेवा के वरिष्ठ अधिकारी वीसी सज्जनार हैदराबाद के नए पुलिस आयुक्त बनाए गए है। वे पहले भी साइबराबाद के पुलिस आयुक्त रह चुके है। सिटी पुलिस कमिश्नर बनने से पहले वे टीजीआरटीसी में एमडी के पद पर तैनात थे। आज तेलंगाना सरकार ने पुलिस के कई बड़े अधिकारियों का तबादला किया है।

गृह विभाग में विशेष मुख्य सचिव के रूप में कार्यरत रहे वर्ष 1990 बैच के अधिकारी रवि गुप्ता को तेलंगाना में सुशासन के लिए कार्यकारी उपाध्यक्ष और महानिदेशक के रूप में स्थानांतरित किया गया है। पुलिस आयुक्त, हैदराबाद सी.वी. आनंद (1991 बैच) को स्थानांतरित कर उन्हें विशेष मुख्य सचिव-गृह नियुक्त किया गया है। सीनियर आईपीएस अधिकारी शिखा गोयल नया महानिदेशक सतर्कता के पद पर तैनाती दी गई है, जबकि उनके पति विजय कुमार को नया महानिदेशक खुफिया नियुक्त किया गया है। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, संगठन एवं होमगाड्र्स, तेलंगाना, हैदराबाद स्वाति लाकड़ा को महानिदेशक, विशेष सुरक्षा बल, तेलंगाना, हैदराबाद के पद का पूर्ण अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। महेश मुरलीधर भागवत, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (कानून एवं व्यवस्था), तेलंगाना, हैदराबाद को अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (कार्मिक), तेलंगाना, हैदराबाद के पद का पूर्ण



वीसी सज्जनार



सी.वी. आनंद

अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है, वह डॉ. अनिल कुमार का स्थान लेंगे। चारु सिन्हा अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, सीआईडी, तेलंगाना को महानिदेशक, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, तेलंगाना, हैदराबाद के पद का पूर्ण अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है, वे विजय कुमार का स्थान लेंगी।

तबादले के बाद, डॉ. अनिल कुमार को अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (संचालन), ग्रेहाउंड्स एवं ऑक्टोपस, तेलंगाना, हैदराबाद के पद पर नियुक्त किया गया है, जो एम. स्टीफन रवींद्र, आईपीएस का स्थान लेंगे। स्थानांतरण के बाद, विजय कुमार को अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, खुफिया, हैदराबाद के पद पर तैनात किया गया है। वाई. नागी रेड्डी (1997), महानिदेशक, तेलंगाना आपदा प्रतिक्रिया और अग्निशमन सेवाएं, तेलंगाना, हैदराबाद को स्थानांतरित कर तेलंगाना राज्य सड़क परिवहन निगम के प्रबंध निदेशक के रूप में तैनात किया गया है। देवेंद्र सिंह चौहान (1997) को अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, मल्टीजोन II के पद पर स्थानांतरित किया गया है। विक्रम सिंह मान (1998) को तेलंगाना आपदा प्रतिक्रिया और अग्निशमन सेवाओं के महानिदेशक के रूप में स्थानांतरित किया गया है, एम. स्टीफन रवींद्र (1990) को नागरिक आपूर्ति आयुक्त और सरकार के सीएएफ और सीएस विभाग के पदेन प्रधान सचिव के रूप में तैनात किया गया है। एम. श्रीनिवासुलु (2006), आईजीपी, सीआईडी, तेलंगाना, हैदराबाद को स्थानांतरित कर अतिरिक्त पुलिस आयुक्त, अपराध, हैदराबाद शहर के पद पर तैनात किया गया है।

## सीजेआई गवई की मां आरएसएस कार्यक्रम में चीफ गेस्ट होंगी



नई दिल्ली, 27 सितंबर (एजेंसियां)। चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया (सीजेआई) बीआर गवई की मां कमलताई गवई राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के इवेंट में शामिल होंगी।

5 अक्टूबर को अमरावती में होने वाले संघ कार्यक्रम में कमलताई को चीफ गेस्ट बनाया गया है। वहीं 2 अक्टूबर को दशहरा के मौके पर नागपुर में होने वाले आरएसएस के कार्यक्रम में पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद चीफ गेस्ट होंगे। इस साल संघ अपनी स्थापना के 100 साल पूरे कर रहा है। संघ के शताब्दी वर्ष में यह एक ऐतिहासिक समारोह होगा। रामनाथ कोविंद दूसरे पूर्व राष्ट्रपति हैं जो आरएसएस के किसी कार्यक्रम में चीफ गेस्ट बन रहे हैं। इससे पहले 2018 में पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी संघ के एक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बने थे। तब वे एक ट्रेनिंग कैंप के समापन समारोह में शामिल हुए थे। संघ विजयादशमी पर अपना स्थापना दिवस मनाता है। 1925 में विजयादशी के दिन डॉ. बलराम कृष्ण हेडगेवार ने इसकी शुरुआत की थी।

## तमिलनाडु में एक्टर विजय की रैली में भगदड़

### 31 मौतें : मरने वालों में 6 बच्चे, 16 महिलाएं, 9 साल की बच्ची के गुमने की खबर से बेकाबू हुई भीड़, सीएम स्टालिन ने जताई चिंता

करूर, 27 सितंबर (एजेंसियां)। तमिलनाडु के करूर में एक्टर विजय की रैली में शनिवार शाम को भगदड़ मच गई। इसमें 31 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में 16 महिलाएं, 9 पुरुष और 6 बच्चे शामिल हैं। तमिलनाडु के स्वास्थ्य मंत्री एम ए सुब्रमणियन ने यह जानकारी दी। हादसे में 30 से ज्यादा लोग घायल हो गए। आशंका जताई जा रही है कि मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है।

जानकारी के मुताबिक अभिनेता से नेता बने विजय की पार्टी तमिलगा वेट्री कजगम यानी टीवीके की रैली में बड़ी संख्या में लोग पहुंचे थे। बताया गया है कि 9 साल की एक बच्ची गुम गई थी। विजय ने मंच से उसे तलाशने की अपील पुलिस और अपने लोगों से की, जिसके बाद वहां भगदड़ जैसे हालात बन गए।

भीड़ में फंसने से कई लोगों को सांस लेने में परेशानी हुई और कई



लोग और कार्यकर्ता बेहोश होने लगे। हालात बिगड़ते देख विजय ने भाषण रोक दिया और लोगों से शांति की अपील की। इसके बाद वे भाषण छोड़कर निकल गए। विजय की रैली के लिए 10 हजार लोगों की परमीशन थी। प्रशासन को 50 हजार लोगों के जुटने का अनुमान था, लेकिन वहां करीब 1 लाख 20 हजार लोग एकत्र हो गए थे।

>14

## संसद की स्थायी समितियों का कार्यकाल दो साल करने पर विचार

नई दिल्ली, 27 सितंबर (एजेंसियां)। केंद्र सरकार संसद की स्थायी समितियों का कार्यकाल बढ़ाकर दो साल करने पर विचार कर रही है।

वर्तमान में इन समितियों का कार्यकाल केवल एक साल का होता है। सांसदों ने सरकार से शिकायत की थी कि इतने कम समय में किसी विषय पर ठोस और सार्थक काम करना संभव नहीं है। सरकार इस पर जल्द ही लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और राज्यसभा के सभापति सी.पी. राधाकृष्णन से चर्चा करने के बाद फैसला ले सकती है।

## देश का पहला एआई टेंपल बनेगा तिरुमाला मंदिर

> भीड़ कंट्रोल से लेकर बढ़ेगी सिक्योरिटी

तिरुपति, 27 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। आंध्र प्रदेश के सीएम एन. चंद्रबाबू नायुडू ने हाल ही में तिरुमला में एआई संचालित तीर्थयात्री एकीकृत कमान और नियंत्रण केंद्र का उद्घाटन किया। तीर्थयात्रा पारिस्थितिकी तंत्र के लिए इसे भारत के पहला एआई-एकीकृत कमान बताया जा रहा है।

इसकी खास बात ये है कि यह एकीकृत कमान और नियंत्रण केंद्र (आईसीसीसी) सटीक समय पर भीड़ का पूर्वानुमान लगाकर बता देता है, कतारों को तेजी से बढ़ाने में सक्षम है और तिरुमाला में सुरक्षा एवं साइबर खतरे की निगरानी को बढ़ाता है। ऐसे में मंदिर में आने वाली भीड़ पर आसानी से नियंत्रण पाया जा सकेगा। एक विज्ञप्ति में बताया गया, मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायुडू ने तिरुमला में एकीकृत कमान एवं नियंत्रण केंद्र का उद्घाटन किया। वैकुंठम क्यू कॉम्प्लेक्स-प्रथम में स्थापित यह सुविधा उन्नत कैमरों, 3डी स्थितिजन्य मानचित्रों और एक समर्पित तकनीकी टीम द्वारा निगरानी किए जाने वाले लाइव डैशबोर्ड को एकीकृत करती है, जो तीर्थयात्रियों के अनुभव और मंदिर प्रशासन के लिए एक नया मानक स्थापित करेगी।

## सुप्रीम कोर्ट में एमपी हाई कोर्ट के फैसले को चुनौती

> जिला जजों की नियुक्ति से जुड़े नियम पर विवाद

नई दिल्ली, 27 सितंबर (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश हाई कोर्ट के एक फैसले को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गई है। हाई कोर्ट ने इस साल 4 अप्रैल को अपने आदेश में मध्य प्रदेश उच्च न्यायिक सेवा (भर्ती और सेवा की शर्तें) नियम, 1994 में किए गए संशोधन को रद्द कर दिया था। यह संशोधन जिला न्यायाधीश (प्रवेश स्तर) की नियुक्तियों से जुड़ा है। साल 2015 में किया गया यह संशोधन हाई कोर्ट को यह अधिकार देता था कि अगर लगातार दो भर्ती परीक्षाओं में एडवोकेट कोटे (बार कोटा) से योग्य उम्मीदवार नहीं मिलते हैं, तो जिला अदालतों में कार्यरत जजों से इन पदों को भरा जा सके। याचिका में कहा गया कि 2011 से 2015 के बीच मध्य प्रदेश में जिला न्यायाधीश (प्रवेश स्तर) के 304 पदों पर भर्ती की प्रक्रिया शुरू की गई थी।

## वांगचुक पाकिस्तानी जासूस के संपर्क में थे : लद्दाख डीजीपी

लेह, 27 सितंबर (एजेंसियां)। लद्दाख के डीजीपी एसडी सिंह जामवाल ने शनिवार को कहा कि सोशल एक्टिविस्ट सोनम वांगचुक का पाकिस्तान इंटेलीजेंस ऑपरेटिव (पीआईओ) के एक सदस्य से संपर्क था। पीआईओ मेंबर को पुलिस ने कुछ दिनों पहले ही पकड़ा था। वह जरूरी जानकारी पाकिस्तान भेज रहा था। हमारे पास इसका रिकॉर्ड है। यही नहीं वांगचुक पाकिस्तान के न्यूजपेपर डॉन के एक इवेंट कार्यक्रम में शामिल भी हुए थे।

इसके अलावा वे बांग्लादेश भी जा चुके हैं। फिलहाल इन सभी मामलों की जांच जारी है। वांगचुक को शुक्रवार दोपहर पुलिस ने उनके



गांव उल्याकटोपो से गिरफ्तार किया था। उन्हें एयरलिफ्ट कर राजस्थान की जोधपुर सेंट्रल जेल भेजा गया। वांगचुक पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) लगाया गया है, जिसके तहत लंबे समय तक बिना जमानत हिरासत में रखा जा सकता है। सरकार ने वांगचुक को लेह में 24 सितंबर को हुई हिंसा का जिम्मेदार बताया था। इस हिंसा में 4 युवकों की मौत हुई थी और 80 लोग घायल हुए थे, जिनमें 40 पुलिसकर्मी भी शामिल हैं। अब तक 60 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। लेह में तीन दिन के कर्फ्यू के बाद शनिवार दोपहर चार घंटे के लिए ढील दी गई।




## सेना ने 30 हजार करोड़ का टेंडर किया जारी

नई दिल्ली, 27 सितंबर (एजेंसियां)। भारतीय सेना ने वायु क्षमता को और ज्यादा मजबूत करने और रक्षा क्षेत्र में स्वदेशीकरण को बढ़ावा देते हुए पांच से छह रेजिमेंट के लिए 'अनंत शस्त्र' सतह से वायु मिसाइल सिस्टम खरीदने का टेंडर जारी किया है। यह मिसाइल सिस्टम रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) द्वारा विकसित किया गया है और पहले इसे क्विक रिएक्शन सतह से वायु मिसाइल सिस्टम के नाम से जाना जाता था।

इस परियोजना की कुल लागत लगभग 30,000 करोड़ रुपये अनुमानित है। इस नए सिस्टम से भारतीय सेना की वायु रक्षा क्षमता मजबूत होगी, जिसने मई में ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तानी ड्रोन हमलों को नाकाम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। बता दें कि भारतीय सेना की वायु रक्षा इकाइयां पहले से ही एमआर-एसएएम, आकाश और अन्य छोटे एयर डिफेंस सिस्टम चलाती हैं, जो भारतीय वायु सेना के साथ मिलकर हवाई खतरों से रक्षा करती हैं। रक्षा अधिग्रहण परिषद ने ऑपरेशन सिंदूर के बाद इस स्वदेशी सिस्टम को खरीदने की मंजूरी दी थी।

## 'सरकार भगवान राम की तरह वनवास में नहीं है'

बेंगलुरू, 27 सितंबर (एजेंसियां)। कर्नाटक हाई कोर्ट ने हाल ही में राज्य सरकार द्वारा अपील दायर करने में 14 साल की देरी को माफ करने से इनकार कर दिया। जस्टिस डीके सिंह और जस्टिस वेंकटेश नाइक की खंडपीठ ने कहा कि इतनी बड़ी चूक को उचित ठहराने के लिए सरकार को भगवान राम की तरह 14 वर्षों तक वनवास में रहने वाला नहीं माना जा सकता।

बार एंड बेंच की रिपोर्ट के मुताबिक, हाई कोर्ट ने कहा कि सरकार 14 साल बाद जागी है। उसे विवादित फैसले और आदेश के खिलाफ अपील दायर करने का अब औचित्य नजर आ रहा है। कोर्ट ने कहा कि 14 साल वह समय है जब भगवान राम वनवास में थे और उसके बाद वे अयोध्या लौट आए थे। सरकार देरी के लिए माफ़ी मांगने के लिए 14 साल वनवास में नहीं थी। हमें इतनी बड़ी और अत्यधिक देरी को माफ करने का कोई आधार नहीं दिखता।



# 'मौलाना भूल गया था यूपी में किसका शासन है'

## बरेली हिंसा पर सीएम योगी बोले- जो भाषा समझते थे, उसी में समझाया गया

लखनऊ, 27 सितंबर (एजेंसियां)। राजधानी लखनऊ स्थित होटल ताज में शनिवार को 'विकसित उत्तर प्रदेश विजन 2047' के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी हिस्सा लिया। इस मौके पर यूपी के विकास और आने वाले समय में प्रदेश के विकास के लक्ष्य पर चर्चा हुई। इस दौरान अपने संबोधन में सीएम योगी ने प्रदेश में कानून व्यवस्था से लेकर एक्सप्रेसवे, मेट्रो और अन्य विकास कार्यों पर अपनी बात रखी। उन्होंने अशांति फैलाने वालों को सख्त लहजे में चेतावनी दी। सीएम ने कहा कि बरेली में वह मौलाना भूल गया कि शासन किसका है। कहता था, धमकी देंगे कि हम शहर जाम कर देंगे। हमने कहा ना तो जाम होगा... ना ही कर्फ्यू लगेगा। बल्कि, ऐसा सबक सिखाएंगे की आने वाली पीढ़ियां याद रखेंगी। 2017 से पहले यही होता था। लेकिन, अब हमने ऐसे बैरियर को लागू किया है, जिससे चुन-चुन करके ऐसे लोगों को सबक सिखाया। वह जिस भाषा में समझना चाहते थे, उस भाषा में उन्हें समझाया गया। पहले सरकारों ने हर जिले में एक माफिया दिया था। जिले की सत्ता माफिया को चलाने की छूट दी गई थी। हर व्यक्ति अपनी पहचान को मोहताज था। खेती-बाड़ी चौपट थी। नौजवानों की नौकरियों पर सेंध लगाती थी। उनकी नीलामी होती थी। चाचा-भतीजा वसूली के लिए निकल पड़ते थे। वसूली का गैंग चलता था। ट्रांसफर और पोस्टिंग में उनके दलाल बोली लगाया करते थे। हमने उनके अनैतिक और अवैध व्यापार पर प्रहार किया है। उनके चेले चिल्लाते हुए दिखाई दे रहे हैं। सीएम योगी ने कहा कि 11वीं सदी में भारत के अंदर भारत की आबादी 60 करोड़ थी। भारत आर्थिक गतिविधियों के महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में था। चंद्रगुप्त मौर्य के समय में ग्लोबल इकॉनमी में भारत की हिस्सेदारी 40 फीसदी थी। 11वीं सदी आते-आते यह घटकर 30 फीसदी तक रह गई। 17वीं सदी में भारत 25 फीसदी पर सिमट गया। उस समय आधी से ज्यादा आबादी खेती पर निर्भर थी। शेष आबादी लघु और कुटीर उद्योगों में लिप्त थी।

### तौकीर रजा जेल भेजा गया




बरेली, 27 सितंबर (एजेंसियां)। बरेली में शुक्रवार को हुए बवाल के बाद पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने शनिवार को मौलाना तौकीर रजा खां समेत आठ आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने अलग-अलग थानों में 10 मुकदमे दर्ज किए हैं। एक मुकदमे में मौलाना तौकीर को बलवा कराने का आरोपी बनाया गया है। गिरफ्तारी के बाद मौलाना समेत आठों आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है।

# विधायक रागिनी सोनकर का सिंगर अवतार

लखनऊ, 27 सितंबर (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश की राजनीति में अपनी बेबाकी और कलात्मक अभिव्यक्ति के लिए चर्चित समाजवादी पार्टी (सपा) की विधायक डॉ. रागिनी सोनकर एक बार फिर सुर्खियों में हैं। उनका गाया गाना "दिल है छोटा सा, छोटी सी आशा..." सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जौनपुर जिले की मछली शहर विधानसभा सीट का प्रतिनिधित्व करने वाली यह नेत्र रोग विशेषज्ञ न केवल सदन की बहसों में अपनी तीखी शायरी से विपक्ष को घेरती हैं, बल्कि मंच पर अपनी मधुर गायकी से दर्शकों के दिलों को छू लेती हैं। खुद डॉ. रागिनी सोनकर कहती हैं कि– म्यूजिक हर इंसान को बेहतर बनाता है। संगीत आत्मा को शांति देता है और रचनात्मकता को बढ़ावा देता है। राजनीति के कठिन दिनों में यह मेरा

### जौनपुर में गाया दिल है छोटा सा शायरी पढ़ी- इतना तो जीना भी नहीं, जितना तू मर रहा



सहारा बनता है। जौनपुर के मोहम्मद हसन पीजी कॉलेज में आयोजित अंतर जनपदीय कबड्डी प्रतियोगिता के समापन समारोह में 25 सितंबर को एक बार फिर उनकी ये बहुमुखी प्रतिभा दिखी। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचीं डॉ. सोनकर ने मंच पर कदम रखते ही माहौल को हल्का और उत्साहपूर्ण बना दिया। उन्होंने 1992 की सुपरहिट फिल्म 'रोजा' का सदाबहार गीत 'दिल है छोटा सा, छोटी सी आशा' गाकर सबको झूमने पर मजबूर कर दिया। ए.आर. रहमान के संगीत पर आधारित यह गीत, जो मस्ती भरे मन की भोली-सी आशा को चांद-तारों को छूने की उमंग से जोड़ता है, डॉ. सोनकर की आवाज में और भी जीवंत हो उठा। उनकी साफ-सुथरी स्वर लहरिया न केवल मैदान पर गूंजी, बल्कि युवाओं के चेहरों पर मुस्कान बिखेर दी। यह दृश्य इतना प्रभावशाली था कि खिलाड़ी अपनी थकान भूलकर तालियों की गड़गड़ाहट में डूब गए। डॉ. सोनकर का जलवा यहीं नहीं रुका। गीत के बाद उन्होंने मशहूर शायर बशर नवाज की एक मार्मिक शायरी सुनाई

## एनआईए ने नाबालिग बांग्लादेशी लड़की की तस्करी में शामिल दो लोगों को किया गिरफ्तार

कोलकाता, 27 सितंबर (एजेंसियां)। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने पश्चिम बंगाल के कोलकाता और बनगांव में पांच ठिकानों पर छापेमारी की और एक नाबालिग बांग्लादेशी लड़की की तस्करी में कथित संलिप्तता के लिए दो लोगों को गिरफ्तार किया। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान आमिर अली शेख और अमल कृष्ण मंडल के रूप में हुई है तथा दोनों पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के रहने वाले हैं। एनआईए ने एक बयान में कहा कि पीड़िता को रोजगार के बहाने अवैध रूप से भारत लाया गया और फिर उसका शोषण किया गया। बयान के मुताबिक, शनिवार को तलाशी अभियान के दौरान भारी मात्रा में भारतीय, बांग्लादेशी और अन्य विदेशी मुद्रा के अलावा कई आपत्तिजनक दस्तावेज जब्त किए गए। बयान में कहा गया है कि ताजा गिरफ्तारियों और बरामदगी के साथ एनआईए ने सीमा पार से बांग्लादेशी लड़कियों की भारत में तस्करी करने वाले मानव तस्करी गिरोह को ध्वस्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है।

# स्वामी चैतन्यानंद सरस्वती मामले में नया खुलासा

## एफआईआर के बाद भी बैंकों से निकाले लाखों रुपये



नई दिल्ली, 27 सितंबर (एजेंसियां)। दिल्ली के एक निजी मैनेजमेंट संस्थान में 17 लड़कियों के यौन उत्पीड़न के आरोपी स्वघोषित संत स्वामी चैतन्यानंद सरस्वती (62) फरार है। जांच में खुलासा हुआ कि एफआईआर दर्ज होने के बाद उन्होंने दो अलग-अलग नामों से बैंक खाते संचालित कर 50-55 लाख रुपये निकाल लिए। पुलिस के अनुसार, खाता खोलते समय उन्होंने फर्जी दस्तावेज जमा किए थे। पुलिस ने चैतन्यानंद सरस्वती के 18 बैंक खातों और 28 सावधि जमाओं में जमा 8 करोड़ जब्त कर लिए हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार, यह धनराशि चैतन्यानंद के ट्रस्ट से जुड़ी है। उन पर श्री शारदा पीठम, श्रृंगेरी की संपत्ति से संबंधित धोखाधड़ी, जालसाजी और करोड़ों रुपये के गबन के गंभीर आरोप हैं। संस्थान ने भी उनके खिलाफ मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने उनके सभी डेबिट और क्रेडिट कार्ड भी ब्लॉक कर दिए हैं। जांच से पता चला है कि उनके पास बैंक खाते से 50-55 लाख निकाले गए हैं। पुलिस ने संस्थान में चैतन्यानंद के कार्यालय और आवास की तलाशी के दौरान दो पासपोर्ट और पैन कार्ड बरामद किए। आरोपी ने एक पासपोर्ट पार्थसारथी और दूसरा चैतन्यानंद सरस्वती के नाम से बनवाया था। दोनों पासपोर्ट में पिता और जन्म स्थान का विवरण अलग-अलग है। पुलिस मामले की जाँच कर रही है।

## कारोबारी से 69 लाख की साइबर ठगी अहमदाबाद से आरोपी गिरफ्तार

नई दिल्ली, 27 सितंबर (एजेंसियां)। दिल्ली पुलिस की साइबर सेल ने एक बड़े ठगी गिरोह का खुलासा किया है। यह गिरोह देशभर में कारोबारियों को फर्जी निवेश का झांसा देकर करोड़ों रुपये हड़प रहा था। पुलिस ने अहमदाबाद से एक आरोपी को गिरफ्तार किया है, जबकि बाकी आरोपियों की तलाश जारी है। गिरफ्तार आरोपी के पास से करीब 43 लाख रुपये नकद, एक कार और कई महंगे मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। पुलिस के मुताबिक, शिकायत 8 जुलाई 2025 को दर्ज कराई गई थी। दरियागंज स्थित एक कंपनी के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर ने बताया कि जनवरी में महाराष्ट्र के कुछ लोग कंपनी से जुड़े। उन्होंने सीएसआर फंड में निवेश का झांसा देकर दस्तावेज और चेक मांगे। आरोपी कंपनी से कई बार ऑनलाइन मीटिंग करता रहा और 25 फरवरी को उसने कंपनी के प्रतिनिधियों से 69 लाख रुपये कैश में ले लिए। बदले में उसने नकली आरटीजीएस का स्क्रीनशॉट भेजा। इसके बाद आरोपी और उसका गिरोह फरार हो गया। शिकायत मिलने के बाद साइबर पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज की गई और एक विशेष टीम बनाई गई। लगभग 15 दिनों की जांच और अहमदाबाद-मुंबई में छापेमारी के बाद पुलिस ने मुंबई के रहने वाले जितेंद्र नाम के आरोपी को गिरफ्तार किया।

# मुनव्वर राना की बेटी ने पुलिस को चैलेंज किया

## आई लव मोहम्मद के पोस्टर्स पर बोलीं- अब सड़कों पर सैलाब निकलेगा



लखनऊ, 27 सितंबर (एजेंसियां)। आई लव मोहम्मद के पोस्टरों का विवाद गरमाता जा रहा है। अब इस मामले में दिवंगत मशहूर शायर मुनव्वर राना की बेटी सुमैया राना का विवादित बयान सामने आया है। उन्होंने कहा कि अब यूपी और खासकर लखनऊ की सड़कों पर सैलाब निकलेगा। यूपी पुलिस अपनी बंदूकों के साथ तैयार रहे। मुनव्वर राना की बेटी सुमैया राना ने कहा, जिस तरह से यूपी पुलिस ने खासकर आज जुमे के बाद जो लोग आई लव मोहम्मद के पोस्टर लेकर निकले थे, उन पर बुरी तरह से लाठीचार्ज किया, ये बहुत ही ज्यादा शर्मनाक है। सुमैया राना ने कहा, मैं यूपी पुलिस को चैलेंज कर रही हूं, हम लोगों ने कोई ऐसा काम नहीं किया, जिससे लॉ एंड ऑर्डर का कोई सवाल उठ सके। लेकिन अब क्योंकि इन्होंने शुरुआत कर दी है तो यूपी की राजधानी लखनऊ में आई लव मोहम्मद का पोस्टर लेकर कोई भीड़ नहीं आएगी बल्कि पूरा सैलाब आएगा। अब अगर यूपी पुलिस चाहे तो अपनी बंदूकों के साथ तैयार रह सकती है। हम लोग खुशी-खुशी अपने ऊपर गोलियां खा लेंगे। लेकिन ये जुल्म बर्दाश्त नहीं करेंगे कि आई लव मोहम्मद कहने, लिखने और बोलने पर पाबंदी लगा दी जाए। बरेली में जुमे की नमाज के बाद क्या हुआ था? इस मामले में पुलिस ने 60 लोगों को हिरासत में लिया है और आठ लोगों को गिरफ्तार किया है। वहीं 8 नामजद सहित 1700 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गई है। इस मामले के सामने आने के बाद पुलिस और प्रशासन अलर्ट मोड में नजर आ रहा है और उसने हर स्थिति से निपटने के लिए अपनी तैयारियों को तेज कर दिया है। गौरतलब है कि प्रदेश में लॉ एंड ऑर्डर को बरकरार रखने के लिए योगी सरकार का रवैया शुरू से बेहद सख्त रहा है।

# तेजस्वी यादव के बयान के बाद रोहिणी के सुर बदले भाई के पक्ष में लिखा सोशल मीडिया पर पोस्ट



पटना, 27 सितंबर (एजेंसियां)। तेजस्वी यादव के बयान के बाद रोहिणी आचार्य के सुर बदल गए हैं। रोहिणी ने भाई के पक्ष में फेसबुक पर कई पोस्ट शेयर किया है। तेजस्वी यादव की तस्वीर शेयर कर रोहिणी ने लिखा 'मुरेठा बांध लिया गया है, अब विरोधियों को चित कर देना है। 'बिहार की माताओं और बहनों की एक ही उम्मीद तेजस्वी है'। एक अन्य पोस्ट में रोहिणी आचार्य ने सीएम नीतीश कुमार के उस बयान पर हमला बोला। जिसमें उन्होंने लालू राबड़ी पर निशाना साधा था। उन्होंने फेसबुक पर लिखा, दिमागी तौर पर पूरी तरह से विक्षिप्त हो चुके व्यक्ति की जुबान गंदी होनी स्वाभाविक से बात है। पागलों को सड़कों पर गाली- गलौज करते अमूमन देखा ही जाता है। जिस व्यक्ति के संरक्षण में मुजफ्फरपुर महापाप हुआ। जिसकी चारित्रिक नीचता के किस्से तमाम हैं। उस बदजुबान तोंद वाले अंकल के मुंह से निश्चित हार की बौखलाहट में घटिया सोच से पैदा हुई। निम्नस्तर की भाषा का गुबार निकल रहा है। पागलपन की हद हासिल कर बेचैन आत्मा बन चुके अंकल। बोली जा रही हर गंदी बोली का हिसाब करने को तैयार बैठी है बिहार की जनता। चाहे लाख दे लो गाली, बिहार में इस बार सिर्फ और सिर्फ भाई तेजस्वी के लिए ही बजेगी ताली। एक अन्य पोस्ट में रोहिणी ने कहा कि अचेत मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से आमजन की समस्याओं के निदान पर बात करना तो दूर उन्हें इनका संज्ञान भी नहीं है। अस्वस्थ मुख्यमंत्री के नेतृत्व में अहंकार में डूबी 20 वर्षों की डबल इंजन सरकार ने कृषि, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाएं बर्बाद कर दी है। आम जनता भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, महंगाई, पलायन और अपराध से त्रस्त है। इस बार जनता इनके घमंड को चूर-चूर करते हुए सत्ता परिवर्तन करेगी।

## 'सरकार की विदेश नीति हुई फेल'

### ट्रंप के 100 प्रतिशत टैरिफ ऐलान पर अखिलेश यादव का हमला

लखनऊ, 27 सितंबर (एजेंसियां)। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दवाइयों पर सौ फीसदी टैरिफ लगा दिया है। 1 अक्टूबर से ये दरें लागू हो जाएंगी। जिस पर समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव की ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि इससे हमारी अर्थव्यवस्था का चोट पहुंच रही है। बीजेपी की विदेश नीति पूरी तरह असफल हो गई है। सपा अध्यक्ष ने कहा कि जिस तरह से लगातार हमारी अर्थव्यवस्था पर चोट पहुंच रही हैं और लगातार टैरिफ की वजह से हमारा व्यापार संकट में जा रहा है। जितना संकट और परेशानियां पैदा हो रही हैं उतना बीजेपी की विदेश नीति विफल होती दिख रही है।

## पंजाब पुलिस को सफलता बीकेआई का आतंकी पिंदी भारत प्रत्यर्पित, बटाला-गुरदासपुर में पेट्रोल बम हमलों का आरोपी

चंडीगढ़, 27 सितंबर (एजेंसियां)। पंजाब पुलिस ने केंद्रीय एजेंसियों के समन्वय और सहयोग से बब्बर खालसा इंटरनेशनल के आतंकवादी परमिंदर सिंह उर्फ पिंडी को आबू धाबी से भारत प्रत्यर्पित किया है। पिंडी विदेश में बैठे आतंकवादी हरविंदर सिंह उर्फ रिंदा और हैप्पी पासिया का करीबी सहयोगी है और बटाला-गुरदासपुर क्षेत्र में पेट्रोल बम हमलों, हिंसक हमलों और जबरन वसूली सहित कई जघन्य अपराधों में शामिल है। बटाला पुलिस द्वारा के रेड कॉर्नर नोटिस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए, एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के नेतृत्व में चार सदस्यीय टीम 24 सितंबर को संयुक्त अरब अमीरात गई। विदेश मंत्रालय और संयुक्त अरब अमीरात के अधिकारियों के साथ समन्वय किया, सभी कानूनी औपचारिकताएं पूरी कीं और आरोपी को सफलतापूर्वक वापस लाया।

## धराली आपदा में लापता 67 लोगों का जारी होगा डेथ सर्टिफिकेट केंद्र सरकार ने दी मंजूरी

देहरादून, 27 सितंबर (एजेंसियां)। उत्तराखंड में इस बार मौसम का कहर का देखने को मिला है। कई जगहों पर बादल फटने के कारण तबाही का मंजर नजर आया है। ऐसा ही मंजर आज से 51 दिन पहले धराली में देखने को मिला था। जब यहां बादल फटने के कारण पूरा गांव मलबे की चपेट में आ गया था। इस हादसे में कई लोगों की मौत हुई थी। इसके साथ ही कई लोग लापता हुए थे, हादसे के 51 दिन बाद सरकार ने लापता लोगों का डेथ सर्टिफिकेट जारी करने का आदेश दिया है। धराली हादसे को लगभग 2 महीनों का समय होने वाला है। इस हादसे में 67 लोग लापता हुए थे। जिन्हें प्रशासन की तरफ से खोजने की कोशिश की गई थी। हालांकि इनका कोई भी सुराग हाथ नहीं लगा है। यही कारण है कि अब सरकार ने केंद्र सरकार की मंजूरी के बाद 67 लोगों का मृत्यु प्रमाण जारी करने का फैसला लिया है। डेथ सर्टिफिकेट जारी होने के बाद लापता लोगों के परिवार जनों को राहत के तौर पर आर्थिक सहायता दी जाएगी। हादसे के बाद प्रदेश सरकार की तरफ से लापता लोगों का मृत्यु पंजीकरण करने को लेकर गृह मंत्रालय को प्रस्ताव भेजा था। महारजिस्ट्रार गृह मंत्रालय ने लापता लोगों का मृत्यु पंजीकरण करने की अनुमति दे दी है। अब गृह मंत्रालय ने 2021 की तर्ज पर धराली आपदा में लापता लोगों का मृत्यु पंजीकरण करने की अनुमति दी है।

## गुरुग्राम में भीषण रोड एक्सीडेंट, थार कार के उड़े परखच्चे, 2 युवकों और 3 युवतियों की मौत'

गुरुग्राम, 27 सितंबर (एजेंसियां)। हरियाणा के गुरुग्राम में आज सुबह एक भीषण सड़क हादसा हुआ है। यहां नेशनल हाईवे से एग्जिट करते समय थार कार डिवाइडर से टकरा गई, जिससे 5 लोगों की मौत हो गई है। थार में 3 लड़कियां और 3 लड़के सवार थे। ये घटना आज सुबह 4:30 बजे की बताई जा रही है। 2 युवकों और 3 युवतियों की मौके पर मौत हो गई है, जबकि 1 युवक की हालत बेहद गंभीर बताई जा रही है। गुरुग्राम में तेज रफ्तार का कहर दिखाई दिया है। यहां के नेशनल हाईवे एग्जिट 9 पर भीषण हादसा हुआ है। गुरुग्राम से राजीव चौक के लिए नेशनल हाईवे से एग्जिट करते समय थार डिवाइड से टकरा गई, जिससे 5 लोगों की मौत हो गई। हादसा तेज रफ्तार की वजह से हुआ। ये लोग यूपी से गुरुग्राम किसी काम से आए थे और इनकी संख्या 6 थी, जिसमें से 5 की मौत हो गई है। घटना की जानकारी लगते ही मौके पर पुलिस पहुंची है और शवों को कब्जे में लिया है। पुलिस ने तफ्तीश शुरू कर दी है। एक युवती की पहचान प्रतिष्ठा मिश्रा के तौर पर सामने आई है। 6 में से 5 लोगों की मौत हुई है और एक की हालत गंभीर है और उसे गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। परिवार के लोगों से संपर्क करने की कोशिश की जा रही है। सभी मृतक युवा थे और कार में सफर कर रहे थे। मिली जानकारी के मुताबिक, सड़क हादसा सुबह 4:30 बजे के करीब उस वक्त आमने आया जब कार का बैलेंस बिगड़ा और वह डिवाइडर से जा टकराई। इस घटना में कार के परखच्चे उड़ गए। कार की हालत देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि ये हादसा कितना भयानक था।

## कांग्रेस ने बीजेपी विधायक के बेटे पर लगाया मुस्लिम सेल्समैन हटवाने का आरोप, एफआईआर की मांग

इंदौर, 27 सितंबर (एजेंसियां)। इंदौर में कांग्रेस ने बीजेपी विधायक मालिनी लक्ष्मण सिंह गौड़ के बेटे एकलव्य सिंह गौड़ पर गंभीर आरोप लगाए हैं। कांग्रेस का कहना है कि एकलव्य ने शहर के मशहूर सीतलामाता कपड़ा बाजार से मुस्लिम सेल्समैन को हटाने के लिए कारोबारियों पर दबाव बनाया है। इस पूरे मामले ने सांप्रदायिक सौहार्द पर सवाल खड़े कर दिए हैं। कांग्रेस ने इंदौर संभाग के आयुक्त (राजस्व) सुदाम खाड़े से मुलाकात कर अपनी शिकायत दर्ज कराई। पार्टी का आरोप है कि बीजेपी विधायक के बेटे ने बाजार के व्यापारियों से कहा कि वे मुस्लिम समुदाय के सेल्समैन को अपनी दुकानों से निकाल दें। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने इस पर कड़ी आपत्ति जताई। उन्होंने कहा, ''हिंदू-मुस्लिम-सिख-ईसाई, आपस में सब भाई-भाई, यह नारा इंदौर की परंपरा है। इंदौर की संस्कृति भाईचारे, प्रेम और अपनत्व की है। इस संस्कृति को दूषित करते हुए बीजेपी विधायक का बेटा एकलव्य सिंह गौड़ स्थानीय कारोबारियों को ऐसा असंवैधानिक फरमान सुना रहा है जो कानूनन अपराध है।'' पटवारी ने यह भी कहा कि पुलिस और प्रशासन इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं कर रहा, जबकि एकलव्य गौड़ के खिलाफ तत्काल एफआईआर दर्ज होनी चाहिए। कांग्रेस नेताओं का आरोप है कि एकलव्य ने 'लव जिहाद' का हवाला देते हुए दुकानदारों को चेतावनी दी कि वे मुस्लिम सेल्समैन को दुकान पर न रखें। कांग्रेस का कहना है कि इस फरमान के बाद कई अल्पसंख्यक कर्मचारियों को जबरन बाजार से हटाया गया है।

## बसपा नेता अविन शर्मा को मिली जान से मारने की धमकी, आरोपित ने राजेश टोंटा गैंग का सदस्य बताया



हाथरस, 27 सितंबर (एजेंसियां)। बसपा के वरिष्ठ नेता डॉ. अविन शर्मा को को जान से मारने की धमकी दी गई है। अविन शर्मा ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है कि राघवेंद्र चौधरी नामक व्यक्ति ने उसे जान से मारने की धमकी दी है। धमकी देने वाले व्यक्ति ने खुद को राजेश टोंटा गैंग का सदस्य बताया है। अविन शर्मा ने बताया कि राघवेंद्र चौधरी ने उसे रात फोन किया और जान से मारने की धमकी दी। जब उसने फोन काट दिया तो आरोपित ने उसे व्हाट्सएप पर मैसेज भेजे, जिसमें भी जान से मारने की धमकी दी गई है। शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आरोपित की तलाश शुरू कर दी है। आरोपित राघवेंद्र चौधरी की पहचान नगला अलगर्जी निवासी के रूप में हुई है। पुलिस उसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। एसपी चिरंजवी नाथ सिन्हा का कहना है कि बसपा नेता डॉ. अविन शर्मा की शिकायत पर पुलिस ने अभियोग पंजीकृत कर लिया है। पुलिस आरोपित की तलाश कर रही है, जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# आशापुरा माता का लगातार छठवां जागरण आयोजित

हैदराबाद, 27 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। श्री आशापुरा माताजी मित्र मंडल के तत्वावधान में माता का छठवा जागरण आयोजित किया गया। नवरात्रि में माँ आशापुरा को बहन अनिता जांगिड के भजनों द्वारा माताजी को मनाया गया। अनीता जांगिड के भजनों पर हजारों की संख्या में भक्त गण उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा तेलंगाना संगठन महामंत्री चंद्रशेखर, प्रवासी राजस्थानी राष्ट्रीय संयोजक श्रीकुमार लखोटिया, पूर्व विधायक प्रेमसिंह राठौड़, और अतिथि शंकर यादव (पार्षद), पी रमेश (आईएएस), गोविंद राठी, एम आनंद गौड़ (वीआरएस नेता), जी मुकेश सिंह जी (पूर्व पार्षद), भवूत सिंह राजपुरोहित, अविनाश देवड़ा भाजपा नेता सभी समाज के अध्यक्ष भी उपस्थित रहे। आयोजन माँ आशापुरा मंदिर विठोबा मंदिर विट्ठल नगर गौलीगुडा में सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम के दौरान मारवाड़ी युवा मंच द्वारा रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया।



माँ आशापुरा माताजी मित्र मंडल के कार्यकारिणी सदस्य: उदय सिंह चौहान पादरा गंगा सिंह चौहान पादरा करमी राम देवासी गोपाल सिंह चौहान पादरा महेंद्र सिंह देवड़ा दासपा शैतान सिंह पादरा पूर्व सरपंच दलपत सिंह चौहान पादरा शंकर लाल चौधरी रेनबो टॉयज कुंदन सिंह देवड़ा कोरा ईश्वर सिंह चौहान चैनपुरा इंद्र सिंह चौहान वाली चंदन सिंह अश्विन सिंह देवड़ा जुंजानी रणजीत सिंह चौहान नून रूप चंद माली, संतोष दवे विक्रम सिंह राठौर बोरटा आरडी भल सिंह राणावत निम्बावास रडमल सिंह परिहार दांतवाड़ा नरसा राम देवसी बोरटा हुकम सिंह सोलंकी नरता गुमान सिंह देवड़ा जुंजानी लक्ष्मण देवासी बोरटा मीठू सिंह चौहान नून दाता मार्केटिंग गोपाल सिंह चौहान सिलोइया (सिकंदराबाद) अभय सिंह चौहान पादरा अर्जुन सिंह राठौड़ पावली गुमान सिंह सोलंकी पावली शैतान सिंह दहिया वालेरा महेंद्र सिंह दहिया सुराणा संबुसिंह दहिया सेवड़ी जेठू सिंह परमार लेदरमेर सुरेंद्र सिंह देवड़ा जुंजानी लाधु सिंह राठौर मोरसिम मनोहर सिंह चौहान नून बाबू सिंह दहिया तुरा महेंद्र सिंह चौहान मोकनी खेड़ा प्रकाश देवासी चेतन सिंह राठौड़ भाडू जेसा राम देवासी उदय सिंह राणावत निम्बावास प्रकाश राजपुरोहित जेरन राम सिंह परमार तड़वा शैतान सिंह बी चौहान पादरा हरसन राम देवासी खानपुर डूंगर सिंह चौहान कोड़ी शैतान सिंह चौहान कोड़ी डूंगर सिंह राठौर पावली राम सिंह चौहान काठाडी हरि सिंह दहिया उनडी हरि सिंह चौहान लाखनी छैल सिंह हिया सुराणा विक्की भाई जैन बोरटा सोमत सिंह दहिया सेवड़ी का विशेष सहयोग रहा।

# इंकॉइस में हिंदी पखवाड़ा 2025 समारोह का सफल आयोजन



हैदराबाद, 27 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। भारतीय राष्ट्रीय महासागर सूचना सेवा केंद्र,हिंदी पखवाड़ा का आयोजन किया गया है जिसके अंतर्गत श्री पट्टाभि रामाराव, समूह निदेशक ओडी। आईसीटी, इंकॉइस की अध्यक्षता में पखवाड़े का समारोह आयोजित की गई। इस कार्यक्रम में में शकीला खानम, पूर्व प्राध्यापक मुख्य अतिथि और शिवानंद कालेकर, पूर्व सहायक निदेशक, हिंदी शिक्षण योजना, हैदराबाद केंद्र, विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित रहे। पट्टाभि रामा राव जी ने अतिथियों का स्वागत किया। अध्यक्ष ने राजभाषा की प्रगति पर प्रकाश डाला और राकस टीम और विजयी प्रतिभागियों को बधाई दी। सभी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। अंत में संतोष कुमार, वरिष्ठ कार्यकारी ने कार्यक्रम की सफलता के लिए सबका आभार वयक्त किया एवं धन्यवाद ज्ञापन दिया।

सुविचार: ब्याज भले ही दो प्रतिशत ज्यादा देना पड़े, पर अपनों से उधार कभी मत लेना..!!

# मूसी नदी ओवरफ्लो, कॉलोनियां डूबीं, बस स्टैंड में पानी भरा

## एमजीबीएस बस स्टैंड से आवाजाही बंद, यादाद्री-भोंगिर, सूर्यापेट और नलगोंडा में तबाही





हैदराबाद, 27 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना के कई हिस्सों में मूसलाधार बारिश जारी है। हैदराबाद में रात भर मूसलाधार बारिश के कारण शहर के कई हिस्सों में 2 से 3 फीट तक पानी भर गया। अधिकारियों ने हिमायत सागर जलाशय के गेट खोल दिए, जिससे हालात और बिगड़ गए।

चादरघाट के पास मूसी नदी उफान पर आ गई। नदी के आसपास, निचले इलाके डूब गए। नदी किनारे बने मकान पहली मंजिल तक पानी में डूब गए। कई कॉलोनियां जलमग्न हैं। हैदराबाद के महात्मा गांधी बस स्टैंड में भी पानी भर गया। इससे बसों का संचालन बंद कर दिया गया है।

हैदराबाद में सड़कों पर पानी भरने से गाड़ियों की लंबी कतारें लगी हैं। कई इलाकों में सुबह से ट्रैफिक जाम है। ऑफिस जाने वालों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। शहर में अब तक हजारों लोगों को राहत शिविरों में पहुंचाया गया है।

**हैदराबाद के बस स्टैंड में पानी भरा, बसों की आवाजाही बंद :**

हैदराबाद में मूसी नदी का पानी एमजीबीएस बस स्टैंड में भर गया है। बसों का संचालन बंद है। रेस्क्यू टीम ने शनिवार को अंदर फंसे लोगों को रस्सियों की मदद से बाहर निकाला। स्थिति को संभालने के लिए हैदराबाद आपदा प्रबंधन एवं संपत्ति संरक्षण एजेंसी (हैद्रा) के अधिकारियों को बस स्टॉप पर तैनात किया गया।

हैदराबाद में भारी बारिश के बाद शुक्रवार रात हिमायत सागर जलाशय के गेट खोल दिए गए। इससे मूसी नदी उफान पर आ गई। चादरघाट पुल डूब गया। सड़क के आर-पार नदी का पानी बह रहा है। सड़क बंद कर दी गई है। मूसी नदी के पास के घरों में पानी भर गया है।

अधिकारियों के अनुसार, उस्मानसागर और हिमायतसागर जलाशयों के द्वार खोलने के बाद यह स्थिति उत्पन्न हुई। पानी अचानक टर्मिनल परिसर में घुस आया और इसका अधिकांश हिस्सा जलमग्न हो गया। सूचना मिलते ही डीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमें मौके पर पहुंचीं और यात्रियों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाने का अभियान शुरू किया। इसी बीच, बंडलागुडा जागीर की कई कॉलोनियों में भी पानी भर गया। स्थानीय नगरपालिका कर्मचारियों के साथ डीआरएफ ने इन इलाकों में भी बचाव कार्य शुरू किया।

**नाले में बहे व्यक्ति का शव नागोल में मिला :**

14 सितंबर को अफजलसागर नाले में बहे एक व्यक्ति का शव शुक्रवार रात नागोल में मिला। परिवार के सदस्यों ने हाथ पर बने टैटू से शव की पहचान राम के रूप में की। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए ओजीएच शवगृह भेज दिया है। घटना के समय राम और उसका रिश्तेदार अर्जुन बारिश के दौरान नाले में बह गए थे। अर्जुन पानी में फिसल गया था, जिसे बचाने के प्रयास में राम भी तेज बहाव में बह गया। डीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमों ने दोनों की तलाश शुरू की थी। अर्जुन का शव एक सप्ताह पहले यादाद्री जिले में बरामद हुआ था, जबकि राम का शव अब जाकर नागोल में मिला।

**यादाद्री-भोंगिर, सूर्यापेट और नलगोंडा में तबाही :**

मूसलाधार बारिश ने यादाद्री-भोंगिर, सूर्यापेट और नलगोंडा जिलों में मूसी नदी के किनारे तबाही मचा दी है। नदी का जलस्तर खतरनाक स्तर तक पहुंच गया है और बाढ़ की चेतावनी जारी की गई है। संवेदनशील इलाकों के निवासियों को सतर्क रहने को कहा गया है। अनंतगिरि पहाड़ियों से निकलने वाली मूसी नदी जुलुरु-रुद्रवल्ली के पास उफान पर है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि यादाद्री-भोंगीर जिले में कई पुलों पर बाढ़ का पानी बह रहा है। पोचनपल्ली-बीबीनगर मार्ग पर यातायात पूरी तरह बंद हो गया है। सैकड़ों यात्री फंस गए हैं और प्रमुख राजमार्गों पर मार्ग बदलना पड़ा है। वलिगोंडा मंडल में भी कई गांवों की सड़कें और खड़ी फसलें जलमग्न हो गई हैं। चौटुप्पल और भोंगिर के बीच यातायात प्रभावित है और बाढ़ग्रस्त इलाकों तक पहुंचने से रोकने के लिए अवरोधक लगाए गए हैं। वेमुलाकोंडा-लक्ष्मीपुरम में मूसी नदी पर बना पुल भी बंद कर दिया गया है। मूसी परियोजना पूरी तरह भर चुकी है, जिसके चलते अधिकारियों ने इसके 20 में से 17 गेट खोलकर 17,000 क्यूसेक से ज्यादा पानी छोड़ा है। यह परियोजना 6 मंडलों के 42 गांवों की 41,800 एकड़ भूमि की सिंचाई करती है। सिंचाई अधिकारी स्थिति पर नजर रखे हुए हैं और बारिश कम होने पर जलस्तर स्थिर होने की उम्मीद जताई है।

मूसी नदी में भारी बाढ़ के कारण एमजीबीएस परिसर में पानी भर जाने से तेलंगाना राज्य सड़क परिवहन निगम (टीजीएसआरटीसी) ने एमजीबीएस से बस सेवाएं अस्थायी रूप से निलंबित कर दी हैं। आदिलाबाद, करीमनगर, मेदक और निजामाबाद की ओर जाने वाली बस सेवाएं अब जेबीएस से संचालित होंगी। वारंगल और हनमकोंडा की ओर जाने वाली सेवाएं उप्पल चौराहे से और सूर्यापेट, नलगोंडा तथा विजयवाड़ा की ओर जाने वाली सेवाएं एलबी नगर से चलाई जाएंगी। महबूबनगर, कर्नूल और बेंगलुरू की ओर जाने वाली सेवाओं के लिए आरामघर को नया बोर्डिंग प्वाइंट बनाया गया है। टीजीएसआरटीसी ने यात्रियों से अपील की है कि वे एमजीबीएस न जाएं और अपने गंतव्य के अनुसार वैकल्पिक बोर्डिंग स्टेशनों का ही उपयोग करें।

### सीएम ने हालात का जायजा लिया

हैदराबाद, 27 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने शनिवार को मूसी नदी के हालात का जायजा लिया, जो लगातार बारिश और हैदराबाद में दो बड़े जलाशयों, उस्मान सागर और हिमायत नगर, के ओवरफ्लो होने के कारण उफान पर है। मूसी नदी में बढ़ते बाढ़ के प्रवाह को देखते हुए, मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को सभी निचले इलाकों में उचित सावधानी बरतने और लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने का आदेश दिया। उन्होंने कहा कि राहत शिविरों में निकाले गए परिवारों के पुनर्वास के उपाय भी किए जाएंगे। रेवंत रेड्डी ने आधी रात को बाढ़ के पानी से घिरे एमजीबीएस बस अड्डे में फंसे यात्रियों को सुरक्षित निकालने के लिए किए गए राहत उपायों की व्यक्तिगत रूप से समीक्षा की।

उन्होंने अधिकारियों से लगातार फोन पर बात की और फंसे हुए यात्रियों को सुरक्षित निकालने के निर्देश दिए। अधिकारियों को विभिन्न इलाकों से एमजीबीएस आने वाली बसों को वैकल्पिक मार्गों पर मोड़ने का भी निर्देश दिया गया। यह दशहरा और बतुकम्मा उत्सव का समय है, इसलिए मुख्यमंत्री ने टीजीएसआरटीसी अधिकारियों को एमजीबीएस बस स्टेशन से यात्रियों को उनके गंतव्य तक सुरक्षित पहुंचाने के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। आईएमडी द्वारा हैदराबाद में लगातार दूसरे दिन भारी बारिश की भविष्यवाणी के बाद, उन्होंने पुलिस, यातायात, हाइड्रा, जीएचएमसी और बिजली विभाग को अलर्ट पर रहने का आदेश दिया। सभी विभागों के अधिकारी भारी बारिश से प्रभावित क्षेत्रों में बचाव और राहत कार्यों में शामिल हों। रेवंत रेड्डी ने अधिकारियों को शहर के सभी जल जमाव बिंदुओं और मूसी में बाढ़ के खतरनाक स्तर तक पहुंचने वाले स्थानों पर डिस्प्ले बोर्ड लगाने का भी सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि यात्रियों को बिना किसी असुविधा के यातायात परिवर्तन किया जाना चाहिए।

### मूसी नदी के उफान से बापू घाट जलमग्न

हैदराबाद, 27 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। शुक्रवार रात मूसी नदी के उफान के कारण लंगर हौज स्थित बापू घाट जलमग्न हो गया। यह घाट मूसी और एसी नदियों के संगम पर स्थित है, जहां राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की अस्थियां विसर्जित की गई थीं। 68 एकड़ में फैले बापू घाट में 76 फुट लंबी कोलाज दीवार है, जिस पर महात्मा गांधी की 400 से अधिक तस्वीरें लगी हैं। यहां एक छोटा संग्रहालय और बगीचा भी मौजूद है। जलमग्न होने के कारण फिलहाल बापू घाट आम जनता के लिए बंद कर दिया गया है। इस स्थिति का असर 2 अक्टूबर को महात्मा गांधी की जयंती पर आयोजित तैयारियों पर भी पड़ रहा है।

# तेलंगाना में कई आईएएस अधिकारियों का स्थानान्तरण

## हाईकोर्ट के फटकार के बाद सिरसिला कलेक्टर का तबादला



हैदराबाद, 27 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। राज्य सरकार ने आज कुछ आईएएस अधिकारियों के स्थानान्तरण किए हैं, जिनमें राजन्ना-सिरसिला कलेक्टर संदीप कुमार झा भी शामिल है। संदीप झा को उच्च न्यायालय ने बार-बार फटकार लगाई थी। झा उच्च न्यायालय के आदेशों की घोर अवहेलना के कारण मुश्किल में पड़ गए थे, और न्यायालय ने उनके कार्यों को स्पष्ट रूप से कानून की प्रक्रिया का दुरूपयोग बताया था। उनसे कई नेता भी नाराज चल रहे थे। उनके ऊपर प्रोटोकाल का पालन न करने का भी आरोप लगाया गया था। इसी क्रम में वाणिज्यिक कर एवं आबकारी विभाग के प्रमुख सचिव, सैयद अली मुर्तजा रिजवी को सामान्य प्रशासन विभाग के प्रमुख सचिव के रूप में पूर्ण अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। इस प्रकार, एम रघुनंदन राव को एफएसी के पद से मुक्त कर दिया गया है। कृषि एवं सहकारिता विभाग के सचिव रघुनंदन राव को वाणिज्यिक कर आयुक्त के पद पर नियुक्त किया गया है क्योंकि के. हरिता का स्थानांतरण हो गया है। उन्हें परिवहन आयुक्त के पद की एफएसी में भी नियुक्त किया गया है क्योंकि के. सुरेन्द्र मोहन का स्थानांतरण हो गया है। सुरेन्द्र मोहन को कृषि एवं सहकारिता विभाग का सचिव नियुक्त किया गया है। वे सहकारिता आयुक्त, सहकारी समितियों के रजिस्ट्रार और विपणन निदेशक के पद पर बने रहेंगे। शिक्षा विभाग के विशेष सचिव एम. हरिता को संदीप कुमार झा के स्थान पर राजन्ना-सिरसिला का कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट तैनात किया गया है। के. हरिता को वित्त विभाग में विशेष सचिव के पद पर नियुक्त किया गया है।

### डीजीपी कार्यालय में बतुकम्मा समारोह आयोजित



हैदराबाद, 27 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। पुलिस महानिदेशक कार्यालय में शनिवार को बतुकम्मा समारोह का भव्य आयोजन किया गया। डीजीपी कार्यालय की महिला कर्मचारियों और महिला पुलिस अधिकारियों ने बतुकम्मा समारोह में उत्साहपूर्वक भाग लिया। राज्य के पुलिस महानिदेशक डॉ. जितेंद्र ने समारोह का उद्घाटन किया और महिला पुलिसकर्मियों को शुभकामनाएं दीं। समारोह का उद्घाटन दीप प्रज्वलित करके किया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक श्रीमती स्वाति लाकड़ा ने महिला कर्मचारियों के साथ बतुकम्मा समारोह में भाग लिया। कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक कानून एवं व्यवस्था महेश एम. भागवत, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक कार्मिक अनिल कुमार, पुलिस महानिरीक्षक (पी एंड एल) एम. रमेश, प्रशासन के एआईजी नागराजू, पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय के कर्मचारी और अन्य लोग शामिल हुए।

**पूर्व तट रेलवे**

निविदा सं.30256606, दिनांक : 23.09.2025

कार्य का नाम : Alstom सामग्री कोड नं.3EYP400990R0001 की डीजल लोको शेड (DLS)/विशाखापट्टनम के लिए 3 फेज इलेक्ट्रिक इंजिन (WAG9) हेतु IGBT बेस्ड 3 फेज ड्राइव प्रपल्शन (Propulsion) इक्विपमेन्ट (मेक :BTIL/Alstom)। [वारंटी अवधि : वितरण की तारीख के बाद 72 महीने]। TPI एजेन्सी द्वारा निरीक्षण, मात्रा : 01 संख्यक।

द्रष्टव्य : सामग्री 90 दिन के भीतर आपूर्ति की जानी चाहिए।

निविदा खुलने की तिथि एवं समय : दिनांक 23.10.2025 को 1500 बजे।

संपूर्ण विस्तृत विवरण www.ireps.gov.in में उपलब्ध है।

वरिष्ठ मण्डल सामग्री प्रबंधक/वाल्टियर

PR-640/Q/25-26

**CLASSIFIEDS**

**CHANGE OF NAME**

I, JITENDER SINGH S/o MAHENDER SINGH MADAAN R/o Flat No.508, Pruthvi Mansions, Domalguda, HYD. Have changed my daughter's Name from JASLEEN KAUR MADAAN to KHUSHI KAUR for the purpose of All Records.

I, Meera, Spouse of No.17009748F, NK, Jadhav Pundlik Deelip,R/o, Vill&PO: Patoda, Dist: Lathur, Maharashtra, changed my name from Meera to Meera Pundlik Jadhav, vide Affidavit No.6774 dt.25.09.2025, before Lathur Court, Maharashtra.

**सावधान**

पाठकों को सूचित किया जाता है कि वर्गीकृत विज्ञापन का प्रतिवादन करने से पहले उसकी पूरी तरह से जाँच पड़ताल कर लें। विज्ञापनदाता ने दावा कर रहे हैं या कह रहे हैं, उन बातों से दैनिक समाचार पत्र (स्वतंत्र वार्ता) का किसी भी तरह का कोई सम्बन्ध नहीं है।







**AGRASEN BANK**

अग्रसेन बैंक Estd.1998

**CUSTOMER NOTICE**

Dear Customers,
Our working hours are getting changed w.e.f. 01/10/2025.
The new timings are:

**Revised Bank Timings**


| Particulars | Present timing | Revised w.e.f. 01/10/2025 |
|---|---|---|
| Business Hours | 10:30 AM TO 5:00 PM | 10:30 AM TO 5:00 PM |
| Working Hours | 10:30 AM TO 6:00 PM | 10:30 AM TO 6:00 PM |
| Lunch Time | 2:30 PM TO 3:00 PM | 2:30 PM TO 3:00 PM |
| 2nd and 4th Saturday | HOLIDAY | HOLIDAY |
| Sunday Timing Branches: Attapur, Himayatnagar, Banjara Hills, Ameerpet, Gagan Pahad & Kukatpally | 10:30 AM TO 3:00 PM | HOLIDAY |

By order of the Board of Directors
Sd/-
General Manager / CEO

THE AGRASEN CO-OPERATIVE URBAN BANK LTD.

Siddiamber Bazar : 040 2473 6228
Malakpet : 040 2455 0351
Rikab Gunj : 040 2456 3981
Secunderabad : 040 2789 0309
Attapur : 040 2933 4577
Himayatnagar : 040 4524 2958
Banjara Hills : 040 4521 7880
Ameerpet : 040 4031 6689
Gagan Pahad : 040 24369939
Kukatpally : 040 45390406
www.agrasenbank.in
info@agrasenbank.in



# मुख्यमंत्री ने एटीसी छात्रों के लिए 2,000 रुपये मासिक छात्रवृत्ति की घोषणा की

## मल्लेपल्ली में एटीसी (उन्नत आईटीआई संस्थान) का उद्घाटन



हैदराबाद, 27 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने घोषणा की है कि उन्नत प्रौद्योगिकी केंद्रों (एटीसी) में प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले छात्रों को हर महीने 2,000 रुपये की छात्रवृत्ति दी जाएगी।

इसके लिए, मुख्यमंत्री ने सूचना प्रौद्योगिकी एवं उद्योग मंत्री डी. श्रीधर बाबू को सुझाव दिया कि वे वित्त मंत्री भट्टी विक्रमार्क को विशेष धनराशि के लिए राजी करें और एटीसी छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान करें। शनिवार को मल्लेपल्ली में एटीसी (उन्नत आईटीआई संस्थान) का उद्घाटन करते हुए, रेवंत रेड्डी ने आगे कहा कि एटीसी में प्रशिक्षित छात्रों को टीजीएसआरटीसी में प्रशिक्षुता का अवसर भी प्रदान किया जाएगा। परिवहन मंत्री पोन्नम प्रभाकर को आरटीसी में छात्रों को प्रशिक्षुता सुविधा प्रदान करनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने आईटीआई की उपेक्षा के लिए पिछली बीआरएस सरकार की आलोचना की।

उन्होंने आरोप लगाया कि पिछली सरकार में छात्रों को तकनीकी प्रशिक्षण नहीं दिया गया और पाठ्यक्रमों का उन्नयन न होने के कारण आईटीआई कमजोर हो गए। एक भाई के रूप में, छात्रों के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण की योजनाओं की कल्पना करते हुए, रेवंत रेड्डी ने कहा कि विदेशों में तकनीकी प्रशिक्षण प्राप्त करने वालों को रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए एक विशेष विभाग भी स्थापित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने जोर देकर कहा कि तेलंगाना के छात्र जल्द ही तकनीक के विकास में जापान और जर्मनी के साथ प्रतिस्पर्धा करें। उन्होंने कहा कि जापान हमारे युवाओं को जापानी भाषा सिखाने और विकसित देशों में रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए तैयार है। मुख्यमंत्री ने कहा, युवाओं को तेलंगाना के पुनर्निर्माण में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए और 2047 तक राज्य को 3 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने में भी योगदान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने ही 1956 में तत्कालीन संयुक्त आंध्र प्रदेश में आईटीआई की स्थापना की थी। आज, आईटीआई को एटीसी के रूप में उन्नत किया गया है। रेवंत रेड्डी ने कहा कि एक ही दिन में 65 एटीसी का उद्घाटन छात्रों को उन्नत तकनीकी शिक्षा प्रदान करने के प्रति राज्य सरकार की ईमानदारी का प्रमाण है। उन्होंने बताया, हमने राज्य में 65 एटीसी का निर्माण पूरा कर लिया है और 51 और एटीसी स्वीकृत किए हैं। हम इसी वर्ष 51 एटीसी का निर्माण पूरा कर लेंगे। मुख्यमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि कौशल, प्रमाण पत्र प्राप्त करने से ज्यादा महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा, हमारी सरकार कौशल विकास प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए प्रतिभाशाली छात्रों की तलाश कर रही है। यंग इंडिया स्किल्स यूनिवर्सिटी भी युवाओं में कौशल विकास का एक हिस्सा है। यह दोहराते हुए कि केवल शिक्षा ही सबका भाग्य बदल सकती है, रेवंत रेड्डी ने छात्रों से एटीसी में उपलब्ध अवसरों का लाभ उठाने, कौशल उन्नयन करने और रोजगार के अवसर प्राप्त करने की अपील की। मुख्यमंत्री ने युवाओं से नशाखोरी छोड़ने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि बुद्धिमत्ता ही हमें जीवन में कई ऊंचाइयों तक पहुंचाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार छात्रों के भविष्य की मजबूत नींव रखने के लिए प्रतिबद्ध है।

### शिक्षा ही है विकास का साधन : सीएम

**सरकारी कार्यालयों और कब्रिस्तानों के लिए भी जमीन की कमी**

हैदराबाद, 27 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने शनिवार को स्पष्ट किया कि राज्य सरकार के पास गरीबों को जमीन वितरण के लिए कोई भूखंड उपलब्ध नहीं है। उन्होंने कहा कि वर्तमान हालात में सरकारी कार्यालयों और कब्रिस्तानों के लिए भी जमीन की कमी है। उन्नत प्रौद्योगिकी केंद्र (एटीसी) के उद्घाटन अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि गरीब वर्ग के युवाओं के जीवन में बदलाव लाने का एकमात्र साधन शिक्षा है। उन्होंने उद्योग मंत्री डी. श्रीधर बाबू से आग्रह किया कि वे वित्त मंत्री मल्लू भट्टी विक्रमार्क पर अगले शैक्षणिक वर्ष से एटीसी में दाखिला लेने वाले युवाओं के लिए 2,000 रुपये मासिक वजीफा स्वीकृत कराने का दबाव डालें। साथ ही उन्होंने परिवहन मंत्री पोन्नम प्रभाकर से एटीसी छात्रों को टीजीआरटीसी में प्रशिक्षुता उपलब्ध कराने का अनुरोध किया।

उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने आईटीआई को एटीसी में अपग्रेड करने के लिए टाटा टेक्नोलॉजीज़ के साथ समझौता किया है। इस परियोजना में टाटा 2,100 करोड़ रुपये और राज्य सरकार 300 करोड़ रुपये खर्च कर रही है। अब तक 65 एटीसी विकसित किए जा चुके हैं और 51 और को मंजूरी दी गई है, जो अगले शैक्षणिक वर्ष से शुरू होंगे। रेवंत रेड्डी ने कहा कि विदेशों में कुशल युवाओं के लिए अपार अवसर मौजूद हैं। उन्होंने बताया कि अमेरिका के साथ-साथ जापान, जर्मनी और कोरिया में भी प्रशिक्षित युवाओं की भारी मांग है। मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया कि युवाओं को जापानी भाषा का प्रशिक्षण देने, पासपोर्ट बनवाने और वीजा दिलाने के लिए सरकार एक विशेष विंग स्थापित करेगी।

### तेलंगाना को विश्व की कौशल राजधानी बनाने की योजना : आईटी मंत्री

हैदराबाद, 27 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। आईटी और उद्योग मंत्री दुदिल्ला श्रीधर बाबू ने घोषणा की कि राज्य सरकार का लक्ष्य तेलंगाना को विश्व की कौशल राजधानी बनाना है। शनिवार को मल्लेपल्ली आईटीआई परिसर में उन्नत प्रौद्योगिकी केंद्र (एटीसी) के उद्घाटन समारोह के दौरान, मंत्री ने जोर देकर कहा कि सरकार कौशल विकास के क्षेत्र में उद्योग और शिक्षा जगत के बीच की खाई को पाटने के लिए प्रतिबद्ध है। श्रीधर बाबू ने कहा, तेलंगाना के युवाओं में अद्भुत प्रतिभा है, जो हमारा सबसे बड़ा संसाधन है। हमारी सरकार उन्हें आवश्यक कौशल से लैस करने, वर्तमान कौशल के लिए प्रशिक्षण प्रदान करने और उद्योग की मांगों के अनुरूप उनकी क्षमताओं को बढ़ाने के लिए समर्पित है। इसके अतिरिक्त, हम इन प्राथमिकताओं को शामिल करने के लिए शैक्षणिक कार्यक्रमों में संशोधन कर रहे हैं। उन्होंने तेलंगाना की कुशल युवा आबादी को सार्थक रोजगार के अवसर सुनिश्चित करने की सरकार की जिम्मेदारी पर भी प्रकाश डाला और कहा कि "उभरते तेलंगाना 2047" के विजन को प्राप्त करने में युवाओं की सक्रिय भागीदारी महत्वपूर्ण होगी। उन्होंने कहा, चुनाव से पहले युवाओं से किए गए हर वादे को पूरी ईमानदारी से पूरा किया जाएगा। पिछली सरकार ने युवाओं की आकांक्षाओं की उपेक्षा की, लेकिन यह सरकार व्यवस्थित रूप से उन गलतियों को एक-एक करके सुधार रही है।

### साइबर जालसाजों ने निजी कंपनी के प्रबंधक से की 25 लाख रुपये की ठगी

हैदराबाद, 27 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। साइबर अपराधियों ने खुद को कंपनी का प्रबंध निदेशक बताकर एक निजी कंपनी के मैनेजर (लेखा) से 25 लाख रुपये की ठगी कर ली। पुलिस के अनुसार, मैनेजर को अपने फोन पर एक नए नंबर से संदेश मिला, जिसमें भेजने वाले ने खुद को कंपनी का प्रबंध निदेशक बताते हुए, जो विदेश दौरे पर हैं, कंपनी के खाते में जमा राशि का विवरण साझा करने को कहा। मैनेजर ने संदेश को असली समझकर धनराशि का विवरण साझा कर दिया।


साइबर क्राइम पुलिस ने बताया कि ठगों ने तुरंत 25 लाख रुपये एक बैंक खाते में ट्रांसफर करने को कहा। मैनेजर ने राशि ट्रांसफर कर दी, इसके बाद जालसाजों ने 40 लाख रुपये और मांगे। शक होने पर मैनेजर ने कंपनी के एमडी से संपर्क किया, जिन्होंने ऐसा कोई संदेश भेजने से इनकार किया। पीड़ित के शिकायत करने के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच जारी है।

# आईटी मंत्री ने की हैदराबाद मैट्रो में यात्रा



हैदराबाद, 27 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। आईटी एवं उद्योग मंत्री श्रीधर बाबू ने शनिवार को हैदराबाद मेट्रो में एक आश्चर्यजनक यात्रा की और शहर के यात्रियों के दृष्टिकोण को व्यक्तिगत रूप से अनुभव किया। एक नियमित यात्री की तरह, उन्होंने टिकट खरीदा और पूर्व में नागोल से पश्चिम में आईटी कॉरिडोर में रायदुर्ग तक यात्रा की। यात्रा के दौरान, उन्होंने यात्रियों से मेट्रो सेवाओं, सुविधाओं, स्टेशन सुरक्षा, यातायात चुनौतियों और समग्र सार्वजनिक परिवहन अनुभवों पर बातचीत की। उन्होंने यात्रियों को आश्वस्त किया कि सरकार जनता को तेज, सुरक्षित और अधिक कुशल परिवहन सुविधाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। मंत्री ने शहरी सार्वजनिक परिवहन को मजबूत करने के लिए सरकार की पहलों के बारे में बताया, जिसमें मेट्रो चरण-2 विस्तार, क्षेत्रीय रिंग रोड (आरआरआर) और आगामी भविष्य की गतिशीलता योजनाएं शामिल हैं। उन्होंने यात्रियों के सुझावों और प्रतिक्रियाओं का भी स्वागत किया। इस बात पर जोर देते हुए कि यह जनता की सरकार है, उन्होंने कहा कि जिस तरह यह प्रशंसा स्वीकार करती है, उसी तरह आलोचना के लिए भी उतनी ही खुली है। उन्होंने नागरिकों से सरकार के प्रयासों का समर्थन करने और भावी पीढ़ियों के लिए एक प्रगतिशील तेलंगाना के निर्माण में सक्रिय रूप से भाग लेने का आग्रह किया।

# बीआरएस ने कांग्रेस के खिलाफ शुरू किया 'बकाया कार्ड' अभियान




हैदराबाद, 27 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। आगामी स्थानीय निकाय चुनावों से पहले कांग्रेस सरकार को घेरने के लिए भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) ने शनिवार को राज्यव्यापी अभियान की शुरूआत की। बीआरएस कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामाराव ने 'कांग्रेस बकाया कार्ड' जारी किया, जिसमें समाज के विभिन्न वर्गों के लिए कांग्रेस सरकार द्वारा किए गए अधूरे वादों और लंबित कल्याणकारी लाभों का ब्यौरा दिया गया है।

रामाराव ने आरोप लगाया कि 2023 के विधानसभा चुनावों के दौरान कांग्रेस ने महिलाओं को 2,500 रुपये प्रति माह देने का वादा किया था, लेकिन अब प्रत्येक महिला पर 55,000 रुपये का बकाया है। इसी तरह वृद्धावस्था पेंशन, विकलांग पेंशन, एक तोला सोना देने का वादा और किसानों व युवाओं के लिए सहायता योजनाएं भी अधूरी रह गई हैं।

उन्होंने कहा कि कल्याण लक्ष्मी और शादी मुबारक योजनाओं के तहत 22 महीनों में आठ लाख से ज्यादा नवविवाहित जोड़ों को वादा किया गया सोना नहीं मिला, जबकि किसानों को 15,000 रुपये प्रति एकड़ और धान पर 500 रुपये प्रति क्विंटल बोनस देने की घोषणाएं भी पूरी नहीं हुईं। बेरोजगार युवाओं को 4,000 रुपये मासिक भत्ता और 2 लाख नौकरियां देने का वादा भी अधूरा है।

अभियान की शुरूआत के मौके पर पूर्व मंत्रियों की मौजूदगी में पोस्टर का अनावरण किया गया। रामाराव ने कहा कि कांग्रेस ने हर वर्ग से धोखा किया है और यह कार्ड उनके वादाखिलाफ़ी का सबूत बनेगा। उन्होंने लोगों से आगामी स्थानीय निकाय चुनावों और जुबली हिल्स उपचुनाव में कांग्रेस को सबक सिखाने की अपील की। उन्होंने कहा, कांग्रेस के वादे अब लोगों के हथियार बन गए हैं। हम हर घर तक जाकर यह संदेश पहुंचाएंगे। अगर मतदाताओं ने एक बार फिर कांग्रेस पर भरोसा किया, तो रैतु बंधु जैसी योजनाएं भी बंद हो जाएंगी।

# 'एक शाम माँ भगवती के नाम' जागरण सम्पन्न



हैदराबाद, 27 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। घटकेसर कोरेमुला स्थित श्री आईमाताजी मंदिर (बडेर) के तत्वावधान में 'एक शाम माँ भगवती के नाम' विशाल जागरण का आयोजन किया गया।

जारी प्रेस विज्ञप्ति में संरक्षक प्रभुराम परिहारिया, अध्यक्ष कालुराम काग, सचिव डायाराम लचेटा ने बताया कि डांडिया नृत्य व जागरण आयोजित किया गया। बडेर प्रांगण में माँ भगवती का विशाल पंडाल सजाकर पूजा अर्चना व ज्योत प्रज्वलित कर जागरण का आयोजन किया गया। गणेश वंदना के साथ भजन गायिका सीता माली एण्ड पार्टी बालोतरा जोधपुर राजस्थान, भजन गायक जीतू प्रजापत ने राजस्थानी लोक भजनों की प्रस्तुतियां दी।

कार्यक्रम में पधारे गणमान्य पदाधिकारियों अखिल भारतीय सीरवी महासभा तेलंगाना प्रदेश सचिव सोहनलाल हाम्बड़, सीरवी समाज पारसीगुटा बडेर अध्यक्ष मोहनलाल हाम्बड़, श्री आईजी गौशाला अध्यक्ष मंगलाराम पंवार, सचिव हुकमाराम सानपुरा, सह सचिव ढगलाराम सेपटा, कोषाध्यक्ष नारायणलाल परिहार, सहलाकर भंवरलाल मुलेवा, श्री आईजी सेवा संघ चिरियाल अध्यक्ष भगाराम मुलेवा, सीरवी समाज मल्लापुर बडेर पूर्व अध्यक्ष बाबूलाल मुलेवा अतिथियों का समाज बन्धु के पदाधिकारियों ने शॉल, दुपट्टा से विशेष सम्मान किया। महा प्रसादी की व्यवस्था कार्यक्रम स्थल पर की गयी। संरक्षक प्रभुराम परिहारिया, अध्यक्ष कालुराम काग ने समाज बन्धु को नवरात्रि की शुभकामनाएं देते हुए कार्यक्रम में संरक्षक प्रभुराम परिहारिया, अध्यक्ष कालुराम काग, उपाध्यक्ष 1 वगताराम पंवार, उपाध्यक्ष 2 राजाराम पंवार, सचिव डायाराम लचेटा, सह सचिव राजाराम गेहलोत, कोषाध्यक्ष पोकरराम पंवार, सीरवी समाज मल्लापुर बडेर अध्यक्ष तुलसाराम सिन्दडॉ, समस्त कार्यकारिणी सदस्य, नवयुवक मंडल के कार्यकर्ताओं का विशेष सहयोग रहा। मंच का संचालन सचिव डायाराम लचेटा ने किया। अध्यक्ष कालुराम काग व सचिव डायाराम लचेटा के धन्यवाद ज्ञापन से कार्यक्रम का समापन हुआ।

### कोंडा लक्ष्मण बापूजी की जयंती पर दी गई श्रद्धांजलि

हैदराबाद, 27 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। स्वतंत्रता सेनानी और तेलंगाना के गठन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले कोंडा लक्ष्मण बापूजी की जयंती के अवसर पर, सरकार के निर्देशानुसार शनिवार को पुलिस महानिदेशक कार्यालय में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक महेश एम. भागवत, अनिल कुमार, कानून एवं व्यवस्था के एआईजी रमण कुमार आदि ने बापूजी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। डीजीपी कार्यालय के कई वरिष्ठ अधिकारियों, पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने कार्यक्रम में भाग लिया और स्वतंत्रता सेनानी की सेवाओं को याद किया।

### एनईडब्ल्यू और चारमीनार पुलिस ने ड्रग तस्कर को किया गिरफ्तार

हैदराबाद, 28 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। हैदराबाद नारकोटिक प्रवर्तन विंग ने चारमीनार पुलिस के साथ मिलकर बंडलागुड़ा निवासी अली बिन हामिद (46) को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से 45 ग्राम हाइड्रोपोनिक गांजा, दो किलोग्राम सूखा गांजा और 1.03 लाख रुपये नकद जब्त किए गए।

डीसीपी (एचएनईडब्ल्यू) वाईवीएस सुधींद्र ने बताया कि हामिद ने कैप्टन उर्फ फरहान से गांजा प्राप्त कर स्थानीय ग्राहकों को ऊंची कीमतों पर बेचा। इस अवैध व्यापार की कमाई गुलज़ार हौज में माज और मोइज के जरिए कैप्टन तक पहुंचाई जाती थी। एनडीपीएस एक्ट के तहत चारमीनार पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने बताया कि तस्कर ड्रॉप विधि का उपयोग करता था, जिसमें प्रतिबंधित माल किसी अनजान स्थान पर छोड़ा जाता और प्राप्तकर्ता को जीपीएस लोकेशन साझा की जाती थी, ताकि माल आगे के परिवहन के लिए सुरक्षित रूप से पहुंचाया जा सके।

# सांस्कृतिक उत्सव और अपशिष्ट से कला प्रदर्शनी का आयोजन



विजयवाड़ा, 27 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। राष्ट्रव्यापी स्वच्छता ही सेवा- 2025 अभियान के अंतर्गत, दक्षिण मध्य रेलवे के विजयवाड़ा मंडल ने विजयवाड़ा स्थित रेलवे ऑडिटोरियम में एक जीवंत सांस्कृतिक उत्सव और अपशिष्ट से कला प्रदर्शनी का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में रचनात्मकता, प्रदर्शन और सामुदायिक भागीदारी के माध्यम से 'अपशिष्ट से कला' के संदेश पर प्रकाश डाला गया। इस कार्यक्रम में स्कूली बच्चों, भारत स्काउट्स और गाइड्स और विभिन्न रेलवे इकाइयों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, और सभी ने स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिभा और प्रतिबद्धता का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में विजयवाड़ा के मंडल रेल प्रबंधक, मोहित सोनकिया मुख्य अतिथि और अतिरिक्त मंडल रेल प्रबंधक (परिचालन) श्रीनिवास राव कोंडा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। दोनों गणमान्य व्यक्तियों ने प्रतिभागियों से बातचीत की और स्वच्छता के संदेश के प्रसार में उनके प्रयासों की सराहना की। तीन स्कूलों (पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 1, आइकॉन पब्लिक स्कूल और जैक एंड जिल इंग्लिश मीडियम स्कूल) के कुल 120 छात्रों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। उनके साथ, भारत स्काउट्स एंड गाइड्स के 50 सदस्यों, जिनमें शावक और बुलबुल भी शामिल थे, ने अपनी सक्रिय भागीदारी से कार्यक्रम में रंग और उत्साह भरा। कार्यक्रम के सांस्कृतिक खंड में आइकॉन पब्लिक स्कूल द्वारा एक ऊर्जावान नृत्य प्रस्तुति दी गई, जिसके बाद भारत स्काउट्स एंड गाइड्स ने स्वच्छता पर एक नृत्य और पर्यावरण को स्वच्छ रखने और अच्छी आदतों के माध्यम से ग्रह को बचाने पर एक प्रभावशाली नाटक का मंचन किया। इन प्रदर्शनों ने स्वच्छ और हरित भारत सुनिश्चित करने में जिम्मेदारी और सामूहिक कार्रवाई का एक सशक्त संदेश दिया। 'कचरे से कला' प्रदर्शनी को छात्रों द्वारा बेकार पड़ी सामग्रियों से निर्मित नवीन कृतियों के प्रदर्शन के लिए खूब सराहना मिली। उनकी रचनात्मकता ने कचरे को प्रेरणादायक कलात्मक अभिव्यक्तियों में बदल दिया, जो स्थायित्व के दर्शन को दर्शाती हैं। केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 1 ने प्रथम पुरस्कार जीता, जबकि आइकॉन पब्लिक स्कूल ने प्रतियोगिता में द्वितीय और तृतीय दोनों पुरस्कार प्राप्त किए। इस भव्यता को और बढ़ाते हुए, विजयवाड़ा स्थित डीजल लोको शेड (डीएलएस) ने पूरी तरह से कबाड़ सामग्री से बने विशाल मॉडलों का एक शानदार संग्रह प्रदर्शित किया, जिसमें वंदे भारत ट्रेन का मॉडल, एक आदमकद घोड़ा, प्रतिष्ठित गोदावरी रेलवे ब्रिज और कृष्णा ब्रिज शामिल हैं। इसी प्रकार, काकीनाडा कैरिज एंड वैगन वर्कशॉप डिपो ने चरखा, मोर, बिल्ली जैसी जटिल कलाकृतियों और रेलवे के कबाड़ से बने अन्य रचनात्मक मॉडलों का प्रदर्शन किया, जिन्हें उनके नवाचार और शिल्प कौशल के लिए आगंतुकों से व्यापक प्रशंसा मिली। इस अवसर पर बोलते हुए, विजयवाड़ा के डीआरएम, मोहित सोनकिया ने स्कूली बच्चों की उत्साही भागीदारी और पर्यावरणीय मुद्दों के प्रति उनकी जागरूकता की सराहना की। उन्होंने कहा, इस प्रदर्शनी में युवा छात्रों की भागीदारी पर्यावरणीय जिम्मेदारी के प्रति उनकी जागरूकता और प्रतिबद्धता को दर्शाती है। उनके प्रयास हमें यह विश्वास दिलाने के लिए प्रेरित करते हैं कि अगली पीढ़ी स्थिरता और स्वच्छता के संदेश को और भी अधिक मजबूती से आगे बढ़ाएगी। विजयवाड़ा के अपर महाप्रबंधक (संचालन) श्रीनिवास राव कोंडा ने स्वच्छता अभियानों में निरंतर जनभागीदारी के महत्व पर बल दिया। उन्होंने कहा, स्वच्छता केवल अभियान अवधि तक ही सीमित नहीं रहनी चाहिए। यह सभी नागरिकों की दैनिक आदत बननी चाहिए। तभी हम अपने परिवेश को वास्तव में स्वच्छ, हरित और सुंदर स्थानों में बदल सकते हैं। कार्यक्रम का समापन सभी से 'कम करें, पुनः उपयोग करें और पुनर्चक्रण करें' के सिद्धांतों को बनाए रखने और मंडल तथा राष्ट्र को स्वच्छ और सतत बनाने में सक्रिय योगदान देने के आह्वान के साथ हुआ।

# पीआरएसआई देहरादून में राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन करेगी






हैदराबाद, 27 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। भारतीय जनसंपर्क सोसाइटी (पीआरएसआई) 13 से 15 दिसंबर, 2025 तक देहरादून में "सशक्त विकास- मूल्यों का संरक्षण- जनसंपर्क विजन 2047" विषय पर 47वें राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन करेगी। भारतीय जनसंपर्क सोसाइटी (पीआरएसआई) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजित पाठक और पीआरएसआई हैदराबाद चैप्टर के अध्यक्ष यादगिरि कंभमपति ने घोषणा की कि यह सम्मेलन संस्कृति, नैतिकता, कौशल विकास, मीडिया, जनसंचार और आत्मनिर्भर भारत के महत्वपूर्ण राष्ट्रीय दृष्टिकोण सहित महत्वपूर्ण विषयों पर संवाद के लिए एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में कार्य करेगा।

यह आयोजन देश भर के जनसंपर्क और संचार पेशेवरों को एक साथ लाएगा। इसका मुख्य उद्देश्य उपस्थित लोगों को सीखने, ज्ञान साझा करने और अपने संगठनों में उनकी उत्पादकता और अपने निजी जीवन में उनके द्वारा अपनाए गए मूल्यों को बढ़ाने का एक उच्च-मूल्यवान अवसर प्रदान करना है। यह सम्मेलन इस क्षेत्र में कंपनियों और व्यक्तियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कार भी प्रदान करेगा।

# एफटीसीसीआई ने हैदराबाद पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए दो प्रतियोगिताओं की घोषणा की

## फोटो और रील प्रतियोगिताओं के माध्यम से शहर की सुंदरता और सप्ताहांत गेटवेज उजागर

हैदराबाद, 27 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। फेडरेशन ऑफ तेलंगाना चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (एफटीसीसीआई) की पर्यटन समिति ने हैदराबाद और तेलंगाना के पर्यटन को बढ़ावा देने और उसका जश्न मनाने के लिए दो नई पहलों की घोषणा की। इन पहलों में 'एफटीसीसीआई टूरिज्म हैदराबाद जंक्शन ज्वेल्स: ट्रैफिक जंक्शन आकर्षणों पर फोटो प्रतियोगिता' और 'एफटीसीसीआई टूरिज्म वीकेंड गेटवेज ऑफ हैदराबाद: रील कॉन्टेस्ट' शामिल हैं। इन प्रतियोगिताओं का उद्देश्य हैदराबाद के शहरी प्रतीकों, रोजमर्रा की सुंदरता और शहर के आसपास लगभग 150 किलोमीटर के दायरे में जीवंत सप्ताहांत गेटवेज को उजागर करना है।

विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में इन पहलों का शुभारंभ किया गया और प्रतिभागियों को तेलंगाना पर्यटन के प्रति गर्व, सम्मान और जिम्मेदारी बढ़ाने के लिए नागरिक प्रतिज्ञा अभियान में भी भाग लेने का अवसर मिला। कार्यक्रम में के.के. माहेश्वरी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, एफटीसीसीआई, श्रीनिवास गरिमेला, उपाध्यक्ष, एफटीसीसीआई, प्रकाश अम्मानबोलू और डी. रामचंद्रम, पर्यटन समिति के अध्यक्ष, संगीता, सह-अध्यक्ष, एफटीसीसीआई, विशाला अधिकारी, एफटीसीसीआई और डॉ. मणि पवित्रा, संस्थापक, क्रिएटरवर्स स्टूडियो उपस्थित थे। ये प्रतियोगिताएं सभी आयु वर्ग के लिए खुली हैं, इनमें कोई प्रवेश शुल्क नहीं है और असीमित प्रविष्टियां स्वीकार की जा सकती हैं। प्रविष्टियां जमा करने की अंतिम तिथि 15 नवंबर है और विजेताओं को 22 नवंबर को आयोजित समारोह में नकद पुरस्कार दिए जाएंगे।

# लद्दाख का नक्शा बदलने वाले नेपोलियन जोरावर सिंह कहलुरिया

## आज भी क्यों किया जाता है याद

लद्दाख को पूर्ण राज्य का दर्जा दिलाने की मांग पर भड़की हिंसा में चार लोगों की मौत हो गई है। सरकार ने हालात को काबू करने के लिए राज्य में कई तरह के प्रतिबंध लगाए हैं। शुक्रवार को एक्टिविस्ट और इस आंदोलन के प्रमुख चेहरे सोनम वांगचुक को भी गिरफ्तार कर लिया गया है।

केंद्र सरकार ने 2019 में जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाकर लद्दाख को केंद्र शासित प्रदेश घोषित कर दिया था। उस वक्त से लेकर अब तक वहां के नागरिक पूर्ण राज्य और सरकारी नौकरियों में स्थानीय युवाओं की प्राथमिकता को लेकर मांग कर रहे हैं। ऐसे में हम आपको बताते हैं कि लद्दाख का आखिर जम्मू-कश्मीर में विलय कैसे हुए था और इस विजय का नायक 'भारत का नेपोलियन' कौन था...

1834 तक लद्दाख में बौद्धों का शासन हुआ करता था लेकिन भारत के वीर सपूत जनरल जोरावर सिंह कहलुरिया के कारण जम्मू-कश्मीर के अधीन आ गया। जोरावर सिंह कहलुरिया (1784–1841) एक महान डोगरा सेनापति थे, जिन्होंने जम्मू और कश्मीर के महाराजा गुलाब सिंह के अधीन लद्दाख, बाल्टिस्तान और तिब्बत में अभूतपूर्व सैन्य अभियानों का नेतृत्व किया। उन्हें भारत का नेपोलियन भी कहा जाता है। क्योंकि उन्हें भारतीय सीमाओं का हिमालयी क्षेत्रों में खूब विस्तार किया था।

हिमालय के इस वीर सपूत का जन्म 1784 को हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा में हुआ था। वह राजपूत परिवार से आते थे। युवाकाल में ही वह अपने परिवार के साथ जम्मू में बस गए। इसके बाद उन्होंने राजा गुलाब सिंह की सेना में सेवा शुरू कर दी।

### डोगरा रियासत में दूसरे सबसे शक्तिशाली शख्स

जोरावर की असाधारण शौर्य क्षमता और दक्षता की वजह से गुलाब सिंह की नजर उन पर पड़ी। जल्द ही जोरावर गुलाब सिंह के खास लोगों की लिस्ट में शामिल हो गए। कुछ समय बाद जोरावर सिंह को भीमगढ़ किले की जिम्मेदारी सौंप दी गई। इसके बाद साल



1819 में महाराजा रणजीत सिंह ने कश्मीर का एक बड़ा हिस्सा गुलाब को सौंप दिया। गुलाब ने राज्य के कुशल संचालन और रक्षा के लिए जोरावर सिंह को किश्तवाड़ समेत कई जागीरों का गवर्नर बना दिया। वह डोगरा रियासत में राजा के बाद सबसे शक्तिशाली लोगों में शुमार हो गए। सैन्य क्षमता अच्छी होने के बाद जोरावर ने सीमा विस्तार पर ध्यान दिया। इसी बीच लद्दाख के स्थानीय गवर्नर ने वहां के राजा के बगावत कर गुलाब सिंह से मदद मांगी। राजा गुलाब सिंह ने जोरावर सिंह के नेतृत्व में पांच हजार फौजियों को करगिल के रास्ते लद्दाख के लिए रवाना कर दिया।

जोरावर सिंह ने 1834 में लद्दाख पर आक्रमण कर दिया, जिस पर उस समय बौद्धों का शासन था। भीषण संघर्ष के बाद जोरावर सिंह ने लद्दाख को डोगरा राज्य में शामिल करा दिया। कहा जाता है कि यह लड़ाई भौगोलिक स्थिति के कारण काफी कठिन थी, युद्ध के समय वहां का तापमान माइनस 40 डिग्री था और पहाड़ बर्फ से ढके हुए थे। लेकिन जोरावर सिंह ने कुशल नेतृत्व के बदौलत अभियान में जीत हासिल कर ली। हालांकि जोरावर के वापस आने पर लद्दाख में फिर विद्रोह शुरू हो गया, कुछ किलों पर वापस कब्जा हो गया। लेकिन दूसरी बार फिर जोरावर ने विजय प्राप्त कर लद्दाख को जम्मू में पूर्ण विलय करा दिया।

18 वीं सदीं में लद्दाख की भौगोलिक स्थिति पर ध्यान दें तो वह उस समय काफी अहम हुआ करता था। क्योंकि तिब्बत से अफगानिस्तान तक जाने वाला ट्रेड रूट लद्दाख से होकर जाता था। यहां पर मिलने वाली ऊन दुनिया में काफी महंगी होती थी। लद्दाख से जोरावर सिंह कहलुरिया की विजय गाथा शुरू हुई। उसके बाद उन्होंने बाल्टिस्तान और इस्कार्डू पर हमला कर जीत हासिल कर ली, जिससे उसके राज्य की सीमा का खूब विस्तार हुआ।

### तिब्बत पर आक्रमण और वीरगति...

1841 में जोरावर सिंह कहलुरिया अपने जीवन का अंतिम युद्ध लड़ रहे थे। तमाम विजय अभियानों के बाद उन्होंने तिब्बत पर आक्रमण कर दिया। दुश्मनों की सेना उन पर युद्ध में भारी पड़ रही थी लेकिन वह युद्धक्षेत्र से पीछे नहीं हटे। 12 दिसंबर को उनके कंधे में एक गोली आकर लगी, जिससे उनकी ताकत कुछ कम हुई लेकिन जज्बे को नहीं रोक सकी। उन्होंने युद्ध जारी रखा। तिब्बती सेना के एक सैन्य कमांडर ने उन पर भाले से वार कर दिया और वह वीरगति को प्राप्त हो गए।

### भारतीय सेना मानती है आदर्श

जोरावर सिंह की वीरता और रणनीतिक कौशल को देखते हुए, भारतीय सेना उन्हें अपना आदर्श मानती है। जिसमें उनकी शौर्य गाथाओं को याद किया जाता है। उनकी वीरता का सम्मान करते हुए, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी जम्मू-कश्मीर की अपनी यात्रा के दौरान उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की थी।

## सोनम वांगचुक को इसलिए जोधपुर जेल भेजा गया



लद्दाख प्रशासन ने साफ किया है कि लेह हिंसा के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत गिरफ्तार सोनम वांगचुक को राजस्थान के जोधपुर सेंट्रल जेल क्यों भेजा गया है। दरअसल, लद्दाख प्रशासन का कहना है कि वह लगातार भड़काऊ गतिविधियों में शामिल थे और पब्लिक ऑर्डर के लिए उन्हें लेह जिले से बाहर करना जरूरी था।

लद्दाख में राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) के तहत गिरफ्तार किए गए क्लाइमेट एक्टिविस्ट सोनम वांगचुक को राजस्थान के जोधपुर सेंट्रल जेल भेजा गया है। उनकी गिरफ्तारी लेह में हुए उस हिंसात्मक प्रदर्शनों के बाद हुई, जिसमें चार प्रदर्शनकारियों की मौत हो गई और अनेकों जख्मी हो गए। ये प्रदर्शनकारी केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख को राज्य का दर्जा देने और उसे संविधान की छठी अनुसूची में शामिल करने की मांग कर रहे थे। लद्दाख प्रशासन ने लेह हिंसा के लिए वांगचुक को ही जिम्मेदार ठहराया है।

लद्दाख प्रशासन ने उन हालातों को विस्तार से बताया है कि किन परिस्थितियों में वांगचुक को जोधपुर भेजना पड़ा। लद्दाख प्रशासन की ओर से जारी प्रेस रिलीज में कहा गया है, 'लद्दाख के शांतिप्रिय लेह शहर में सामान्य स्थिति बहाल करना जरूरी है। ये सुनिश्चित करने के लिए यह भी आवश्यक है कि सार्वजनिक व्यवस्था बनाए रखने के लिए सोनम वांगचुक को आगे भी हानिकारक कार्य करने से रोका जाए। उनके भड़काऊ भाषणों और वीडियो को देखते हुए, व्यापक जनहित में उन्हें लेह जिले में रखना उचित नहीं था।' आदेश में कहा गया है कि इन तथ्यों को देखते हुए और खास सूचनाओं के आधार पर उन्हें जोधपुर जेल भेजने का फैसला लिया गया है। दरअसल, 24 सितंबर को लेह में लद्दाख को राज्य का दर्जा और इसे छठी अनुसूची में शामिल करने की मांग वाला प्रदर्शन हिंसक हो गया था। इस दौरान दंगे पर उतारू प्रदर्नकारियों ने बीजेपी दफ्तर समेत सुरक्षा बलों के वाहन को भी आग के हवाले कर दिया। इस मांग को लेकर वांगचुक पहले ही भूख हड़ताल पर बैठे हुए थे। हिंसा भड़कते ही उन्होंने आनन-फानन में भूख हड़ताल खत्म कर दी। हिंसा के दो दिन बाद वांगचुक को इसके लिए जिम्मेदार मानते हुए उनपर एनएसए लगा दिया गया और हिरासत में ले लिया। वांगचुक पर लेह में 'हिंसा भड़काने' का आरोप है। उनके कई वीडियो वायरल हैं, जिसमें वह भड़काऊ बयान देते नजर आ रहे हैं। लद्दाख प्रशासन का कहना है कि 'बार-बार ऐसा देखा गया है कि वांगचुक राष्ट्र की सुरक्षा के लिए हानिकारक गतिविधियों में शामिल रहे हैं और शांति के साथ-साथ सार्वजनिक व्यवस्था बनाए रखने और समुदाय की आवश्यक सेवाओं के लिए नुकसानदेह रहे हैं।'वांगचुक पर आरोप है कि उन्होंने अपने भड़काऊ भाषणों में नेपाल में हुए हिंसक प्रदर्शन और अरब स्प्रिंग का जिक्र किया। प्रशासन का कहना है, 'इस पूरे प्रकरण से बचा जा सकता था, अगर वे अपनी निजी और राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं से ऊपर होकर उसी एजेंडे पर सरकार के साथ बातचीत फिर से शुरू होने पर भूख हड़ताल खत्म कर देते।'

## महानगर के किस्से

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'**

हमारे महानगर में विकास की रफ्तार ऐसी है कि सड़कें अब गड्ढों की सहायक बन गई हैं। पहले सड़क पर गड्ढा होता था, अब गड्ढे में सड़क ढूंढनी पड़ती है। नगर निगम के अधिकारी इतने कर्मठ हैं कि गड्ढों की गिनती में पीएचडी कर चुके हैं। हर सुबह वे गड्ढों को नमस्कार करते हैं और शाम को उनकी पूजा। जब कोई नागरिक शिकायत करता है कि साहब, सड़क नहीं है, तो अफसर मुस्कुरा कर कहते हैं—अरे भाई, यही तो हमारी सांस्कृतिक धरोहर है। विदेशी लोग ताजमहल देखने आते हैं, लेकिन हम उन्हें गड्ढामहल दिखाते हैं। एक बार एक जापानी पर्यटक ने पूछा— ये सड़क है या युद्ध का मैदान? तो अफसर ने गर्व से कहा—युद्ध नहीं, ये विकास की खाइयाँ हैं। गड्ढों में पानी भर जाए तो बच्चे नाव चलाते हैं, और सूखा हो तो बुज़ुर्ग ध्यान करते हैं। नगर निगम ने घोषणा की है कि अगली बार गड्ढों पर फूल लगाए जाएँगे ताकि जनता को लगे कि वे बगीचे में चल रहे हैं। विकास का ऐसा मॉडल है कि सड़कें नहीं बनतीं, सिर्फ़ उद्घाटन होते हैं। और उद्घाटन भी ऐसे कि नेता रिबन काटते हैं, जनता टायर। नगर पालिका का सफाई अभियान इतना पारदर्शी है कि उसमें सिर्फ़ वादे साफ़ होते हैं, गलियाँ नहीं। नेता जी हर साल झाड़ू घुमाते हैं, लेकिन ज़मीन से दो इंच ऊपर। जनता पूछती है—कचरा क्यों नहीं उठा? तो जवाब मिलता है— कचरा उठाने का काम आपकी नाक का है, हमारी सरकार तो सिर्फ़ झाड़ू की ब्रांडिंग करती है। सफाईकर्मी इतने समर्पित हैं कि वे कचरे को देखकर भावुक हो जाते हैं और उसे छोड़ने का मन नहीं करता। मोहल्ले में कूड़े का ऐसा सामूहिक जीवन है कि वह अब वोट मांगने लगा है। नेता जी कहते हैं— हमने कचरे को रोजगार दिया है, अब वह हर गली में स्थायी रूप से नियुक्त है। स्वच्छता का ऐसा अभियान है कि पोस्टर चमकते हैं, लेकिन नालियाँ बहती हैं। एक बार एक बच्चा स्कूल से लौटते हुए पूछ बैठा—माँ, ये गंदगी क्यों है? माँ बोली— बेटा, ये गंदगी नहीं, ये विकास की गंध है। और जब जनता विरोध करती है, तो नेता जी प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहते हैं—हमने सफाई का बजट बढ़ाया है, अब झाड़ू सोने की होगी। बस, काम वही रहेगा—हवा में घुमाना। हमारे महानगर की राजनीति इतनी पवित्र है कि उसमें हर नेता ईमानदार है—बस सबकी ईमानदारी का रंग अलग है। कोई लाल ईमानदारी में डूबा है, कोई हरे में नहाया है, और कोई भगवा में तप रहा है।

## तौकीर रजा है आदतन 'अपराधी' प्रवृत्ति का मौलाना



**संजय सक्सेना**

उत्तर प्रदेश के जिला बरेली में शुक्रवार 26 सितंबर को हुए बवाल ने पूरे जिले का माहौल गर्मा दिया है। पुलिस की कड़ी कार्रवाई और प्रशासन की सतर्कता के बावजूद अचानक हुए तनाव ने हालात को बिगाड़ दिया। आज शनिवार को पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए मौलाना तौकीर रजा खां समेत आठ लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस का कहना है कि बवाल की साजिश लंबे समय से रची जा रही थी और विभिन्न थानों में कुल छह मुकदमे दर्ज किए गए हैं। इनमें से एक मुकदमे में तौकीर रजा मुख्य आरोपी बनाए गए हैं। यह घटना उस समय सामने आई जब शुक्रवार को शहर में धार्मिक भावना भड़काने की कोशिश की गई और माहौल को हिंसक बनाने का प्रयास हुआ। स्थिति को नियंत्रण में लेना प्रशासनिक तंत्र के लिए बड़ी चुनौती बन गया, जिसके बाद पूरे जिले में सतर्कता बढ़ा दी गई। जिला प्रशासन ने हालात पर काबू पाने के लिए 48 घंटे के लिए इंटरनेट बंदी का आदेश जारी किया है, ताकि सोशल मीडिया और ऑनलाइन माध्यमों के जरिए अफवाहें फैलाकर हालात को और भड़काया न जा सके।

गौरतलब हो दंगा भड़काने के आरोपी मौलाना तौकीर रजा का नाम कोई नया नहीं है। वे अक्सर अपने बयानों और गतिविधियों के कारण सुर्खियों में बने रहते हैं। उनकी छवि एक ऐसे व्यक्ति की बन चुकी है, जो धार्मिक मामलों में आग लगाने वाले तत्वों की तरह बार-बार सामने आते हैं। उनकी बदजुबानी और विवादित भाषणों का इतिहास पुराना है। कई बार उनके भड़काऊ बयानों ने पहले भी तनाव का माहौल बनाया है। यही वजह है कि पुलिस की निगाहें हमेशा उन पर रहती हैं। शुक्रवार के बवाल में भी पुलिस को पुख्ता सबूत मिले हैं कि मौलाना तौकीर न केवल इस साजिश में शामिल थे, बल्कि भीड़ को भड़काने में भी उनकी अहम भूमिका रही। यही कारण है कि उन्हें इस बार भी बवाल का जिम्मेदार ठहराकर आरोपी बनाया गया।

पुलिस सूत्रों की मानें तो इस पूरे मामले की तैयारी काफी पहले से की जा रही थी। योजनाबद्ध तरीके से युवाओं को उकसाया गया, अफवाहें फैलाई गईं और शहर के माहौल को खराब करने की कोशिश की गई। जैसे ही शुक्रवार को मौके पर भीड़ इकट्ठी हुई, स्थिति तनावपूर्ण बन गई और देखते ही देखते बवाल भड़क उठा। पुलिस बल ने हालात को काबू में करने के लिए लाठीचार्ज और आंसू गैस का इस्तेमाल किया। देर रात तक तनाव बना रहा लेकिन पुलिस और प्रशासन ने मोर्चा संभालते हुए बड़ी घटना को रोक लिया। घटनास्थल पर भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है और लगातार गश्त की जा रही है। मौलाना तौकीर रजा पर पहले भी इस तरह की घटनाओं में शामिल होने के आरोप लगते रहे हैं। उनका नाम हर उस मौके पर सामने आता है जब शहर में सांप्रदायिक तनाव होता है। कई बार उन्होंने खुले मंच से ऐसे बयान दिए हैं जिन्हें समाज में नफरत फैलाने वाला माना गया। यही नहीं, उनकी बदजुबानी इतनी मशहूर हो चुकी है कि कई बार उनका अपना राजनीतिक और सामाजिक असर भी कमजोर पड़ा। वे खुद को अल्पसंख्यक समुदाय का नेता कहकर प्रस्तुत करते हैं लेकिन उनके कदम बार-बार लोगों को विचार करने पर मजबूर कर देते हैं कि क्या वाकई वे समाज की भलाई के लिए कुछ कर रहे हैं या फिर सिर्फ अपने राजनीतिक और व्यक्तिगत फायदे के लिए माहौल बिगाड़ते हैं। शुक्रवार को हुए बवाल ने प्रशासन को और सख्ती अपनाने पर मजबूर किया। जिलेभर में पेट्रोलिंग बढ़ा दी गई है, इंटरनेट सेवा बंद होने के बाद अफवाहें रुक गईं और माहौल धीरे-धीरे सामान्य हो रहा है।



तौकीर रजा

लेकिन घटनाक्रम ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि कुछ लोग आज भी धार्मिक भावनाओं का सहारा लेकर अपनी रोटी सेंकने की कोशिश करते हैं। पुलिस का स्पष्ट कहना है कि इस बार किसी को बख्शा नहीं जाएगा। आरोपियों पर सख्त कार्रवाई होगी और मुकदमों को तेजी से अदालत में आगे बढ़ाया जाएगा। तौकीर रजा के खिलाफ हुई ताजा कार्रवाई उनके राजनीतिक भविष्य पर भी सवाल खड़े कर सकती है। उनके विरोधी उन्हें पहले से ही सांप्रदायिक एजेंडा चलाने वाला बताते आए हैं। अब जबकि पुलिस ने आधिकारिक तौर पर उन्हें आरोपी बना लिया है और गिरफ्तार भी किया है, तो उनके समर्थकों का मनोबल निश्चित रूप से गिर सकता है। दूसरी ओर, उनके विरोधियों को एक और हथियार मिल गया है जिससे वे उनकी साख को चुनौती दे सकते हैं। समाज के भीतर ऐसे नेताओं की भूमिका और प्रभाव को लेकर जो बहस छिड़ी है, वह लंबे समय तक चल सकती है।इस मामले ने पूरे उत्तर प्रदेश की राजनीति को भी झकझोर दिया है। विपक्ष जहां प्रशासन की विफलता बताकर इसे बड़ा मुद्दा बना सकता है, वहीं सत्तापक्ष इस पर कड़ा रुख अपनाकर यह संदेश देने की कोशिश करेगा कि प्रदेश सरकार कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं करेगी। मौलाना तौकीर रजा की गिरफ्तारी आगामी चुनावी समीकरणों में भी असर डाल सकती है। ऐसे हालात में प्रशासन के लिए कानून व्यवस्था बनाए रखना सबसे बड़ी प्राथमिकता है। फिलहाल स्थिति पर नजर रखी जा रही है। जिलाधिकारी और एसएसपी लगातार हालात पर नियंत्रण रखने के लिए बैठकें कर रहे हैं। नेताओं के बयानों पर भी करीबी निगरानी रखी जा रही है। पुलिस ने साफ कर दिया है कि कोई भी व्यक्ति, चाहे वह कितना ही बड़ा नेता क्यों न हो, अगर कानून हाथ में लेगा और समाज में नफरत फैलाने का प्रयास करेगा, तो कार्रवाई अवश्य होगी। तौकीर रजा की गिरफ्तारी इस बात का उदाहरण है कि इस बार पुलिस और प्रशासन किसी भी दबाव में आने वाले नहीं हैं।

कुल मिलाकर बरेली का यह बवाल एक बार फिर यह सोचने पर मजबूर करता है कि आखिर कब तक नेताओं की राजनीति और उनकी सांप्रदायिक चालबाजियां आम जनता की जिंदगी को परेशानी में डालती रहेंगी। यह मामला केवल एक शहर या जिले का नहीं है, बल्कि पूरे समाज के लिए चेतावनी है कि नफरत की आग कभी भी सबको झुलसा सकती है। ऐसे में जरूरी है कि आम लोग खुद भी सतर्क रहें, अफवाहों पर ध्यान न दें और समाज में भाईचारे और शांति की परंपरा को बनाए रखने में अपना योगदान दें। पुलिस और प्रशासन का काम कानून व्यवस्था संभालना है, लेकिन समाज के लोग अगर खुद एकजुट होकर नफरत फैलाने की कोशिशों को नाकाम करें, तो कोई भी मौलाना तौकीर जैसा व्यक्ति कभी साजिश रचने की हिम्मत नहीं कर पाएगा।

## गिटार की शौकीन पेटल गहलोत ने जब पाकिस्तानी पीएम की बोलती बंद कर दी

भारत की बेटी पेटल गहलोत ने आतंकवाद के मसले पर पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की बोलती बंद कर दी है। दरअसल भारत के संयुक्त राष्ट्र मिशन की फर्स्ट सेक्रेटरी पेटल गहलोत ने संयुक्त राष्ट्र में शहबाज शरीफ के 'हमने युद्ध जीत लिया' वाले दावे का जिस अंदाज में मजाक उड़ाया, वह काबिले तारीफ है।उन्होंने कहा 'अगर तबाह रनवे और जले हुए हैंगर को प्रधानमंत्री शरीफ की तरह जीत माना जाए तो पाकिस्तान को इसे मनाने का पूरा हक है।' पेटल गहलोत ने कहा, 'जहां तक आतंकवाद का सवाल है, हम साफ करते हैं कि आतंकवादियों और उनके प्रायोजकों में कोई फर्क नहीं होगा। दोनों को जिम्मेदार ठहराया जाएगा। उन्होंने कहा, 'हम परमाणु ब्लैकमेल के नाम पर आतंकवाद को बर्दाश्त नहीं करेंगे। भारत कभी ऐसी धमकियों के आगे नहीं झुकेगा।' गहलोत ने शरीफ पर आतंकवाद को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि शरीफ का भाषण 'आतंकवाद का महिमामंडन' था, जो पाकिस्तान की विदेश नीति का मुख्य हिस्सा है। ऐसे में जानते हैं पाकिस्तान का मुंह बंद करने वाली पेटल गहलोत आखिर हैं कौन?

पेटल 33 साल की आईएफएस अधिकारी हैं। 2015 में उन्होंने इंडियन फॉरेन सर्विस ज्वाइन की थी। वो संयुक्त राष्ट्र में भारतीय मिशन की फर्स्ट सेक्रेटरी हैं। इसके पहले वो भारतीय विदेश मंत्रालय के यूरोप वेस्ट डिवीजन, पेरिस और सैन फ्रांसिस्को के भारतीय मिशन में अंडर सेक्रेटरी के तौर पर काम कर चुकी हैं। पेटल गहलोत संयुक्त राष्ट्र में भारत की सलाहकारों में से एक हैं। उन्हें जुलाई 2023 में यूएन में भारत के स्थायी



मिशन में पहली सचिव के रूप में नियुक्त किया गया था।



इससे पहले, उन्होंने 2020 से 2023 तक 3 साल तक विदेश मंत्रालय (एमईए) में अवर सचिव के रूप में काम किया। वह यूरोपीय पश्चिम प्रभाग में थीं। यूएन में जाने से पहले उन्होंने यह पद संभाला था। 'शी द पीपल' के अनुसार, अवर सचिव के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान, उन्होंने पेरिस और सैन फ्रांसिस्को में भारतीय मिशन/वाणिज्य दूतावास में भी काम किया।

अपनी पेशेवर उपलब्धियों के अलावा, गहलोत संगीत में भी रुचि रखती हैं। वह नियमित रूप से इंस्टाग्राम और ट्विटर पर गिटार बजाते हुए अपने वीडियो पोस्ट करती हैं। पेटल गहलोत सिर्फ एक तेज-तर्रार डिप्लोमेट ही नहीं हैं, बल्कि उनके कई दिलचस्प शौक भी हैं। उन्हें गिटार बजाना और गाना गाना बहुत पसंद है। वह अक्सर अपने खाली समय में गाने गाती हैं और गिटार बजाती हैं। पेटल अपने इन शौक को सोशल मीडिया पर भी साझा करती रहती हैं। उनके सोशल मीडिया हैंडल को देखकर यह भी पता चलता है कि उन्हें प्रकृति से बहुत लगाव है। वह अक्सर प्रकृति से जुड़ी तस्वीरें और बातें शेयर करती हैं। यह दिखाता है कि वह अपने काम के साथ-साथ अपनी निजी जिंदगी को भी महत्व देती हैं। उनके ये शौक उन्हें तनाव से दूर रहने में मदद करते हैं।

गहलोत ने मुंबई के सेंट जेवियर्स कॉलेज से कला स्नातक की पढ़ाई की है। उन्होंने राजनीति विज्ञान, समाजशास्त्र और फ्रेंच साहित्य में डिग्री ली। इसके बाद, उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय के लेडी श्री राम कॉलेज फॉर वुमेन से राजनीति विज्ञान और सरकार में एमए की डिग्री हासिल की। उनके पास मॉन्टेरे के मिडिलबरी इंस्टीट्यूट ऑफ इंटरनेशनल स्टडीज से भाषा व्याख्या और अनुवाद में मास्टर डिग्री भी है।

# मानवता के ज्ञानामृत भगवान राम



अतुल कुमार

दशहरे के पूर्व रामलीला के आयोजन होते हैं. जिसकी समाप्ति दशहरे के दिन रावण दहन के साथ समाप्त होती है . रामलीला अर्थात श्री राम की भक्ति और उनकी आराधना . राम मानवता की मर्यादा , मन और मूल्यों का उत्कर्ष हैं . वाल्मिकी और तुलसी द्वारा लिखित " रामायण " अर्थात राम की महिमा एवं राम का जीवन मार्ग . डा राधाकृष्णन के मतानुसार यदि गति और मार्ग दोनों को एक ही शब्द में कहना हो तो कह सकते हैं " रामायण " यानी राम का गतिपथ .राम का जीवन मानवता के लिये ज्ञानामृत है . आज के साइंस और टेक्नालाजी के युग में कहीं से यह आशा नहीं बंधती है कि इनका विकास आंतरिक विकास में सहायक होगा. सब कुछ बहिर्मुखी होता जा रहा है .किसी कवि ने खूब लिखा " आज का व्यक्ति सुखी होने के लिये दुखी हो रहा है " यह वर्तमान का सच है . सुविधाओं का अंबार लगने के बाद भी लगता है कि कुछ कमी है .सुख में वृद्धि हो भी जाए तो मन संतुष्ट नहीं होता इस चक्कर में मानवीय सुगंध और माधुर्य से हाथ धो बैठे ?

जब परिवार हिसाब – किताब , स्वार्थ और लेन देन के व्यवहारों में पड जीवन के माधुर्य को खो रहे हैं तब बहुत कुछ खो रहा है . ऐसे में " ह्रदय धर्म " की महत्ता विराट दिखायी देती है ." रामायण " और " राम " इसी ह्रदय धर्म की आधार शिला हैं जिस पर मानवता टिकी है ." रामायण " को मानवता का महाकाव्य " माना गया .जबकि राम समाज के सामान्य से सामान्य मनुष्य के लिये अनुकरणीय हैं . प्रसंगानुसार जब सीता का स्वयंवर चल रहा था शिव जी का धनुष तोडने वाले से सीता का विवाह किया जाना था .यह शर्त सीता के पिता राजा जनक ने रखी थी .कई राजाओं और वीरों ने प्रयास किये लेकिन किसी से धनुष हिला तक नहीं . तब ऋषि विश्वामित्र ने राम को कहा कि जाओ राम धनुष उठाओ . राम ने सबसे पहले अपने गुरु को नमन किया ,फिर शिव जी का ध्यान कर धनुष को प्रणाम किया और धनुष को उठा किसी खिलौने की तरह तोड दिया . धनुष अहंकार का प्रतीक है जब तक अहंकार मन में होगा तब तक कोई भी संबंध लंबा नहीं टिक सकता . अत; यह प्रसंग सीख देता है कि अकड , ईगो और अभिमान . मानवीय रिश्तों के लिये हानिकारक हैं .

इस प्रसंग पर किसी कवि ने खूब लिखा " है मन में द्वंद सार्वभौम कि ,धनुर्धर आज मैं तोडूंगा / सभी एक दूसरे को देख कर , श्रेष्ठ समझें , विधाता ने लिखा क्या है , सभी अपने को श्रेष्ठ मान बैठे हैं / राम है तो मानो निश्चिंत बैठे हैं , नहीं अभिमान है दिल में वे तो करूणा के सागर हैं / सहज ही तोड दिया प्रभु ने धनु को ,सभा के बीच में / वंदन माता की सीता ने साधी है ,माना एहसान माता का , दिया मन वांछित दोस्त ,हुआ पवित्र सीता का पावन सूत्र बंधन// राम भारतीय संस्कृति के अद्वितीय नायक हैं .सबके आदर्श हैं क्यों कि वह एक आदर्श पुत्र ,भाई , पति , मित्र , संबंधी ,और आदर्श राजा हैं . इसलिये आज भी राम राज्य को सर्वश्रेष्ठ माना गया . सहजता ,सरलता , और सहिष्णुता उनका श्रेष्ठ गुण माना गया. अतः एक व्यक्ति के व्यक्तित्व और व्यवहार में आज भी उन गुणों को देखने की प्रवृत्ति कायम है .क्यों कि राम उदात्त ,प्रेरणास्पद , आकर्षक और सम्मोहक है .

राम सकारात्मकता के पुंज हैं वनवास के दौरान अपने हाथों से निर्मित पर्ण कुटी में आनंद पूर्वक रहते हैं .उनकी आवश्यकताएं सीमित हैं अपनी अपरिगृह की वृत्ति के कारण वह संतुष्ट और सुखी हैं . आज भौतिक वस्तुओं के आनंद के कारण कई समस्याओं से असंतुष्ट ,निराश और कुंठा पूर्ण जीवन जीने को लोग अभिशप्त हैं . वनवासियों और वन में वास करने वाले पशु पक्षियों से राम ने अपार स्नेह रखा . आज वन उजड रहे हैं और उसमें रहने वाले जंतुओं की संख्या घट रही है और कुछ जंतुओं की प्रजातियां लुप्त हो रही हैं तब सोचिये ! राम कितने विराट ह्रदय के हैं जिन्होंने धरती के मनुष्य तथा मनुष्येतर प्राणियों को अपना माना और उनके महत्व को प्रकट किया . अतः सबके प्रिय बने.

प्रसंगानुसार जब राम सेतु का निर्माण हो रहा था तब एक गिलहरी अपने मुख में कंकर को रख निर्माण कार्य में अपना योगदान दे रही थी इसे देख राम भाव विह्वल हुए और उसे अपने हाथों में ले स्नेह से उसकी पीठ पर हाथ फेरा .बताया जाता है कि उसकी पीठ पर जो लकीरें हैं वह राम की उंगलियों के निशान हैं .अपने सहयोगियों और मित्रों के प्रति उनका अगाध स्नेह इसका द्योतक है कि टीम वर्क और उसका क्या महत्व है ! वह सही मार्ग दर्शक हैं . आज भी उनके गुणों वचनों और कार्यों के बखान होते हैं जो अंतर्मन को छूते और प्रेरित करते हैं . यह सिद्ध किया कि अधर्म और अन्याय कितना भी शक्तिशाली क्यों न हो ,सत्य और धर्म की हमेशा विजय होती है . दूसरों का हित ,क्रोध पर नियंत्रण , लक्ष्य पर अडिग रहना , अपने से बडों का सम्मान , सादा जीवन , धैर्य व अनुशासन और माता पिता का आदर तथा उनकी आज्ञा के पालन को सदा अपनाया . उनकी महिमा में किसी कवि ने खूब लिखा " जीवन में श्रीराम ,सांसों में श्रीराम , सुबह न होती शाम / राम की महिमा राम ही रचते , राम ही है जग के संचालक ,राम ही दाता , राम ही पालक // प्रभु राम भगवान विष्णु के सातवें अवतार थे . राम कई शक्तियों से भरपूर थे चाहते तो कुछ भी एक इशारे से कर सकते . लेकिन उन्होंने हर काम एक आम व्यक्ति की तरह किया जिससे कि लोग उनसे सीख सकें उस रास्ते पर चल कर दिखाया जिसे लोग आदर्श मानते हैं .राम को आत्म प्रचार पसंद नहीं था चुपचाप रह काम करने को पसंद करते और किसी को अपने बारे में नहीं बताते विज्ञापन और

प्रचार के इस युग में उनसे सीख लेनी चाहिये कि शांति पूर्वक कार्य करें जिसका उल्लेख किये गये कार्य या योगदान से हो .और आज ? सोचिये !



पूरे वनवास में उन्होंने कई बडे कार्य किये जिसमें शांति ,धैर्य , त्याग प्रेम ,आदर ,आदर्श और साहस के दर्शन होते हैं इसलिये उनको मर्यादा पुरुषोत्तम कहा गया. वनवास के दौरान कभी प्रदर्शित नहीं होने दिया कि वो ईश्वरीय शक्तियों से युक्त हैं यह उनकी कर्तव्यनिष्ठता की सीख है .कहा भी ' परहित सरिस धर्म नहीं भाई " अर्थात दूसरों की भलाई से बढ कोई धर्म नहीं है इसलिये दूसरों की सहायता करनी चाहिये .सत्य के प्रति निष्ठा को स्थापित किया . प्रसिद्ध गायक जगजीत सिंह के गाये भजन की कुछ पंक्तियां हैं जो भगवान राम की महिमा को व्यक्त करती हैं " जग में सांचो तेरो नाम ,तू ही माता तू ही पिता है / तू अंतर्यामी सबका स्वामी , तेरे चरणों में चारों धाम ,हे राम - हे राम – हे राम // "

# काव्य कुंज

## नवरात्रि गीत



डॉ संजुला सिंह
जमशेदपुर

देखो आए नवराते, ह्रदय सबको सुहाते
खुश होके मैया का हम
मंगल गान गाते हैं।
वर्षों इंतजार हम चक्षु में समा के रखे,
तब जाके मैया के दीदार को पाते हैं ।
मैया की निराली छवि अदभुत लगे प्यारी,
चितवन नैन दोनों मन को लुभाते हैं।
मैया मेरी भोली-भाली शेरों की करे सवारी,
तेज इनका देख मन सबके हरषाते हैं।
छवि मां के बड़ी प्यारी लगे जग से है न्यारी,
मस्तक बीच लालिमा सिंदूर सोहे गाढ़ी है।
एक कर खप्पड़ मां के दूजे में खड़ग साजे,
तीजे कोमल कर में त्रिशूल विराजे हैं।
मैया मेरी है दयालु और ये कृपालु भी है,
करुणा का सागर मां के ह्रदय समाए हैं।
अपने प्यारे भक्तों का मान ये सदा बचाती,
इसीलिए जगत की जननी कहाती हैं ।
बांह पकड़ रक्षा भक्तों की हमेशा करे,
डूबती नैया को मैया पार लगाते हैं।
मैया के गुणों का हम कर रहे गुणगान,
क्षमता नहीं है उतनी जो पूरा करें बखान ।
जो भी मैया द्वार जाए खाली कर ना घर आए,
मनवांछित फल पा के उल्लासित सब होते हैं ।
संजू मां के द्वार खड़े नैनों में हैं अश्रु भरे,
मां के चरणों का रज मस्तक पे धारे है ।
आओ मैया आओ मैयाह्रदय से लगाओ मुझे,
बारम्बार ये गुहारमैया से लगाए हैं ।

## मानवीय संबंध



संजीव ठाकुर,
रायपुर

ओस की पहली बूंद
निशब्द चमकते पत्तों पर
ये संबंध,
तितली के पंखों का कंपन ,
आसान नही थामना,
महसूस करना सुख
कभी ये दीपक की लौ सी
मौन ऊष्मा देते , कभी चाँदनी सी
धवल, उजली रोशनी देते .
मन थक जाता ये रिश्ते
लोरी बन जाते जीवन विमुख होता
यही संबंध नर्म हथेलियों-से मन थामते ।
स्वार्थ की आँधी चले, नाज़ुक धागे
फिसलकर बिखरते अधखिले फूल से
पंखुड़ियाँ बिखर जाती।
मानवीय संबंध ह्रदय की ध्वनि ,
जहाँ न शब्द न वचन सिर्फ मुस्कान
सिर्फ स्पर्श जीवन अपना-सा लगता।

## माता वैष्णव देवी



टी तारासिंह
हैदराबाद

मां तेरी लीला है अपरंपार
तू है जग की रखवाली
सब के मूरादे पूरी करने वाली
इस नादान को , इस अनाथ को
नास्तिक से , आस्तिक बनाया
भक्त बनाया , इंसान बनाया
तेरी शक्ति है कण कण मे
आज मै शिर्ष झूकाऊ , नमन करू
मां आज हम तेरे द्वार आये है
हमारी झोली भर देना , मनोकामना पूरी कर देना
तू ही अंबे , तू ही दूर्गा , तू ही माता वैष्णव देवी
तू ही है अष्ट भूजावाली , मैसासूर मर्धनी
तेरी पूजा-पाठ से घर सुख - समृद्ध होये
तेरी अखण्ड ज्योति से घर मे सुख - शान्ति रहे ।।

## मां तो मां है



गजानन पाण्डेय

ये कैसी संस्कृति ?
कैसा ये स्वभाव मां के लिए ये भाव ।
मां तो मां है मेरी हो या तुम्हारी
वे पूज्य हैं न उनका अपमान करें
हर मां का सम्मान करें ।
जगजननी कहलाती हैं
मां शक्ति का अवतार है
सुख - सौभाग्य देने वाली वे लक्ष्मी माता है ।
सेवा व त्याग का जीवन मां सब से महान है ।

## दशहरा



गीता अग्रवाल
हैदराबाद

बुराई पर अच्छाई की जीत
का त्योहार विजय दशमी।
असत्य पर सत्य की जीत
का त्योहार विजयदशमी।।
राम ने वानर सेना लक्ष्मण संग,
हराई लंका,
मानव जीवन नहीं सरल,
सबकी मिटाई शंका,
ऋषियों को सम्मान दिलाया,बजाके सच्चाई डंका
राम चरण पूजन का त्योहार विजय दशमी।
असत्य पर सत्य की जीत का त्योहार विजयदशमी।।
राम ने कष्टों में रहकर , मानव को जीना सिखाया ,
समाजवाद अद्भुत मिसाल, सीते त्याग समझाया,
पिता वचन निभाने को 14 वर्ष वनवास बिताया
सत्य की राह का दामन थामे आया त्योहार दशहरा।
बुराई पर अच्छाई की जीत का त्योहार दशहरा।।
जिसमें जो भी हैं बुराई, बुराई को छोड़ो अब तो,
नशीले पदार्थ बिगाड़े स्वास्थ्य,कुछ समझो अब तो,
क्रोध स्वयं का सबसे बड़ा शत्रु ,क्रोध छोड़ो अब तो
स्वयं अंदर का रावण जलाने का त्योहार दशहरा
बुराई पर अच्छाई की जीत का त्योहार दशहरा।।

## वोट के शिकारी क्या जानें



रमेश गायकवाड
रागा, हैदराबाद

निशानियां पत्थरों पर
कितने पत्थर क्या जाने
ऊफान लहरों के
कितने तूफान क्या जाने
हरियाली का मौसम
यूं मुस्कुराकर चला गया
आंधियों से पेड़ पर
क्या बीता पतझड़ क्या जाने
घर अपना घरवालों से ममता नाता जोड़ा है
प्यार आक्रंदन उजड़ गई कई जिंदगी,दलदला क्या जाने
ढेर सारे ख्वाब दिखाकर हो गया गायब अजनबी
दाने पड़े जमीन पर गगन में उड़ता पंछी क्या जाने
वेश बदलते कपटी महंत मिलेंगे अनेक रागा
भोले भाले भक्तजन पहचान उनकी क्या जाने
जय जवान जय किसान हे मेरा भारत महान
हाथों से पकड़े पेट कितने वोट के शिकारी क्या जाने
डर कर मौत की बात छुपाता है जिंदगी हर बार
जीते जी कितने बार मरता इंसान, बेईमान क्या जाने।।


## मुश्किल होता है...



दर्शन सिंह
हैदराबाद

वह जो आज नहीं पास मेरे यहां वहां
जाने क्यों
याद आ रहा अपनी बातों से
इस कदर परेशानी का
सबब बन गई तेरी बातें
भीगे लम्हें मुझे
भींगा रहे तेरे ख्यालों से
थक तो गया हूं
लिपटा तन्हाइयों से
लगता हर मोड पर
हसीं अदाएं छोड़ देते हैं
मुश्किल होता है जवाब देना
जब खामोश रह कर सवाल पूछ लेते हैं
वे मुलाकातें डसती मुझको
छलती रहती तेरी बातें
बोझिल मन को कभी हंसाती
कभी रुलाती हैं
बिना पतवार के नैया
न जाने कब किनारे लगेगी
चाहते भी हैं
लेकिन अनजान बन कर रहते हैं
मुश्किल होता है..

## आई है नवरात्रि



कुमुद बाला,
हैदराबाद

आखिर यह नीला आसमान
इस जग से क्या कह रहा है,
नवरात्रि की सुंदर थाल लिये
ऐरावत मस्त चल रहा है।।
मंजर आम के नव पल्लव
संग अविराम बतियाने लगे हैं
प्राची किरणों के प्रकाश में क्षितिज
गुनगुनाने लगे हैं
मंद पवन के झोंके रह - रहकर यूँ सुगंध लगे बिखेरने
पंछियों की दिव्य उड़ानें देख वृक्ष सरगम गाने लगे हैं
शांति दूत उन पंछियों का मन कुछ पढ़ लो जग कह रहा है,
आखिर यह नीला आसमान इस जग से क्या कह रहा है।
नवरात्रि की सुंदर थाल लिये ऐरावत मस्त चल रहा है।।
नई पताका फहरा रही है देखो युद्ध की विभीषिका
लेकर तुरंग की हल्दी आ रही है नवरात्रि की शास्त्रिका
मानव - मानव से प्रेम करे बस यही पताका फहरायें
विचार युद्ध का करें त्याग और लगायें अक्षत सात्त्विका
ध्यान लगायें बंद कर चक्षु कबसे मंत्र आसमां पढ़ रहा है,
आखिर यह नीला आसमान इस जग से क्या कह रहा है।
नवरात्रि की सुंदर थाल लिये ऐरावत मस्त चल रहा है।।
नव वर्ष की खुशियाँ सबको मिले और ये जहान मुस्काये
आतंक खत्म हो कोविड का और सुंदर रंगबिरंगे फूल खिलें
जब रक्त , प्यास और दर्द एक है फिर आपस में दुश्मनी क्यों
धरती, सागर, नदिया, चाँद, सितारे ऐसे ही झिलमिलायें
आश्विन मास की महिमामयी आरती समय अब कर रहा है,
आखिर यह नीला आसमान इस जग से क्या कह रहा है।
नवरात्रि की सुंदर थाल लिये ऐरावत मस्त चल रहा है।।

## अनुकंपा



डॉ शोभा भंडारी
हैदराबाद

हैं अनुकंपा, अनुग्रह और वंदन से परे,
आपका महिमा मंडन है शब्दों से परे,
मां सरस्वती आप हैं शब्दातीत,
भाषा की सीमाओं के दायरे से परे,
हैं वर्णनातीत और सीमातीत,
कालचक्र सीमा से परे,
हैं आप अनंत -असीम।
ज्ञानी -ध्यानी, बुद्धिजीवी और विद्यार्थी,
सब आपके शरणागत और प्रार्थी,
मां शारदे, वाग्देवी,वागेश्वरी, मां भारती,
मां, आप तो हैं ज्ञान, विद्या,कला संगीत ,पारखी।
रचनात्मकता में हैं पारंगत,
साहित्य और वाणी की देवी हैं प्रथम।
वीणा वादिनि, हंस वाहिनी,कमलधारिणी,
हैं श्वेत वर्णी, हैं आनंदमयी और चैतन्यमयी,
हैं बुद्धिदात्री और प्रभामयी।।
आदि से अनन्त तक अखंड रूप आपका,
भव्य है, दिव्य है आभामंडल आपका,
बना रहे सदा समष्टि पर, आशीर्वाद आपका,
बना रहे सृष्टि पर वरदहस्त आपका,
प्रदीप्त रहे सर्वदा ज्ञान पुंज आपका,
गूंजे समस्त ब्रह्माण्ड में,गान मां भारती आपका ।


## अनकही



हेमंत सुराना,
उदयपुर

कहा किसी ने,बात करना नहीं आता ,
इसलिए चुप रहता हूँ
कहा किसी ने. समझना नहीं आता,
इसलिए समझने की कोशिश करता हूँ
कहा किसी ने. प्रेम जताना नहीं आता,
इसलिए सीखने की कोशिश करता हूँ
कहा किसी ने, अपनी बात रखने नहीं आता,
इसलिए अपनी किस्मत को कोसता हूँ
कहा किसी ने, समझाना नहीं आता,
इसलिए समझाने का तरीका बदल रहा हूँ
कहा किसी ने ,साथ रहने में सरस नहीं आता,
इसलिए अपने को नीरस व्यक्ति मानता हूँ
कहा किसी ने, जमाने के साथ चलना नहीं आता ,
इसलिए अपने को धरती का बोझ समझता हूँ ।

## बिना पते का इतिहास



वीरेंद्र बहादुर सिंह
नोएडा

बिना पते के
बंद लिफाफे में
आया आदमी...
एकदम पहचान बगैर का नहीं होता।
उसके भीतर से निकल आता है
ऊबड़खाबड़ रास्ता...
रास्ते के ऊपर से
चल कर निकलते हैं कितने पैरों के निशान
पैरों के निशान से मिलते हैं
कितने दफन हुए इतिहास के पन्ने।
और उन पन्नों को पत्थर बना देते हैं
दो कांपते हाथ...
और वही कांपते... मेहनती हाथ
लिफाफे में बंद करते हैं
एक इतिहास... एक आदमी...एक...

## नव रात्रि



रेणुका अग्रवाल
हैदराबाद

आया नव रात्रि का त्यौहार।
बजते ढ़ोलक पायल की झंकार।
डांडिया खेले जोड़े,धूम मचाए।
प्रिय प्रीतम से बड़ता है प्यार।
सृष्टि की रचना करती है मैय्या।
धरती फूलों से भरती है मैय्या।
हर मंदिर में भीड़ भक्तों की,
मैय्या ही तो है जीवन खिवैया।
संसार की दुर्गा माता है।
पूजने सब कोई आता है।
जोत जलाऊं माता की,
घर भी शुद्धि पाता है।
मन में रहे न कलह क्लेश।
घर में सुबह शाम हो शेष।
कब दिन गुज़र गया,
आती रातें बड़ी ज्येष्ठ।
कलश सजाऊं माता बिठाऊं।
रंगोली बनाकर आंगन सजाऊं।
ये नव रात्रि के नौ दिन,
माता को मैं अब ख़ूब मनाऊँ।
अष्ट धान के बिरवा लगाकर।
घर में सुख समृद्धि लाऊं।
कपूर से नित आरती करके,
घर से काली छाया भगाऊं।
धूम मचाऊँ,दरबार सजाऊँ।
माता का जगराता करके,
नौ नौ कंचक जिमाऊँ।
लंगूर आया धूम मचाया,
उसका भी तो लाड लड़ाऊँ।
आशीष ले अखंड सुहाग का।
पति संग ख़ूब इतराऊं।
अमर रहे सुहाग सबका,
माता से आशीष ये पाऊं।
धूम मची संसार भर में।
माता आई कण कण रज में।
सृष्टि की सृजन कर्ता मां,
विराजती है घर घर में।
नौ दिन का अलबेला त्यौहार।
नव युवती में भरता है प्यार।
नौ दिनों का व्रत रखके,
पाती साजन का अटूट प्यार।
चेहरे खिल खिल जाते।
जब करे सोलह सिंगार।
साजन भी रीझे, ख़ूब देखे,
करते प्रिय पत्नी से प्यार।

## जिंदगी एक किताब है



डॉ डी डी देसाई

जिंदगी एक किताब है...।
समझ नहीं आ रहा है.....
पन्ना पलटूँ...या किताब बंद करूँ..?
पहले दूसरे पन्ने तो समझ ही नहीं आए,
खेल कूद में चले गए ।
तीसरा पन्ना बचपन से दूर ले गया ।
अनचाहे मोड़...दिखा दे गया ।
चौथा पन्ना जवानी की दस्तक ले आया ।
जिंदगी में प्रेम ने प्रवेश किया...
जैसे ग्रीष्म में बहार ले आया हो....
हक़ीक़त में ख्वाब ले आया हो....।
फिर एक ऐसा पन्ना पलटा...
जिसने जिंदगी बदल दी ।
हसीन पलों के तिनकों से बनाया था घोंसला,
बेरहम तूफान...दरख्त उड़ा ले गया ।
बड़ी मुश्किल से फिर संभलने लगे...
ख्वाहिशें दम तोड़ने लगी...।
फिर आया पन्ना गृहस्थाश्रम का,
खुद के लिए जीना बंद हो गया...
अधूरी ख्वाहिशें.. अधूरे सपने...
बीवी बच्चों की ख़ुशी...
और माँ बाप की जरूरतें..
ढ़ोल की तरह बजती रही जिंदगी,
दो पाटों के बीच फंसती रही जिंदगी..
कुटता गया...पिसता गया ।
शांती और सुकून...नदारद थे ।
अब पन्ना पलटने से डरता हूँ...
न जाने क्या परोस रखा होगा...।
आस होगी हमें पंचामृत की...
क्या पता वासुकी जहर उगल रहा होगा ।
जिंदगी एक किताब है....
सोचता हूँ.. इसे बंद ही कर दूँ....
हमेशा हमेशा के लिए...।

## देश के लिए



जे गंगाधर 'गंध'
हैदराबाद

हर कोई मेहनत करेगा,
अपने खुद के लिए तो,
कई वेतन भत्ता पाने तो,
और कई पैसा कमाने।
जिंदगी का ख़ास मकसद,
क्या यही है मशक्कत करें,
बंग्ला-गाड़ी-जमीन-जायदाद,
खड़ा.करें, ऐशो-आराम से जियें,
मौज-मस्ती करें, रोग ग्रस्त मरें।
कोई तो सोचो विचारों
कुछ तो कुछ करें सही,
अच्छा सच्चा पथ है वही,
कभी बनें वतन के राही,
वेतन के लिए ही नही,
वतन के लिए भी हो यही।

## उसे कुछ और हम समझे थे



पी एन गुप्ता
हैदराबाद

वह कुछ और ही निकला,
हटा पर्दा तो उसके पीछे से
कुछ और ही निकला।
अब तो उसको कुछ भी कहने में
हमें लगता है डर,
जिसे हम फुलझड़ी समझे थे
वह कुछ और ही निकला।
कभी जो मीठी-मीठी बातें हमसे
करता था अक्सर
खुली जब कलई तो वह बदज़ुबां
कुछ और ही निकला।
कसमें खा खा के किये थे
वादे जिसने बेहिसाब,
निभाने की घड़ी आई तो
वह कुछ और ही निकला।
डराता था हमें जो रोज़
जिसे हम शेर समझे थे,
किया जब सामना डटकर तो
वह कुछ और ही निकला।
जो समझा था हमें कमज़ोर,
ख़ुद को दुनिया का दादा
मिलाई आंख से जब आंख
वह कुछ और ही निकला।

## आदमी ना मिला



डॉ विजय पांढरीपांडे
हैदराबाद

मैं धुंढता रहा आदमी भीडमे
मैं खुद खो गया आदमी ना मिला
मैं था चाहता ना लढू ना भिडू
लोग लढते गये ना समाधान मिला
तू अलग मैं बडा भेद बढता गया
ना में बढ सका ना उसे कुछ मिला
हाथ ना मिल सके ना आँखें मिली
चेहरे मुड गये बढ गया फासला
छू गये आसमां चांद भी मूठींमें
मूल धरतीतले फिरभी ना फला
हो सयाने गये जानवर भी यहा
आदमी को पता ना घरका मिला!

स्वतंत्र वार्ता
काव्य कुंज ब्लॉग
AGA. Publications. Ltd.
396, Lower Tankbund,
Hyderabad-500080

## सड़क हादसों में 5 की मौत

राजनांदगांव, 27 सितंबर (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के तीन अलग-अलग जिलों में सड़क हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई। राजनांदगांव के मुंढगांव इलाके में एक पिकअप और बाइक आमने-सामने टकरा गए। इस हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। दोनों अपने दोस्त के साथ मां बम्लेश्वरी के दर्शन कर घर लौट रहे थे। कोरबा जिले के गेवरा-दीपका क्षेत्र के ट्रांसपोर्टर और उनकी मां की सड़क हादसे में मौत हो गई। यह सड़क हादसा मध्य प्रदेश के चित्रकूट के पास हुआ। बताया जा रहा है कि सामने से आ रहे वाहन को बचाने की कोशिश में उनकी कार डिवाइडर से टकरा गई। जिसमें दोनों की मौत हो गई।

# मनातु जंगल से 6 अपराधी गिरफ्तार

### पिस्टल, गोली और लेवी की रकम बरामद किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के लिए जुटे थे

लातेहार, 27 सितंबर (एजेंसियां)। लातेहार जिले के बारियातु थाना क्षेत्र अंतर्गत मनातु रेलवे स्टेशन के पास जंगल में पुलिस ने छापेमारी कर छह अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से हथियार और लेवी की रकम बरामद की है। यह कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर की गई।

गिरफ्तार किए गए अपराधियों में रुपेश कुमार, सुरेंद्र कुमार, विनोद कुमार गंझू, बादल गंझू, सुनील कुमार यादव और राजगीर गंझू शामिल हैं। ये सभी चतरा जिले के निवासी हैं और इनकी उम्र 19 से 30 वर्ष के बीच है।

**बरामद मोबाइल फोन मजदूरों से लूटे गए थे**

पुलिस ने अपराधियों के पास से एक लोडेड 7.62 एमएम की पिस्टल, पांच जिंदा कारतूस के साथ एक देशी पिस्टल, एक देशी कट्टा, चार मोबाइल फोन और लेवी के 28,500 रुपए नगद बरामद किए हैं। बरामद मोबाइल फोन मजदूरों से लूटे गए थे। जबकि नगद राशि लेवी की थी। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उन्होंने 2 अगस्त को केईसी लिमिटेड कंपनी के बिजली ट्रांसमिशन कार्य में लगे मजदूरों के साथ मारपीट और फायरिंग की घटना को अंजाम दिया था।

**जेजेएमपी के नाम से लेवी के पर्चे भी छोड़े थे**

इस दौरान उन्होंने जेजेएमपी के नाम से लेवी के पर्चे भी छोड़े थे। जांच में खुलासा हुआ कि यह घटना जेजेएमपी द्वारा नहीं, बल्कि एक संगठित गिरोह द्वारा की गई थी। इस घटना में आदेश गंझू, संजय गंझू और गणेश गंझू भी शामिल थे। एसपी कुमार गौरव ने बताया कि शुक्रवार को पुलिस को सूचना मिली थी कि लगभग सात अपराधी किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने के लिए एकत्र हुए हैं।

इस सूचना पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बालूमाथ के नेतृत्व में एक संयुक्त छापेमारी दल का गठन किया गया। घेराबंदी कर पुलिस ने मौके से छह अपराधियों को पकड़ लिया, जबकि एक भागने में सफल रहा।

गिरफ्तार अपराधियों का आपराधिक इतिहास रहा है। सुनील यादव पर एनडीपीएस और आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज है। संजय गंझू पर हत्या के प्रयास और लूट सहित कई मामले दर्ज हैं, जबकि बादल गंझू भी टंडवा थाना कांड में नामजद है।

## हवाई जहाज के टॉयलेट के अंदर बैठकर स्मोक कर रहा था यात्री

### धुआं निकला तो यात्रियों में मच गई अफरा-तफरी, हुआ गिरफ्तार

मुंबई, 27 सितंबर (एजेंसियां)। कहते हैं कि कुछ लोगों को स्मोक करने की इतनी ज्यादा हुड़क मचती है कि वह इस बात को भी भूल जाते हैं कि वह कहां मौजूद हैं और क्या वहां स्मोक करने की परमिशन है या नहीं। कुछ ऐसा ही हुआ एक विमान के यात्री के साथ, जो हवाई जहाज के टॉयलेट के अंदर बैठकर स्मोक करने लगा और उसकी इस हरकत की वजह से पूरे हवाई जहाज में अफरा-तफरी मच गई। रात फुकेत-मुंबई फ्लाइट के दौरान यात्रियों ने टॉयलेट से धुआं निकलता देखा। इसके बाद विमान के अंदर अफरा-तफरी मच गई। यात्रियों को लगा कि विमान में आग लग गई है, इसलिए टॉयलेट से धुआं निकल रहा है।

## कांग्रेस का सरकारी अस्पतालों में बदहाली का आरोप

# कहा- 'आईसीयू से वेंटिलेटर पर पहुंची स्वास्थ्य व्यवस्था'

नई दिल्ली, 27 सितंबर (एजेंसियां)। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने राजधानी की स्वास्थ्य सेवाओं पर गहरी चिंता जताई है। उनका कहना है कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता सिर्फ अपने केंद्रीय नेतृत्व को खुश करने के लिए नई-नई योजनाओं की घोषणा करती रहती हैं, लेकिन दिल्लीवासियों की असली जरूरत बेहतरीन स्वास्थ्य सेवाओं की तरफ कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा।

यादव के मुताबिक, राजधानी के बड़े सरकारी अस्पतालों से लेकर निगम के अस्पतालों तक मरीज अव्यवस्थाओं और दवाओं की कमी से जूझ रहे हैं। उन्होंने कहा कि बीजेपी के शासन में आईसीयू से वेंटिलेटर पर स्वास्थ्य व्यवस्था पहुंच गई है। देवेंद्र यादव ने आरोप लगाया कि हिंदूराव, बालक राम और स्वामी दयानंद अस्पतालों में बीपी, एंटीबायोटिक और हृदय रोग जैसी जरूरी दवाओं की भारी कमी है। मरीजों को डॉक्टर के पर्चे तो मिल जाते हैं, लेकिन दवाइयाँ बाहर से खरीदनी पड़ती हैं, जिससे इलाज का खर्च दोगुना हो जाता है। यादव ने बताया कि मॉनसून के बाद डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियों के मामलों में वृद्धि हो रही है, लेकिन इन अस्पतालों में कोई खास इंतजाम नहीं किया गया। निगम अस्पतालों में यह स्थिति पिछले चार महीनों से बनी हुई है।

## दक्षिण बंगाल: बीएसएफ ने 1.29 करोड़ का सोना पकड़ा, तस्करी की बड़ी कोशिश नाकाम



कोलकाता, 27 सितंबर (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल के नॉर्थ 24 परगना में बीएसएफ ने 1.29 करोड़ रुपये का सोना पकड़ा है। यह सोना भारत से तस्करी करके भारत में लाया जा रहा था। बंगाल के दक्षिणी हिस्से पर बांग्लादेश से लगने वाली सीमा पर बीएसएफ ने तस्करी की यह कोशिश नाकाम की है। बीएसएफ अधिकारियों ने 1.29 करोड़ रुपये के सोने के साथ एक तस्कर को पकड़ा है। सीमा चौकी तराली-1 पर बीएसएफ को सूचना मिली थी कि भारत-बांग्लादेश सीमा पर एक तस्कर सोने की तस्करी कर रहा है। बीएसएफ कर्मियों ने सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए एक तस्कर को 20 सोने के बिस्कुट ले जाते हुए पकड़ा, जिनका कुल वजन 1,116.27 ग्राम था। जब्त किए गए सोने की अनुमानित कीमत लगभग 1.29 करोड़ रुपये है।

बीएसएफ ने 26 सितंबर की सुबह तस्कर को पकड़ा है। तराली-1 सीमा चौकी के हकीमपुर चेक पोस्ट पर तस्करी की संभावित कोशिश की सूचना मिलने के बाद, बीएसएफ ने सभी संवेदनशील मार्गों और स्थानों पर निगरानी बढ़ा दी। सुबह करीब 9 बजे, हकीमपुर बाजार से स्वरूपदाह की ओर जा रही एक संदिग्ध मोटरसाइकिल को रोका गया। वाहन की गहन तलाशी लेने पर उसमें छिपे 10 छोटे पैकेट बरामद हुए, जिनमें 20 सोने के बिस्कुट थे। तस्कर को तुरंत हिरासत में लिया गया और आगे की पूछताछ के लिए, हकीमपुर सीमा चौकी ले जाया गया।

प्रारंभिक पूछताछ में तस्कर ने सीमा पार से सोना लाने की बात कबूल की। इस तस्करी में शामिल व्यापक नेटवर्क का पता लगाने के लिए वर्तमान में विस्तृत जांच चल रही है। गिरफ्तार तस्कर और जब्त सोने को कानूनी कार्रवाई के लिए उपयुक्त अधिकारियों को सौंप दिया जाएगा।

# दिग्विजय सिंह की याचिका पर सुनवाई टली

### एमपी में सांप्रदायिक तनाव को लेकर दायर की थी याचिका



इंदौर, 27 सितंबर (एजेंसियां)। कांग्रेस नेता और राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह शुक्रवार को इंदौर में है। उन्होंने मध्यप्रदेश में बढ़ते सांप्रदायिक तनाव को लेकर इंदौर हाईकोर्ट में याचिका भी लगाई है, जिस पर शुक्रवार को सुनवाई होनी थी, लेकिन अब यह सुनवाई 10 नवंबर को होगी। मीडिया से चर्चा के दौरान उन्होंने प्रदेश सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि एक विधायक के समर्थक मुसलमानों को नौकरी न देने और उनके व्यापार बंद कराने की बात कह रहे हैं। दिग्विजय सिंह ने कहा, क्या यह कानूनन अपराध नहीं है और अगर है तो पुलिस ने अब तक एफआईआर क्यों नहीं की। उन्होंने कहा कि लोग प्रदर्शन कर रहे हैं और कह रहे हैं कि उनका कसूर सिर्फ इतना है कि वे मुसलमान हैं। जो लोग ईमानदारी से व्यापार कर अपने परिवार का पालन-पोषण कर रहे हैं, उन्हें धमकाना पूरी तरह से गलत है और इसे किसी भी हाल में स्वीकार नहीं किया जा सकता।

सिंह ने मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के एक बयान पर कहा, कैलाश विजयवर्गीय खुद को बहुत संस्कारी और धार्मिक बताते हैं। अगर कोई भाई अपनी बहन से प्यार करता है और उसे गले लगाता है, तो आप इसे गलत अर्थों में क्यों लेते हैं? यह किस सनातन धर्म परंपरा के खिलाफ है? मैं इसकी कड़ी निंदा करता हूं। इस मामले में विवाद तब और बढ़ गया जब भाजपा विधायक मालिनी गौड़ के बेटे एकलव्य गौड़ ने व्यापारियों से अपील की कि वे अपनी दुकानों से मुस्लिम कर्मचारियों को हटा दें। गौड़ ने 25 सितंबर तक का अल्टीमेटम दिया था। चेतावनी की समय सीमा खत्म होने के बाद बाजार में असर दिखने लगा है और कई व्यापारियों ने अनिच्छा के बावजूद मुस्लिम कर्मचारियों को काम से हटा दिया है।

**दबाव में ऐसा करने को मजबूर व्यापारी**

व्यापारियों का कहना है कि वे कर्मचारियों को निकालना नहीं चाहते, लेकिन दबाव में ऐसा करने को मजबूर हैं। उनका कहना है कि सदियों से कायम आपसी भाईचारे और एकता को खत्म किया जा रहा है। इस पूरे घटनाक्रम को लेकर कांग्रेस पहले ही सक्रिय हो चुकी है।

**संभागायुक्त से मिले थे जीतू और वर्मा**

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी और पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा के नेतृत्व में कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल संभागायुक्त सुदामा खाड़े से मिला था। पटवारी ने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन ने दो दिन में कड़ी कार्रवाई नहीं की, तो कांग्रेस उग्र आंदोलन करेगी।

# टैक्स चोरों पर शिकंजा

## 22.68 करोड़ दबाकर लापता हैं 2982 बकाएदार, आरसी जारी

नैनीताल, 27 सितंबर (एजेंसियां)। जनपद में परिवहन विभाग के 2982 टैक्स बकाएदार गायब हैं। नोटिसों का जवाब नहीं मिलने पर सभी को आरसी जारी हुई है। कई बकाएदार नौ से दस साल पुराने हैं। तमाम के पते गायब और दिए गए नंबर सेवा में नहीं हैं। बकाएदारों से परिवहन विभाग को 22.68 करोड़ वसूलने हैं। अब विभाग नए कॉमर्शियल वाहनों के रजिस्ट्रेशन में आधार कार्ड के साथ स्थानीय पते की पुष्टि भी कर रहा है, ताकि ऐसी स्थिति न आए। कॉमर्शियल वाहनों के टैक्स पर विभाग की आय टिकी है।

परिवहन विभाग के पास 26 हजार से ज्यादा गुड्स वाहन, इतने ही अन्य छोटे टैक्सी, मैक्सी वाहन रजिस्टर्ड हैं। विभाग ने टैक्स वसूली की फाइलें टटोलीं तो 20 हजार से ज्यादा बकाएदार सामने आ गए। घरों तक पहुंचने में साढ़े नौ हजार मिल गए, बाकी का अता-पता नहीं है। 29 सौ से ज्यादा बकाएदार गायब हैं। 9636 के खिलाफ 30.19 करोड़ के बकाए का नोटिस जबकि 22.68 करोड़ के बकाएदार 2982 लोगों की आरसी काटी गई है। 16807 टैक्स बकाएदार पुराने हैं।

एक अप्रैल 25 से 30 अगस्त तक 3266 नए मामले सामने हैं। पुराना बकाया 52.15 करोड़ से बढ़कर 1.14 करोड़ हो गया है। 30 अगस्त तक कुल बकाएदार 20974, बकाया धनराशि 53.62 करोड़ हो गई। अभियान चलाकर अप्रैल से अगस्त 2025 तक विभाग ने 9449 से सवा छह करोड़ की वसूली तो कर ली लेकिन यह कुल बकाया का छठां हिस्सा भी नहीं है। अभी भी 10624 तक पहुंच 47.04 करोड़ बकाया वसूलना चुनौती है। परिवहन विभाग का 10624 बकाएदारों पर 47 करोड़ रुपये बकाया है। 9636 को नोटिस जारी किया गया है। इनमें 2982 की आरसी काटी गई है। प्रशासन के सहयोग से इनकी तलाश कर बकाया वसूला जाएगा।

# भारी बारिश से किसान प्रभावित

### उद्धव ने की पूरा कर्ज माफ करने की मांग फडणवीस सरकार पर निशाना भी साधा

मुंबई, 27 सितंबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र में भारी बारिश के चलते किसानों को बड़ा नुकसान का सामना करना पड़ा है। कारण है कि बारिश के चलते फसलें बर्बाद हो गई। साथ ही नौ से ज्यादा किसानों की मौत हो गई। ऐसे में अब शिवसेना (यूबीटी) के प्रमुख उद्धव ठाकरे ने किसानों के लिए पूरी कर्ज माफी की मांग की है। इतना ही नहीं उद्धव ने राज्य की फडणवीस सरकार से प्रभावित किसानों को 50000 रुपये प्रति हेक्टेयर राहत राशि देने के साथ-साथ किसानों की समस्याओं पर चर्चा के लिए विशेष विधान सभा सत्र बुलाने की भी मांग की है। इस दौरान उद्धव ने राज्य की भाजपा सरकार पर जमकर निशाना भी साधा। उन्होंने फडणवीस सरकार पर कटाक्ष करते हुए कहा कि महाराष्ट्र सरकार राज्य को सही तरीके से चला पाने में असमर्थ हैं। वता दें कि महाराष्ट्र के मराठवाड़ा क्षेत्र में 20 सितंबर से भारी बारिश और बढ़ती नदियों की वजह से बड़े पैमाने पर नुकसान हुआ है। सरकार के अनुसार, करीब 30,000 हेक्टेयर से अधिक फसलें बाढ़ में बह गई हैं और कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई। ऐसे में गंभीर स्थिति को देखते हुए मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस शुक्रवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिले और किसानों की मदद के लिए तुरंत राहत पैकेज देने की अपील की। गौरतलब है कि मराठवाड़ा जैसे सूखे इलाके में इस बार भारी बारिश ने किसानों की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। वहीं, दूसरी ओर शिव सेना (यूबीटी) और कांग्रेस ने किसानों के लिए तत्काल राहत की मांग को लेकर अलग-अलग प्रदर्शन करने का एलान किया है।

## अगले 3 दिन इंदौर-जबलपुर संभाग में गिरेगा पानी



भोपाल, 27 सितंबर (एजेंसियां)। मानसून की विदाई के बीच मध्यप्रदेश में अगले 3 दिन तेज बारिश का अलर्ट है। इंदौर-जबलपुर संभाग में पानी गिरेगा। वहीं, भोपाल में बूंदाबांदी होने के आसार हैं। धार, बड़वानी, खरगोन, खंडवा, बुरहानपुर, बैतूल, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, सिवनी और बालाघाट में तेज बारिश हो सकती है। इधर, टीकमगढ़ में सुबह से मौसम का मिजाज बदला हुआ है। शहर में घने बादलों के साथ बारिश शुरू हुई। तवा डैम का जलस्तर भी तेजी से बढ़ रहा है। डैम के कैचमेंट एरिया खासकर पचमढ़ी और अन्य ऊपरी क्षेत्रों में भी भारी बारिश के चलते बांध में लगातार पानी की आवक हो रही है।

# 'देशभक्त सोनम वांगचुक को गिरफ्तार करना तानाशाही का प्रतीक', बोले आप सांसद संजय सिंह

नई दिल्ली, 27 सितंबर (एजेंसियां)। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने लद्दाख को पूर्ण राज्य की मांग कर रहे सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की गिरफ्तारी को लेकर केंद्र की मोदी सरकार पर तीखे हमले किए। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार देशद्रोही है और वांगचुक देशभक्त हैं।

एनएसए लगाकर वांगचुक को गिरफ्तार करना तानाशाही और हिटलरशाही का प्रतीक है।सोनम वांगचुक गांधीवादी तरीके से लद्दाख-कारगिल को पूर्ण राज्य का दर्जा दिलाने के साथ ही वहां के लोगों के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार की मांग कर रहे थे। मोदी सरकार मानसिक दिवालियेपन का शिकार हो गई है। सोनम वांगचुक की गिरफ्तारी पीएम मोदी की बड़ी गलती है। लद्दाख की जनता को आंदोलन करने से रोकना बड़े जन विद्रोह का कारण बनेगा। संजय सिंह ने कहा कि शुक्रवार को सोनम वांगचुक को गिरफ्तार कर लिया गया। वे फेल होने वाले बच्चों को शिक्षा देने का काम करते हैं, जिन्हें हमारी व्यवस्था ताकत नहीं देती। सोनम वांगचुक ने लंबे समय से अपना पूरा जीवन ऐसे बच्चों को समर्पित कर दिया। वे वही व्यक्ति हैं, जिन्होंने पिछले पांच साल से सरकार से छठी अनुसूची के अनुसार लद्दाख के लोगों को उनका हक देने की लगातार मांग की। उनकी मांगों में शिक्षा, रोजगार, जमीन, स्वास्थ्य, लद्दाख-कारगिल को पूर्ण राज्य का दर्जा सहित अन्य दूसरी मांगें हैं। ऐसे सच्चे देशभक्त, गांधीवादी नेता सोनम वांगचुक को आज गिरफ्तार कर उनके ऊपर देशद्रोह की धारा एनएसए लगा दी गई है।



संजय सिंह ने कहा कि सोनम वांगचुक का यह अपराध है कि वे 15-20 दिनों से अनशन कर रहे थे। उन्होंने लद्दाख से दिल्ली तक पदयात्रा की और मोदी जी से बार-बार हाथ जोड़कर अनुरोध किया। क्या यह उनका अपराध था कि वे लद्दाख के लोगों के लिए पूर्ण राज्य की मांग कर रहे थे? संजय सिंह ने कहा कि मोदी सरकार ने आज सोनम वांगचुक को गिरफ्तार करके हिटलरशाही और तानाशाही का उदाहरण दिया है।

बेशक लोगों का सब्र का बांध टूट गया था, लंबे समय से वे आंदोलन करते रहे थे और फिर आंदोलन हिंसा के रास्ते पर चला गया। लेकिन सोनम वांगचुक ने हिंसा को बढ़ावा नहीं दिया, बल्कि वही सबसे पहले बाहर निकले और हाथ जोड़कर लोगों से शांति की अपील की। वांगचुक ने लोगों से अपील करते हुए कहा था कि हिंसा हमारा रास्ता नहीं है और अपना अनशन तोड़ दिया। साथ ही, लोगों से यह भी अपील की कि हमें शांति के रास्ते से अपना अधिकार पाना है और मोदी सरकार ऐसे व्यक्ति को देशद्रोही कह रही है।

# राजौरी गार्डन से बरामद हुआ 3,580 किलो अवैध पटाखों का जखीरा

नई दिल्ली, 27 सितंबर (एजेंसियां)। त्योहारों का मौसम नजदीक आते ही दिल्ली में अवैध पटाखों का कारोबार तेज हो जाता है। सुप्रीम कोर्ट की सख्त पाबंदी के बावजूद लोग मोटा मुनाफा कमाने की लालच में ऐसे कारोबार से बाज नहीं आते। यही कारण है कि आए दिन ऐसे मामलों में बड़े हादसे होते हैं। इस बार दिल्ली पुलिस की सतर्कता से एक बड़ी दुर्घटना टल गई। पश्चिमी जिले के राजौरी गार्डन स्थित विशाल एन्क्लेव इलाके में पुलिस ने छापेमारी कर हजारों किलो अवैध पटाखे बरामद किए हैं। स्पेशल स्टाफ पुलिस की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी की तो एक परिवार के घर से 3,580.4 किलो अवैध पटाखे मिले। मकान के हर कोने, यहां तक कि रसोई तक में पटाखे भरे हुए थे। मौके पर मौजूद परिवार के तीन सदस्य सुशील कक्कड़ (53), उपासना कक्कड़ (50) और शिवम कक्कड़ (28) को रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया। जांच में पता चला कि परिवार मोती नगर में नमकीन और खाद्य सामग्री की दुकान चलाता है, लेकिन त्योहारों पर अवैध पटाखों का कारोबार कर मोटा लाभ कमाने की योजना बना रहा था। पुलिस की जांच से पता चला कि ये पटाखे मेरठ, गुरुग्राम और गाजियाबाद से मंगाए जाते थे। परिवार इन्हें छोटे पैकेटों में पैक कर दिल्ली की मार्केट में ऊंचे दामों पर बेचने की तैयारी में था। पुलिस की मानें तो इतने बड़े पैमाने पर पटाखों का स्टॉक घनी आबादी वाले इलाके में किसी भी चिंगारी से आग का गोला बन सकता था और सैकड़ों जिंदगियों को खतरे में डाल सकता था। डीसीपी दराडे शरद भास्कर ने बताया कि एसीपी विजय सिंह की देखरेख और इंस्पेक्टर राजेश कुमार मौर्य के नेतृत्व में बनी टीम ने यह कार्रवाई की। टीम में एसआई मनीष हल्दा, एएसआई ऋषि, हेड कांस्टेबल उमेश और शमशेर, कॉन्स्टेबल दिनेश और चंदर शामिल थे। पुलिस की इस कार्रवाई से न सिर्फ सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का पालन सुनिश्चित हुआ बल्कि एक बड़ा हादसा भी टल गया। फिलहाल आरोपियों के खिलाफ राजौरी गार्डन थाने में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया है।

# मोहन भागवत बोले- संघ की प्रार्थना मातृभूमि के प्रति समर्पण का सामूहिक संकल्प है

नागपुर, 27 सितंबर (एजेंसियां)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने शनिवार को कहा कि संगठन की 'प्रार्थना' देश और ईश्वर के प्रति स्वयंसेवकों का सामूहिक संकल्प है। मोहन भागवत ने यह बात संघ की प्रार्थना का ऑडियो जारी करने के मौके पर कही। नागपुर में आयोजित कार्यक्रम में मोहन भागवत ने संघ की प्रार्थना का ऑडियो जारी किया। प्रार्थना को गायक शंकर महादेवन ने गाया है। हिंदी में इसकी व्याख्या हरीश भिमानी और मराठी में अभिनेता सचिन खेड़ेकर ने की है। इस मौके पर भागवत ने कहा, यह भारत माता के प्रति भक्ति, प्रेम और समर्पण की अभिव्यक्ति है। यह प्रार्थना इस बात की है कि हम देश को क्या दे सकते हैं और फिर ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि हमें देश की सेवा करने में मदद करें। उन्होंने कहा कि ऑडियो के माध्यम से यह प्रार्थना अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचेगी। भागवत ने कहा कि यह प्रार्थना एक ऐसी भावना है, जो स्वयंसेवकों को भारत माता के प्रति भक्ति, प्रेम और समर्पण के सामूहिक संकल्प में सहारा देती है।



## आर्ट के नाम पर हिंदू धर्म के देवी-देवताओं के बनाए गए अश्लील कार्टून

### कार्टूनिस्ट और गैलरी मालिक के खिलाफ केस दर्ज

मुंबई, 27 सितंबर (एजेंसियां)। मुंबई के कोलाबा में स्थित मस्कारा गैलरी में अश्लील चित्रण और कार्टून को लेकर मुंबई के कोलाबा पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज हुई है। आरोप है कि इस गैलरी में मानव शरीर का अश्लील चित्रण और इसके अलावा हिंदू धर्म के देवी देवताओं के भी अश्लील कार्टून बनाए गए हैं। इस पूरे मामले में मुंबई पुलिस ने कार्टूनिस्ट टी वैकण्णा और गैलरी के मालिक अभय मस्कारा के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस ने बीएनएस की धारा 294, 295, 299 और 3 ( 5 ) के तहत केस दर्ज कर लिया है, और मामले की जांच कर रही है। शिकायतकर्ता के मुताबिक, गैलरी के अंदर भगवान शिव और मां काली के भी अभद्र कार्टून लगाए गए हैं। साथही गैलरी में कहीं भी 18 साल के ऊपर के लोगों के लिए एंट्री या एग्जिट का नोटिफिकेशन भी नहीं रखा गया है। फिलहाल पुलिस इस मामले में जांच कर रही है। ये विवाद ऐसे समय में सामने आया है, जब देश में पहले ही 'आई लव मोहम्मद' पोस्टर्स को लेकर तनाव है। यूपी के बरेली में शुक्रवार को ही जुमे की नमाज के बाद 'आई लव मोहम्मद' पोस्टर विवाद गहरा गया और हिंसा भड़क उठी।

# एसआईआर पर एक शब्द नहीं बोल रहे पिनरई वियन, कांग्रेस ने उठाए सवाल

कोच्चि, 27 सितंबर (एजेंसियां)। बिहार में हुई विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर तमाम विपक्षी दलों ने सवाल खड़े किए हैं। इसके साथ ही चुनाव आयोग और बीजेपी पर कई गंभीर आरोप भी लगाए। हालांकि इस पूरे मामले पर केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने चुप्पी साध रखी है। इस पर कांग्रेस ने आपत्ति जताई है।

इसके साथ ही सवाल खड़ा किया कि जब सभी विपक्षी मुख्यमंत्रियों ने इस पर प्रतिक्रिया दी है, तो आप एसआईआर पर चुप क्यों हैं? कांग्रेस नेता के.सी। वेणुगोपाल ने पिनराई विजयन की चुप्पी पर कहा, "चुनाव से ठीक पहले मतदाता सूची में गड़बड़ी एक ऐसा मुद्दा है, जिसका सभी दल विरोध करते हैं। विपक्ष के सभी मुख्यमंत्रियों ने एसआईआर के खिलाफ प्रतिक्रिया व्यक्त की है।



इस मामले पर चुप रहने वाले एकमात्र मुख्यमंत्री पिनराई विजयन हैं।" कन्नूर में मीडिया को संबोधित करते हुए, कांग्रेस महासचिव केसी। वेणुगोपाल ने कहा, चुनाव से पहले एसआईआर एक ऐसा मुद्दा है, जिसका इंडिया गठबंधन के सभी दल विरोध कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि एम.के. स्टालिन, मानत बनर्जी और हेमंत सोरेन ने भी इसका विरोध किया है। उन्होंने कहा, "वे सभी एसआईआर के विरोध में सामने आए हैं, मुख्यमंत्री विजयन प्रतिक्रिया देने से हिचकिचा रहे हैं।

अब वह केवल केरल के मुद्दे पर ही टिप्पणी कर रहे हैं, जो, मैं कहूंगा, उनके दोहरे मानदंडों को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि इस मामले पर केरल के बजाय पूरे देश पर बोलना चाहिए। केरल के मुख्य चुनाव आयुक्त ने एसआईआर करने से पहले सभी राजनीतिक दलों की एक बैठक बुलाई थी। कांग्रेस और माकपा एसआईआर के खिलाफ सामने आए थे, जबकि बीजेपी ने इसका समर्थन किया था। सोमवार को मुख्य चुनाव अधिकारी रतन यू केलकर ने चुनाव आयोग को पत्र लिखकर केरल में एसआईआर को स्थगित करने का अनुरोध किया, क्योंकि स्थानीय निकाय चुनाव दिसंबर की शुरुआत में होने की संभावना है। माकपा के राज्य सचिव एम वी गोविंदन ने शुक्रवार को मीडिया से कहा कि चुनाव आयोग को केरल में एसआईआर कराने से बचना चाहिए। उन्होंने कहा कि जब मामला सुप्रीम कोर्ट में लंबित है, तो एसआईआर कराना कोर्ट की अवमानना के जैसा ही होगा। उन्होंने कहा, "यह अप्रत्यक्ष तरीके से नागरिकता रजिस्टर लाने का प्रयास है। लिस्ट से प्रवासियों को हटाना नागरिकता रजिस्टर लागू करने के जैसा ही है। इसके लिए चुनाव आयोग का इस्तेमाल किया जा रहा है।



# भारत-अमेरिका ट्रेड टॉक में नया मोड़

## इथेनॉल उत्पादन के लिए होगी अहम खरीदारी!




नई दिल्ली, 27 सितंबर (एजेंसियां)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से भारत पर टैरिफ लगाने के बाद से दोनों देशों के बीच में ट्रेक टॉक का दौर शुरू हुआ है। हाल ही में अमेरिका की टीम ट्रेड डील पर बात करने के लिए भारत आई भी थी। लेकिन बात नहीं बनी।

अब खबर यह सामने आ रही है भारत अमेरिका से इथेनॉल उत्पादन करने के लिए 'कॉर्न' खरीदेगा। इसके लिए दोनों देशों के बीच में बात हो रही है।

एक अधिकारी ने कहा कि नए प्रस्ताव दिए गए हैं। टैरिफ पर डील पर हो रही वार्ताओं के बीच इथेनॉल उत्पादन के लिए मक्का खरीदने पर चर्चा चल रही है। यह नया कदम इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि वाशिंगटन भारत पर अमेरिकी सोयाबीन और मक्का खरीदने का दबाव बना रहा है।

इसका भारत ने आनुवंशिक रूप से संशोधित (जीएम) किस्मों को लेकर चिंताओं का हवाला देते हुए विरोध किया है। लेकिन सरकार कृषि क्षेत्र में मार्केट एक्सेस के संबंध में अपनी सीमाओं पर अड़ी हुई है, ताकि भारत के किसानों की रक्षा की जा सके या जीएम प्रोडक्ट्स को फूड चेन का हिस्सा बनने से रोका जा सके।

**कब तक होगी डील**

एक अन्य अधिकारी ने कहा कि बातचीत सही दिशा में है और हम विंटर सीजन की टाइमलाइन को पूरा करने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन नेक्स्ट राउंड की बातचीत की डेट और लोकेशन अभी डिसाइड नहीं हुई है। दूसरे अधिकारी ने कहा कि यह स्टेजेस में होगी।

हम उसी रास्ते पर चलते रहेंगे जिस पर हमने स्टार्ट किया था। कॉमर्स एंड इंडस्ट्री मिनिस्ट्री ने शुक्रवार को कहा कि दोनों पक्षों ने एग्रीमेंट की पोटेंशियल फ्रेमवर्क पर डिस्कस किया और ट्रेड एग्रीमेंट को जल्द से जल्द पूरा करने के लिए टॉक्स कंटिन्यू रखने का डिसीजन लिया। कॉमर्स एंड इंडस्ट्री मिनिस्टर पीयूष गोयल के लीडरशिप में एक डेलिगेशन 22-24 सितंबर को अमेरिका गया था।

पीयूष गोयल के लीडरशिप वाले डेलिगेशन ने यूनाइटेड स्टेट्स के ट्रेड रिप्रेजेंटेटिव जेमीसन ग्रीर और भारत में अमेरिका के नॉमिनेटेड एम्बेसडर सर्जियो गोर से मुलाकात की। 27 अगस्त को 25% पनिटिव ड्यूटीज की अनाउंसमेंट के बाद, जो टोटल 50% हो गई हैं, दोनों के बीच यह पहली पर्सनल मीटिंग थी।

दोनों पक्ष एक बाइलेटरल ट्रेड एग्रीमेंट (बीटीए) पर टॉक्स कर रहे हैं, जिसके फर्स्ट फेज को उन्होंने विंटर सीजन तक कंप्लीट करने का टारगेट रखा था। इस एग्रीमेंट के लिए उन्होंने फाइव राउंड्स की टॉक्स की हैं। सिक्स्थ राउंड, जो 25-29 अगस्त के लिए शेड्यूल था, पोस्टपोन कर दिया गया।

**अमेरिका से ट्रेड**

मंत्रालय की ओर से कहा गया कि बाइलेटरल ट्रेड मैटर्स पर अमेरिकी गवर्नमेंट के रिप्रेजेंटेटिव्स के साथ मीटिंग्स के अलावा, डेलिगेशन ने भारत और अमेरिका के बीच ट्रेड और इनवेस्टमेंट को बूस्ट करने के लिए मेजर अमेरिकी बिजनेसेज और इनवेस्टर्स के साथ डिस्कस किया। मीटिंग्स को पॉजिटिव रिस्पॉन्स मिला। बिजनेस लीडर्स ने भारत की डेवलपमेंट स्टोरी में कॉन्फिडेंस जताया और भारत में अपनी बिजनेस एक्टिविटीज को फास्ट करने की विश जताई। अगस्त में अमेरिका को गुड्स का एक्सपोर्ट 6.86 बिलियन डॉलर रहा, जबकि इंपोर्ट 3.6 बिलियन डॉलर रहा है।

# बुलेट ट्रेन का पहला हिस्सा 2027 तक तैयार हो जाएगा: अश्विनी वैष्णव



नई दिल्ली, 27 सितंबर (एजेंसियां)। भारत में बुलेट ट्रेन को लेकर काफी समय से तैयारियां चल रही हैं. रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को बताया कि गुजरात के सूरत और बिलिमोरा के बीच 50 किलोमीटर का पहला हिस्सा 2027 तक शुरू हो जाएगा, और पूरी मुंबई-अहमदाबाद लाइन 2029 तक चालू हो जाएगी. बुलेट ट्रेन शुरू होने के बाद मुंबई से अहमदाबाद का सफर सिर्फ 2 घंटे 7 मिनट में पूरा होगा.

रेल मंत्री ने सूरत स्टेशन का दौरा किया, जहां ट्रैक बिछाने और पहला टर्नआउट लगाने का काम चल रहा है. उन्होंने कहा कि प्रोजेक्ट की प्रोग्रेस बहुत अच्छी है. 2027 में सूरत-बिलिमोरा खंड, 2028 में ठाणे-अहमदाबाद खंड, और 2029 तक पूरी लाइन शुरू हो जाएगी. मेन लाइन 320 किमी प्रति घंटा की स्पीड के लिए डिज़ाइन की गई है, जबकि लूप लाइन 80 किमी प्रति घंटा की स्पीड से चलेगी. सेफ्टी के लिए मॉडर्न टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल हो रहा है, जैसे वाइब्रेशन कम करने वाले सिस्टम और तेज हवाओं व भूकंप से बचाव की सुविधाएं. सूरत स्टेशन पर भारी कंस्ट्रक्शन पूरा हो चुका है. ट्रैक लिंकिंग, फिनिशिंग और यूटिलिटी का काम चल रहा है.

पहला टर्नआउट, जहां पटरियां जुड़ती या अलग होती हैं, नई टेक्नोलॉजी जैसे रोलर बेयरिंग और कम्पोजिट स्लीपर के साथ लगाया गया है. वैष्णव ने कहा कि ये प्रोजेक्ट कॉरिडोर के आसपास के शहरों की इकॉनमी को जोड़ेगा और रीजनल डेवलपमेंट को बूस्ट करेगा, जैसा जापान में हाई-स्पीड रेल से हुआ. उन्होंने बीजेपी मेनिफेस्टो में बताए गए चार और बुलेट ट्रेन कॉरिडोर की प्लानिंग का भी जिक्र किया. सूरत का बुलेट ट्रेन स्टेशन यात्रियों के लिए काफी कूल और सुविधाजनक होने वाला है. यहां वेटिंग लाउंज, नर्सरी, शौचालय, और रिटेल शॉप्स जैसी तमाम सुविधाएं मिलेंगी. लिफ्ट और एस्केलेटर होंगे ताकि हर कोई आसानी से ऊपर-नीचे जा सके. बुजुर्गों, दिव्यांगजनों और छोटे बच्चों वाले परिवारों के लिए खास इंतजाम होंगे, जैसे स्पेशल साइनबोर्ड, जानकारी देने वाले कियोस्क और पब्लिक अनाउंसमेंट सिस्टम, ताकि कोई परेशानी न हो.

# अंबानी-अडानी की कंबाइड नेटवर्थ से ज्यादा दान अमेरिका के टॉप 10 दानदाताओं की लिस्ट



नई दिल्ली, 27 सितंबर (एजेंसियां)। अमेरिका के सबसे अमीर दानदाताओं की दौलत में पिछले दो साल में काफी तेजी आई है। लेकिन जिस स्पीड से उनकी दौलत बढ़ी है, उस हिसाब से उन्होंने दान नहीं दिया है। फोर्ब्स के अनुसार अमेरिका के टॉप 25 दानदाताओं ने साल 2024 के अंत तक कुल $241 अरब का दान दिया है। यह मुकेश अंबानी और गौतम अडानी की कंबाइंड नेटवर्थ से ज्यादा है। पिछले साल के मुकाबले 14% ज्यादा है। हालांकि इसी दौरान उनकी कुल नेटवर्थ 18.5% बढ़कर $1.6 ट्रिलियन हो गई है।

अमेरिका के टॉप 10 दानदाताओं की लिस्ट में कौन-कौन शामिल हैं। वॉरेन बफे और जॉर्ज सोरोस जैसे लोग दान देने के मामले में सबसे आगे हैं। वहीं जेफ बेजोस और मार्क जकरबर्ग अपनी कुल नेटवर्थ के मुकाबले बहुत कम हिस्सा दान करते हैं। दान देने के मामले में वॉरेन बफे और उनका परिवार सबसे ऊपर है। 95 साल के हो चुके बफे एक बहुत ही मशहूर निवेशक हैं। वे बर्कशायर हैथवे कंपनी के सीईओ भी हैं। उन्होंने अपने पूरे जीवन में 62 अरब डॉलर का भारीभरकम दान दिया जो उनकी कुल नेटवर्थ का 30% है। उनकी कुल संपत्ति 146.7 अरब डॉलर है। वह दुनिया के अमीरों की लिस्ट में 10वें नंबर पर हैं।

**सोरोस ने कितना दिया दान**

इस लिस्ट में बिल गेट्स और मेलिंडा फ्रेंच गेट्स दूसरे नंबर पर हैं। उन्होंने मिलकर 47.7 अरब डॉलर का दान दिया है जो उनकी कुल नेटवर्थ का 26% है। उनकी कुल संपत्ति 108.6 अरब डॉलर है। ओपन सोसाइटी फाउंडेशन के फाउंडर जॉर्ज सोरोस ने 23 अरब डॉलर का दान दिया है। यह उनकी कुल संपत्ति का 76% है। उनकी कुल संपत्ति 7.2 अरब डॉलर है। इस लिस्ट में अगला नंबर माइकल ब्लूमबर्ग का है जो न्यूयॉर्क शहर के मेयर रह चुके हैं। उन्होंने 21.1 अरब डॉलर का दान दिया है जो उनकी कुल संपत्ति का 17% है। उनकी कुल संपत्ति 104.7 अरब डॉलर है।बेजोस से तलाक ले चुकीं मैकेंजी स्कॉट ने 19.25 अरब डॉलर का दान दिया है। यह उनकी कुल संपत्ति का लगभग 36% है। दुनिया की सबसे अमीर महिलाओं में शुमार स्कॉट की नेटवर्थ 33.6 अरब डॉलर है। मर्लिन साइमन और उनके परिवार ने 9.4 अरब डॉलर का योगदान दिया है। यह उनकी 31 अरब डॉलर की कुल संपत्ति का 23% है। दुनिया की सबसे बड़ी सोशल मीडिया कंपनी मेटा प्लेटफॉर्म के सीईओ मार्क जकरबर्ग और प्रिसिला चान ने 5.1 अरब डॉलर का दान दिया है। यह उनकी कुल संपत्ति का केवल 2.1% है। वह 232.8 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ दुनिया के तीसरे बड़े रईस हैं।

**बेजोस की कंजूसी**

दुनिया के सातवें बड़े रईस स्टीव और कोनी बालमर ने 4.99 अरब डॉलर का दान दिया है। यह उनकी 130.1 अरब डॉलर की कुल संपत्ति का लगभग 3.7% है। ऐमजॉन के फाउंडर और दुनिया के चौथे बडे रईस जेफ बेजोस ने अब तक केवल 4.1 अरब डॉलर का दान दिया है। यह उनकी विशाल 251 अरब डॉलर की कुल संपत्ति का केवल 1.6% है। फिल और पेनी नाइट ने 3.98 अरब डॉलर का दान दिया है। यह उनकी 34.1 अरब डॉलर की कुल संपत्ति का 10% है।

# 1600 करोड़ की धोखाधड़ी; सेबी में पंजीकृत कंपनी के नाम पर बोला झूठ

## 155 करोड़ की 212 अचल संपत्तियां कुर्क



नई दिल्ली, 27 सितंबर (एजेंसियां)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), कोलकाता जोनल कार्यालय ने मेसर्स एलएफएस ब्रोकिंग प्राइवेट लिमिटेड, इससे संबंधित कंपनियों/फर्मों और सैयद जियाजुर रहमान सहित कई व्यक्तियों के खिलाफ धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के तहत चल रही जांच के संबंध में 24.09.2025 को कार्रवाई की है। इसके अंतर्गत 155 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की 212 अचल संपत्तियों को अनंतिम रूप से कुर्क किया गया है। कुर्क की गई संपत्तियों में पश्चिम बंगाल और अन्य राज्यों के कई जिलों में स्थित जमीन के टुकड़े, अपार्टमेंट, होटल, रिसॉर्ट और फैक्ट्री प्लॉट शामिल हैं। जांच के दौरान इन संपत्तियों की पहचान अपराध की आय के रूप में की गई है, जो निवेशकों से 1600 करोड़ रुपये से अधिक की धोखाधड़ी से जुटाई गई थी। निवेशकों को आरोपी व्यक्तियों द्वारा नियंत्रित विभिन्न संस्थाओं के माध्यम से सुनिश्चित उच्च रिटर्न के झूठे वादों के साथ गुमराह किया गया था। ईडी ने पश्चिम बंगाल पुलिस द्वारा आईपीसी, 1860 की विभिन्न धाराओं के तहत एलएफएस ब्रोकिंग, सैयद जियाजुर रहमान और अन्य के खिलाफ दर्ज एफआईआर के आधार पर उक्त मामले की जांच शुरू की थी। इसके अलावा, सैयद जियाजुर रहमान और एलएफएस समूह के खिलाफ गुजरात, ओडिशा और महाराष्ट्र राज्यों में भी कई एफआईआर दर्ज की गई हैं। ईडी की जांच से पता चला है कि सैयद जियाजुर रहमान, दिलीप कुमार मैती, मोहम्मद अनारुल इस्लाम और उनके साथियों सहित मास्टरमाइंड, सेबी पंजीकरण प्रमाणपत्रों में हेराफेरी करके अवैध निवेश योजनाएं चलाते थे। निवेशकों से उनकी राशि पर 2-3% तक की गारंटीकृत मासिक रिटर्न प्रदान करने की बात कहते थे। इसके बाद निवेशकों के धन को इकट्ठा करने और डायवर्ट करने के लिए संस्थाओं के एक जाल का इस्तेमाल करते थे। आरोपी व्यक्तियों ने मेसर्स एलएफएस ब्रोकिंग प्राइवेट लिमिटेड की आड़ में अवैध कारोबार संचालित किया, जो शेयर ब्रोकिंग और अन्य निवेश गतिविधियों के लिए सेबी में पंजीकृत कंपनी है।

हालांकि, उन्होंने जानबूझकर मेसर्स एलएफएस ब्रोकिंग प्राइवेट लिमिटेड के समान नामों वाली कई अन्य फर्मों को लॉन्च किया। निवेशकों को यह विश्वास दिलाने के लिए गुमराह किया गया कि वे सेबी-पंजीकृत कंपनी में निवेश कर रहे हैं, जबकि वास्तव में फंड को एलएफएस ब्रोकिंग और पीएमएस सर्विसेज व अन्य समान नाम वाली फर्मों में डायवर्ट किया गया था। इससे पहले, ईडी ने मामले में मास्टरमाइंड सैय्यद जियाजुर रहमान सहित छह लोगों को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तार व्यक्ति वर्तमान में न्यायिक हिरासत में हैं। इसके अलावा, इस मामले में 10 आरोपियों के खिलाफ विशेष न्यायालय, कोलकाता के समक्ष अभियोजन शिकायत भी दायर की गई है।

# अडानी बनेंगे डूबते जहाज का 'सहारा'

## एक साथ 88 प्रॉपर्टीज खरीदने की तैयारी!




नई दिल्ली, 27 सितंबर (एजेंसियां)। भारत और एशिया के दूसरे सबसे बड़े रईस गौतम अडानी बड़ा धमाका करने की तैयारी में है। वह मुश्किलों में घिरे सहारा समूह की कई प्रॉपर्टीज खरीदने की तैयारी में है। इनमें महाराष्ट्र में एंबी वैली, लखनऊ का सहारा शहर और मुंबई के सहारा स्टार होटल शामिल है। अडानी ग्रुप के साथ सहारा ग्रुप की 88 प्रॉपर्टीज खरीद सकता है। यह भारत की सबसे बड़ी प्रॉपर्टी डील हो सकती है। रिपोर्ट में दो कानूनी सूत्रों के हवाले से यह दावा किया गया है।

रिपोर्ट के मुताबिक अडानी ग्रुप की रियल एस्टेट कंपनी अडानी प्रॉपर्टीज प्राइवेट लिमिटेड सहारा ग्रुप की कई खास प्रॉपर्टीज को खरीदने की तैयारी में है। सूत्रों के मुताबिक सहारा अपनी प्रॉपर्टीज को टुकड़ों में बेचने के बजाय एक साथ बेच रहा है। इनमें वे प्रॉपर्टीज शामिल हैं जिन्हें सहारा का क्राउन ज्वेल्स कहा जाता है।

इनमें महाराष्ट्र में 8810 एकड़ में फैली एंबी वैली सिटी और मुंबई एयरपोर्ट के पास स्थित सहारा स्टार होटल शामिल हैं। साथ ही कई राज्यों में फैली ग्रुप की प्रॉपर्टीज भी अडानी ग्रुप के हवाले की जा सकती हैं।

रिपोर्ट में कहा गया है कि अडानी ग्रुप सहारा की प्रॉपर्टीज के खरीदने के लिए एकमुश्त पैसा दे सकता है।

हालांकि यह डील आसान नहीं है क्योंकि सहारा ग्रुप के जुड़े कई मामले अदालत में चल रहे हैं। ग्रुप की कई कंपनियां मार्केट रेगुलेटर सेबी की जांच से गुजर रही हैं। सहारा ग्रुप को लाखों निवेशकों का पैसा वापस करना है, जो उन्होंने सहारा की योजनाओं में लगाया था। इस विवाद के कारण सहारा ग्रुप की कई प्रॉपर्टीज अटकी हुई हैं और उन्हें बेचना बहुत मुश्किल हो रहा है।

ग्रुप से जुड़े दस्तावेजों के मुताबिक सहारा ग्रुप ने पहले भी अपनी प्रॉपर्टीज को बेचने की कई कोशिशें की थीं, लेकिन उसके कामयाबी नहीं मिली।

इसके पीछे कई कारण थे। पहला कारण यह था कि बाजार की हालत अच्छी नहीं थी और सहारा को अपनी संपत्तियों की अच्छी कीमत नहीं मिल रहे थी। दूसरी वजह यह थी कि उसे कोई भरोसेमंद और बड़ा खरीदार नहीं मिल रहा था, जो इतनी बड़ी प्रॉपर्टीज को खरीदने में दिलचस्पी दिखाए। तीसरा कारण यह था कि सहारा ग्रुप पर कई मुकदमे चल रहे थे।

# अमेरिकी टैरिफ से निपटने के लिए 10 देश एकजुट ट्रंप के देश में ही बैठकर जयशंकर ने बताया प्लान?



नई दिल्ली, 27 सितंबर (एजेंसियां)। भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा है कि ब्रिक्स देशों को वैश्विक व्यापार व्यवस्था पर हो रहे दबाव और चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार रहना होगा। उन्होंने कहा कि बढ़ते संरक्षणवाद, ऊंचे-नीचे टैरिफ और गैर-शुल्क बाधाएं व्यापार को प्रभावित कर रही हैं, ऐसे में ब्रिक्स को बहुपक्षीय व्यापार व्यवस्था की रक्षा करनी चाहिए। जयशंकर ने यह बात शुक्रवार को ब्रिक्स देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक में कही। हालांकि जयशंकर ने अपने बयान में अमेरिका का नाम सीधे तौर पर नहीं लिया।

**संयुक्त कार्रवाई का प्रस्ताव रखा**

बैठक में भाग लेने वाले इथियोपिया के विदेश राज्य मंत्री हदेरा अबेरा अदमासु ने भी संयुक्त कार्रवाई का प्रस्ताव रखा। उन्होंने कहा कि ब्रिक्स को शांति स्थापित करने, वैश्विक संस्थाओं में सुधार लाने और विकासशील देशों के लिए न्यायपूर्ण व सुरक्षित माहौल बनाने में अहम भूमिका निभानी चाहिए। जयशंकर ने यह भी कहा कि जब बहुपक्षीय व्यवस्था दबाव में है, तब ब्रिक्स ने हमेशा विवेकपूर्ण और सकारात्मक बदलाव की आवाज उठाई है। भारतीय विदेश मंत्री ने आईबीएसए (भारत, ब्राजील और दक्षिण अफ्रीका का समूह) के विदेश मंत्रियों की बैठक में भी हिस्सा लिया। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार की जरूरत पर जोर दिया गया। साथ ही आईबीएसए के शैक्षणिक मंच, समुद्री अभ्यास, ट्रस्ट फंड और आपसी व्यापार पर चर्चा हुई। ब्रिक्स मंत्रियों की बैठक में संयुक्त राष्ट्र सुधारों पर भी चर्चा हुई। जयशंकर ने मंत्रियों से कहा, 'व्यापार प्रणाली से परे, ब्रिक्स को संयुक्त राष्ट्र के प्रमुख अंगों, विशेष रूप से सुरक्षा परिषद में व्यापक सुधार के लिए भी जोरदार प्रयास करना चाहिए।' उन्होंने कहा, 'एक अशांत विश्व में, ब्रिक्स को शांति स्थापना, संवाद, कूटनीति और अंतरराष्ट्रीय कानून के पालन के संदेश को सुदृढ़ करना चाहिए।' विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि भारत की प्राथमिकता खाद्य और ऊर्जा सुरक्षा, जलवायु परिवर्तन और सतत विकास होगी। इसके लिए डिजिटल बदलाव, स्टार्टअप्स, नवाचार और मजबूत विकास साझेदारी पर जोर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी और नवाचार ब्रिक्स सहयोग के अगले चरण को परिभाषित करेंगे।

बता दें कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पहले ही धमकी दी थी कि ब्रिक्स देशों पर अतिरिक्त टैरिफ लगाया जाएगा। इसके अलावा, उन्होंने अन्य आधारों पर भारत और ब्राजील पर कुल 50 प्रतिशत और दक्षिण अफ्रीका से होने वाले अधिकांश आयातों पर 30 प्रतिशत टैरिफ लगाया है। ट्रंप ने ब्रिक्स पर नाराजगी जताई है। उनका कहना है कि ब्रिक्स अपनी अलग मुद्रा बनाकर अंतरराष्ट्रीय व्यापार में डॉलर को चुनौती देना चाहता है। हालांकि भारत ने साफ कर दिया कि ब्रिक्स की कोई नई मुद्रा लाने की योजना नहीं है।

# पीयूष गोयल ने रूसी उप प्रधानमंत्री से की मुलाकात

## व्यापार और औद्योगिक सहयोग पर हुई अहम बातचीत



नई दिल्ली, 27 सितंबर (एजेंसियां)। केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को रूस के उप प्रधानमंत्री दिमित्री पेत्रुशेव से मुलाकात की। इसमें दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय आर्थिक और व्यापार संबंधों को मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा हुई।

मंत्री गोयल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि भारत और रूस साझेदारी को और गहरा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच व्यापार, सेवाओं और औद्योगिक सहयोग के नए क्षेत्रों की खोज पर बातचीत हुई।

उन्होंने जोर देकर कहा कि इस सहयोग से आपसी विकास के लिए बड़े अवसर खुलेंगे और भारत-रूस के रणनीतिक संबंध और मजबूत होंगे।

सरकारी सूत्रों के अनुसार जब पात्रुशेव भारत आए, जहां उन्होंने प्रमुख मंत्रालयों के वरिष्ठ प्रतिनिधियों से मुलाकात की। गोयल के साथ उनकी बैठक में निगरानी एजेंसियों के कामकाज को मजबूत करने, मत्स्य पालन क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने और रूसी मांस एवं डेयरी उत्पादों के लिए भारतीय बाजार खोलने पर ध्यान केंद्रित किया गया। रूसी उप-प्रधानमंत्री ने भारत और यूरेशियन आर्थिक संघ के बीच मुक्त व्यापार समझौते में तेजी लाने की जरूरत पर भी जोर दिया। पत्रुशेव ने केंद्रीय स्वास्थ्य व परिवार कल्याण और रसायन व उर्वरक मंत्री जगत प्रकाश नड्डा के साथ खनिज उर्वरकों की आपूर्ति में सहयोग बढ़ाने पर भी चर्चा की। चर्चा के दौरान, उन्होंने कहा कि रूस भारत के साथ अपनी रणनीतिक साझेदारी जारी रखने और पारस्परिक रूप से लाभकारी सहयोग बढ़ाने में रुचि रखता है।

**दोनों देशों के बीच कृषि व्यापार में हुई वृद्धि**

रूसी उप-प्रधानमंत्री ने केंद्रीय कृषि व किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान से भी मुलाकात की।

बैठक में कृषि आपूर्ति की मात्रा और सीमा में संभावित वृद्धि पर चर्चा हुई। रूस ने भारत को वनस्पति तेलों, फलियों और अन्य उत्पादों के निर्यात में वृद्धि की संभावना पर प्रकाश डाला। पात्रुशेव ने बताया कि दोनों देशों के बीच कृषि व्यापार में तेजी से वृद्धि हुई है और 2024 में इसमें 60 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की जाएगी। दोनों पक्षों में अनुसंधान संस्थानों के बीच सीधे संपर्क स्थापित करने पर चर्चा हुई।

## दैनिक पंचांग

### ग्रह गोचर



श्री सिद्धार्थी नामक संवत्सर-विक्रम संवत्- 2082
शक संवत् -1947, सूर्य दक्षिणायने,ऋतु- शरद
महावीर निर्वाण संवत् -2551
कलियुग अवधि-432000 — सूर्योदय 06-09
भोग्य कलि वर्ष-426874 — सूर्यास्त. 18-03
कलियुग संवत् -5126 वर्ष,
कल्पारंभ संवत् -1972949126
सृष्टि ग्रहारंभ संवत्-1955885126
दिशाशूल - पश्चिम - पान खाकर घर से निकले
मास - आश्विन शुक्ल रविवार 28 September
तिथि - षष्ठी 14-27 तक उपरान्त सप्तमी
नक्षत्र - ज्येष्ठा 03-54 तक उपरान्त मूल
योग - आयुष्मान 00-31 तक उप सौभाग्य
गर - तैतिल 14-27 तक उप गर
विशेष - नवरात्रि
व्रत -त्यौहार - शहीद भगतसिंह ज.

| ग्रह स्थिति | | लग्न |
|---|---|---|
| सूर्य | कन्या | कन्या-- 05-23 बजे |
| चन्द्र | वृश्चिक | तुला---- 07-29 बजे |
| मंगल | तुला | वृश्चिक... 09-40 बजे |
| बुध | कन्या | धनु...... 11-52 बजे |
| गुरु | मिथुन | मकर... 13-58 बजे |
| शुक्र | सिंह | कुंभ.... 15-49 बजे |
| शनि | मीन | मीन.... 17-27 बजे |
| राहु | कुंभ | मेष..... 19-03 बजे |
| केतु | सिंह | वृष.... 20-48 बजे |
| | | मिथुन.. 22-48 बजे |
| | | कर्क... 01-01 बजे |
| | | सिंह--- 03-13 बजे |

विशेष:- राशिफल ग्रहों के गोचर के आधार पर लिखा गया है।सूक्ष्म फलादेश के लिए जन्म पत्रिका की सूक्ष्म स्थिति व दशान्तर्दशा को विशेष प्रभावित समझना चाहिए ।

राहुकाल 16-36 से 18-06 तक

पं महेशचन्द्र शर्मा 9247132654 9167555710

| दिन का चौघड़िया | रात का चौघड़िया |
|---|---|
| उत्पात 06-09 - 07-37 अशुभ | शुभ। 18-03 - 19-36 शुभ |
| चंचल 07-36 - 09-07 शुभ | अमृत 19-36 - 21-06 शुभ |
| लाभ 09-10 - 10-37 शुभ | चंचल 21-06 - 22-37 शुभ |
| अमृत 10-37 - 12-07 शुभ | रोग 22-37 - 00-07 अशुभ |
| काल 12-07 - 13-36 अशुभ | काल 00-07 - 01-37 अशुभ |
| शुभ 13-36 - 15-06 शुभ | लाभ 01-37 - 03-07 शुभ |
| रोग 15-06 - 16-36 अशुभ | उत्पात 03-07 - 04-37 अशुभ |
| उत्पात 16-36 - 18-03 अशुभ | शुभ 04-37 - 06-04 शुभ |

## आपका राशिफल

**मेष** (चू,चे, चो,ला, ली, लू, ले, लो, अ,)
आज आपको अप्रत्याशित रूप से खोया धन मिल सकता है , जिससे आसानी से आप अपनी सभी वित्तीय प्रतिबद्धताओं को पूरा कर पायेंगे । यह आपकी वर्तमान वित्तीय स्थिति को काफी राहत प्रदान करने वाला होगा , हालांकि इस धन को बहुत बुद्धिमानी से खर्च करना होगा क्योंकि हो सकता है की आपका ये धन ख़त्म या कम हो जाये लेकिन आपके दायित्वों का निर्वाह पूरा न हो पाये ।

**वृष** (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे, वो)
आज आपका नाम होगा और आपको प्रसिद्धि भी मिलेगी । आप आज तर्क के स्थान पर अपने दिल की आवाज और प्रवृति के आधार पर फैसले कर सकते हैं,लेकिन वे भी वित्त के मामले में लाभकारी ही साबित होंगे । आप इन दिनों फैसले लेने में सबसे अधिक महत्ता अपने मन की आवाज को देते हैं ।

**मिथुन** (का, की, कु, घ, ङ, छ, के, को, ह,)
आपके मन में कुछ ऐसा चल रहा है जिससे आप परेशानी महसूस कर रहे हैं,आप पिछली कुछ बातों के बारे में सोचकर परेशान हैं ।अपने किसी करीबी दोस्त या सम्बन्धी के साथ अपनी भावनाएं बांटिये,आपको काफी अच्छा महसूस होगा । ये सारी घटनाएँ आपको मजबूत बनाने के लिए हैं ।

**कर्क** (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो,)
आपकी कोई ऐसी निजी घटना है जो आपको रोके हुए है और आपकी तरक्की की राह में बाधा बन रही है ।अगर आप खुद को गंभीर मुसीबतों से बचाना चाहते हैं तो इन मुद्दों को सुलझा लें । अपने रिश्तों की महत्ता समझने की कोशिश करें , अपने प्रयासों को रिश्तों की अहमियत देखकर ही निर्धारित करें ।

**सिंह** (मा, मी ,मू ,मे, मो, टा, टी ,टू ,टे,)
आपकी कोई ऐसी निजी घटना है जो आपको रोके हुए है और आपकी तरक्की की राह में बाधा बन रही है ।अगर आप खुद को गंभीर मुसीबतों से बचाना चाहते हैं तो इन मुद्दों को सुलझा लें । अपने रिश्तों की महत्ता समझने की कोशिश करें , अपने प्रयासों को रिश्तों की अहमियत देखकर ही निर्धारित करें ।

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो)
आपके अफसर आपसे पुरानी रंजिश निकालने के लिए आपके काम में देर कर सकते हैं । आप इसके कारण बहुत चिंता करेंगे,क्योंकि इससे न केवल आपकी वर्त्तमान स्थिति बल्कि आगे आने वाली योजनायें भी प्रभावित होंगी । इस समय अपनी घरेलू खुशियों के कारण खुश रहें क्योंकि इससे आपको नया उत्साह मिलेगा ।

**तुला** (रा, री, रू ,रे ,रो , ता, ती, तू ,ते,)
आज आपको अपनी आरामदायक स्थिति से बाहर आकर कुछ गंभीर प्रयास करने हैं । सावधान रहें कि बिलकुल परम्पराओं के अनुसार चलने से आपको कुछ हासिल नही होगा। गंभीर होकर प्रयास करने से ही आपको बहाव के साथ बहते रहने के स्थान पर जीवन जीने की सही भावना आएगी ।

**वृश्चिक** (तो,ना,नी, ने,नू, नो, या, यी ,यू,)
आपकी निजी और कामकाजी जिन्दगी में कुछ बदलाव आने वाले हैं जिनसे आप असुरक्षित और चिंतित महसूस करेंगे । लेकिन इसे अपने ऊपर हावी ना होने दें और संतुलन बनाये रखें । कोई आपसे बदला लेने की कोशिश में है,इससे स्थिति और भी खराब हो सकती है ।

**धनु** (ये, यो,भा, भी, भू धा ,फा, ढा, भे)
छोटी छोटी परेशानियां और असहमतियां दिन भर सामने आती रहेंगी । आपको इन छोटी छोटी बातों की उपेक्षा कर देनी है,नही तो आप अपनी मानसिक शांति को नष्ट कर लेंगे । अपनी समस्याएँ किसी के साथ बांटने की कोशिश करें,आपको अच्छा अनुभव होगा । एकांत की गतिविधियाँ आज बहुत अच्छी रहेंगी ।

**मकर** (भो, ज, जी, खो, खू, खे, खो, गा, गी)
आज आप बहुत जल्दी में हैं । आपको अपने सब कामों को निपटाने की गति जरा धीमी करनी होगी क्योंकि जल्दी मे काम निपटाने के चक्कर में आपसे गलतियाँ हो सकती हैं । इसीलिए धीमे चलें । इस बात का विशेष ध्यान रखें कि आप क्या कह और कर रहें हैं । आपको अपने कार्य को संतोषजनक ढंग से पूरा करने के लिए सभी बारीकियों पर ध्यान देने की जरुरत है ।

**कुंभ** (गु, गे ,गो, सा, सी, सू, से, सो, दा)
आज का दिन गृहों की स्थिति के कारण उलझन में डालने वाला रहेगा । आप किसी परेशान करने वाली समस्या के बारे में लगातार सोचते रहेंगे । लेकिन केवल सोचते रहने से कुछ समाधान हाथ न लगेगा । आप जैसा सोच रहे थे आज आपको उससे विपरीत सूचनाएं मिलेंगी जिसके कारण आपको अपने पहले से सोचे हुए में बदलाव करना पड़ेगा ।

**मीन** (दी, दू,थ, झ, ञ, दे, दो, चा,ची)
आपके अनिर्णय की स्थिति से बिना बात की परेशानी पैदा हो सकती है । परिवार से जुड़े और रियल एस्टेट से जुड़े हुए मुद्दों को आपको अब गंभीरता से लेने की जरुरत है ।आपको इनसे सम्बंधित कोई पत्र प्राप्त होगा । पुरानी अधूरी -अनसुलझी बातें अब आपको परेशान करेंगी और आप इन्हें सुलझाए बिना आगे नहीं बढ़ सकते ।

श्री पंचागुली ज्योतिष केन्द्र

# जमीन से निकली थी देवी की मूर्ति, भक्ति में लीन हो खौलते तेल की कड़ाही में कूद जाते थे राजा




जबलपुर। मध्य प्रदेश के माता त्रिपुर सुंदरी मंदिर को 11वीं शताब्दी में राजा कर्ण देव ने बनवाया था। यह मंदिर कलचुरी कालीन है। दावा है कि मंदिर में स्थापित देवी की मूर्ति जमीन से निकली थी। माता को त्रिपुर सुंदरी इसलिए कहा जाता है क्योंकि तीनों लोक में इनसे सुंदर कोई नहीं है। शिलालेख में यह बात दर्ज है। मान्यता है कि मंदिर में नारियल बांधने से मनोकामना पूरी होती है। यह मंदिर जबलपुर शहर से करीब 13 किलोमीटर दूर भेड़ाघाट रोड पर तेवर गांव में स्थित है। मंदिर में भक्तों का जनसैलाब उमड़ता है।

मंदिर में स्थापित माता की मूर्ति केवल एक शिलाखंड के सहारे पश्चिम दिशा की ओर मुंह किए हुए अधलेटी अवस्था में है। मंदिर में मां महाकाली, मां महालक्ष्मी और मां सरस्वती की विशाल मूर्तियां स्थापित हैं। तीनों ही माताएं शक्ति के रूप में मूर्ति में विराजमान हैं। देवियां कलचुरी राजा कर्ण देव की कुलदेवी थीं।

खौलते तेल की कड़ाही में कूद जाते थे राजा

मंदिर के पुजारी रामकिशोर दुबे ने लोकल 18 को बताया कि राजा कर्ण देव मां के अनन्य भक्त थे। राजा भक्ति में इतने लीन हो जाते थे कि वह खौलते तेल की कड़ाही में कूद जाया करते थे। मां का आशीर्वाद प्राप्त होने से राजा ठीक हो जाया करते थे। वहीं मां प्रसन्न होकर उन्हें सवा मन सोना देती थीं। मंदिर का प्रबंधन पुरातत्व विभाग करता है। यहां खुदाई में कलचुरी कालीन के अवशेष भी मिल चुके हैं। कलचुरी काल के पतन के बाद तेवर में जंगल हुआ करता था और आज भी मंदिर जंगलों के बीच बना हुआ है, जहां नजदीक में ही तेवर बस्ती बसी हुई है।

त्रिपुर केंद्र तांत्रिक पीठ

इतिहासकार डॉ आनंद सिंह राणा लोकल 18 को बताते हैं त्रिपुर केंद्र तांत्रिक पीठ भी हुआ करता था, जहां कठोर साधना कर भगवान शिव को प्रसन्न किया जाता था। पुरातत्व विभाग इस मंदिर के नजदीक खुदाई भी कर चुका है। यहां एक व्यवस्थित नगर होने की भी पुष्टि की जा चुकी है। मंदिर के आसपास खुदाई करने पर कलचुरी काल की सामग्री निकल चुकी है। त्रिपुर सुंदरी के इस मंदिर में बाकी दिनों की अपेक्षा नवरात्रि में काफी भीड़ रहती है। सुबह से लेकर रात तक श्रद्धालु माता रानी के दर्शन करने पहुंचते हैं।

डॉलर और यूरो का चढ़ावा

त्रिपुर सुंदरी के मंदिर में सिर्फ देश से ही नहीं बल्कि विदेश से भी भक्त आते हैं, जिसका खुलासा दान पेटी से होता है। चढ़ावे के तौर पर भक्तों द्वारा डॉलर और यूरो तक चढ़ाए जाते हैं। सेलिब्रिटीज भी माता के दर्शनों के लिए मंदिर आते हैं।

## दुर्गा जी को लाल फूल ही क्यों चढ़ाया जाता है

**लाल रंग का देवी से गहरा रिश्ता**

लाल रंग को शक्ति, साहस और ऊर्जा का प्रतीक माना जाता है। मां दुर्गा, जो राक्षसों का संहार करने वाली और संसार की रक्षा करने वाली देवी मानी जाती हैं, उनका स्वरूप भी तेज और उग्र होता है। इसलिए लाल रंग को उनका प्रिय माना गया है। देवी दुर्गा की मूर्तियों में आपने देखा होगा कि उनकी साड़ी, चुनरी, यहां तक कि आभूषणों में भी लाल रंग प्रमुख रहता है। यह रंग मां की युद्ध शक्ति और भक्तों के प्रति प्रेम को दर्शाता है।

**लाल फूलों का विशेष महत्व**

पंडितों के अनुसार, पूजा में फूल चढ़ाना सिर्फ एक परंपरा नहीं है, बल्कि ये भक्ति का भाव है। जब हम किसी को फूल देते हैं तो वह हमारे प्रेम और सम्मान का प्रतीक होता है। ठीक वैसे ही, देवी को फूल चढ़ाना उनके प्रति हमारी आस्था को दर्शाता है। लाल गुड़हल का फूल खासकर मां दुर्गा को बहुत प्रिय है। कहा जाता है कि इस फूल में जो तेज और चमक होती है, वो मां की शक्ति को दर्शाता है। यह फूल मां को बहुत जल्दी प्रसन्न कर देता है और उनकी कृपा पाने में मदद करता है।

## नवरात्रि का सातवां दिनः मां कालरात्रि की आराधना से हर तरह का भय होगा नष्ट




नवरात्रि के सातवें दिन माता दुर्गा के कालरात्रि स्वरूप की पूजा की जाती है। देवी का यह रूप ऋद्धि-सिद्धि प्रदान करनेवाला है। सातवें दिन मां कालरात्रि की पूजा करके हम अपने क्रोध पर विजय पाना सीखते हैं।

दुर्गा पूजा का सातवां दिन तंत्र क्रिया की साधना करनेवाले भक्तों के लिए अति महत्वपूर्ण होता है। सप्तमी पूजा के दिन तंत्र साधना करनेवाले साधक मध्य रात्रि में देवी की तांत्रिक विधि से पूजा करते हैं। इस दिन मां की आंखें खुलती हैं। दुर्गा पूजा में सप्तमी तिथि का काफी महत्व बताया गया है।

मां कालरात्रि का स्वरूप देखने में अत्यंत भयानक है, इनका वर्ण अंधकार की भांति काला और केश बिखरे हैं। मां कालरात्रि के तीन नेत्र ब्रह्मांड की तरह विशाल व गोल हैं, जिनमें से बिजली की भांति किरणें निकलती रहती हैं। मां का यह भय उत्पन्न करने वाला स्वरूप केवल पापियों का नाश करने के लिए है, अपने भक्तों पर मां स्नेह की वर्षा करती हैं। कालरात्रि माता को काली का रूप भी माना जाता है। इनकी उत्पत्ति देवी पार्वती से हुई है।

तपस्या के कारण देवी पार्वती का रंग श्याम हो गया। एक दिन भगवान शिव ने पार्वती से मजाक में कह दिया काली और पार्वती नाराज होकर कैलास के तपस्या करने चली गईं। तपस्य पूर्ण होने पर जब देवी पार्वती ने गंगा स्नान किया तो उनका रंग उज्जवल चंद्रमा के समान गौर हो गया और देवी गौरी कहलाने लगीं। देवी का श्याम वर्ण एक अन्य स्त्री के रूप में प्रकट हुआ जो कौशकी और काली कहलाया। काली ने रक्तबीज और चंड-मुंड का संहार कर देवताओं की रक्षा की। देवी भागवत पुराण के अनुसार देवी काली की पूजा करने वालों के लिए इस जगत में मौजूद कोई भी चीज दुर्लभ नहीं माता अपने भक्तों की हर मुराद पूरी करती हैं।मां की साधना करते समय इस मंत्र का जप करना चाहिए। यह कालरात्रि देवी का सिद्ध मंत्र है...

'ऊं ऐं ह्रीं क्लीं चामुण्डायै विच्चै ऊं कालरात्रि दैव्ये नमः।' इस बीज मंत्र का जप करना चाहिए

कालरात्रि माताः ध्यान मंत्र यह है...

**एकवेणी जपाकर्णपूरा नग्ना खरास्थिता,**
**लम्बोष्टी कर्णिकाकर्णी तैलाभ्यक्तशरीरिणी।**
**वामपादोल्ल सल्लोहलता कण्टक भूषणा,**
**वर्धनमूर्धध्वजा कृष्णा कालरात्रिर्भयङ्करी॥**


## शनि 3 अक्टूबर को बदलेंगे नक्षत्र

## इन राशियों को मिलेगा मेहनत का अच्छा परिणाम



शनि ग्रह 3 अक्टूबर से गुरु ग्रह के नक्षत्र पूर्वाभाद्रपद में गोचर करेंगे और इस पूरे वर्ष भर इसी नक्षत्र में रहेंगे। शनि के नक्षत्र बदलने से कुछ राशियों के जीवन में भी सकारात्मक बदलाव देखने को मिल सकते हैं। इन राशियों को करियर और कारोबार के क्षेत्र में अच्छे परिणाम प्राप्त हो सकते हैं। आइए जानते हैं कौन सी हैं ये राशियां।

**वृषभ राशि**



शनि का नक्षत्र परिवर्तन वृषभ राशि के लोगों के लिए बेहद शुभ साबित हो सकता है। आपको करियर के क्षेत्र में उचित परिणाम प्राप्त हो सकते हैं। अगर जॉब में परिवर्तन करने का विचार बना रहे थे तो आपका यह ख्वाब पूरा हो सकता है। वहीं कार्यक्षेत्र में आपके द्वारा किए गए कार्यों को भी सराहा जाएगा। विद्यार्थियों को भी उन्नति शनि के नक्षत्र परिवर्तन से मिलेगी। पारिवारिक संबंधों में भी आपको सकारात्मक बदलाव देखने को मिल सकता है।

**मिथुन राशि**

शनि का नक्षत्र परिवर्तन करना आपके आत्मविश्वास को बढ़ाएगा। इस दौरान अपना कार्य इस राशि के कुछ लोग शुरू कर सकते हैं। करियर क्षेत्र में भी उन्नति आप प्राप्त कर सकते हैं। सीनियर्स आपके काम की तारीफ करेंगे। जो काम बीते समय से पूरे नहीं हो पा रहे थे उन्हें भी अब आप पूरा कर सकते हैं। प्रतियोगी परीक्षा में हिस्सा लेने वाले इस राशि के लोगों को सफलता मिल सकती है। सेना, पुलिस आदि क्षेत्रों में कार्यरत लोगों को भी उन्नति के अवसर प्राप्त होंगे।

**तुला राशि**

शनि के नक्षत्र परिवर्तन के बाद आप अपने प्रतिद्वंदियों पर हावी नजर आएंगे। आपके शत्रुओं की पराजय होगी। कार्यक्षेत्र में अबतक अगर स्थिति प्रतिकूल थी तो अब चीजें ठीक होंगी। आपके द्वारा किए गए कार्यों का अच्छा परिणाम भी आपको प्राप्त हो सकता है। इस दौरान आपके संचित धन में भी वृद्धि होगी और घर परिवार में भी खुशियों का माहौल रहेगा। इस राशि के जातकों की सेहत में भी अच्छे बदलाव शनि के नक्षत्र परिवर्तन के बाद देखने को मिल सकते हैं।

## अष्टमी और नवमी पर कन्या जिमाने का शुभ मुहूर्त

नवरात्रि का पावन पर्व कन्या पूजन के बिना अधूरा माना जाता है। कहते हैं नवरात्रि की अष्टमी या नवमी पर कन्या पूजन जरूर करना चाहिए। इस पूजन में कन्याओं को घर पर बुलाया जाता है और उन्हें हलवा, पूरी और चने का भोग लगाया जाता है। फिर उनके पैर छूकर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया जाता है। कन्याओं के भोजन करने के बाद व्रती अपने व्रत का पारण करते हैं। चलिए आपको बताते हैं इस साल कन्या पूजन की टाइमिंग क्या रहेगी।

नवरात्रि में कन्या पूजन 30 सितंबर और 1 अक्टूबर दोनों दिन किया जाएगा। 30 सितंबर 2025 को अष्टमी कन्या पूजन रहेगा और 1 अक्टूबर 2025 को नवमी कन्या पूजन रहेगा।

**कन्या पूजन मुहूर्त**

कन्या पूजन के लिए सबसे शुभ समय अभिजीत मुहूर्त का माना जाता है। वैसे आप सुबह से लेकर दोपहर तक के बीच में कभी भी कन्या पूजन कर सकते हैं। कन्या पूजन से पहले हवन पूजन जरूर करें।

**अष्टमी कन्या पूजन मुहूर्त**

महाष्टमी पर कन्या पूजन का पहला शुभ मुहूर्त 30 सितंबर की सुबह 5:01 बजे से लेकर सुबह 6:13




**नवरात्रि में कन्या पूजन 30 सितंबर और 1 अक्टूबर दोनों दिन किया जाएगा। 30 सितंबर 2025 को अष्टमी कन्या पूजन रहेगा और 1 अक्टूबर 2025 को नवमी कन्या पूजन रहेगा।**

बजे तक रहेगा। दूसरा मुहूर्त सुबह 10 बजकर 41 मिनट से दोपहर 12 बजकर 11 मिनट तक रहेगा।

**नवमी कन्या पूजन मुहूर्त**

नवमी पर कन्या पूजन का पहला शुभ मुहूर्त सुबह 5 बजकर 1 मिनट से सुबह 6 बजकर 14 मिनट तक रहेगा। दूसरा शुभ मुहूर्त दोपहर को 2 बजकर 9 मिनट से लेकर 2 बजकर 57 मिनट तक रहेगा।

**कन्या पूजन कैसे किया जाता है?**

कन्या पूजन के दिन घर आई कन्याओं के सबसे पहले पैर धुले जाते हैं। इसके बाद उन्हें एक साफ आसन पर बिठाया जाता है। फिर कन्याओं के माथे पर तिलक लगाते हैं। साथ ही हाथ में कलावा बांधते हैं। फिर उन्हें भोजन खिलाया जाता है। इस दिन कन्याओं को खाने में हलवा, पूरी और चना जरूर देना चाहिए। इसके बाद उन्हें गिफ्ट या दक्षिणा देकर उनका आशीर्वाद प्राप्त करें।

## नवरात्रि में बची हुई पूजा सामग्री को ना फेंके इधर-उधर जली हुई बाती, फूल-मालाओं का ऐसे करें सही उपयोग

देश में नवरात्रि का त्योहार बहुत ही धूमधाम के साथ मनाया जाता है। घरों और पंडालों में देवी की मूर्तियों की स्थापना का साथ यह नौ दिन का त्योहार हमारे अंदर साल भर के लिए नई ऊर्जा और उत्साह भर जाता है। इन दिनों बड़ी उमंग और श्रद्धा से देवी को विराजमान किया जाता है।

इन तरीकों को अपनाने से आप पर देवी की कृपा बनी रहेगी और और पाप के भागीदार भी नहीं बनेंगे। इस तरह से पूजा के बाद बची सभी चीजों का सही उपयोग हो जाएगा और ये गंदे स्थानों पर फेंकने में भी नहीं आएंगे। साथ ही आपके मन में किसी तरह की आत्मग्लानि भी नहीं रहेगी, क्योंकि आप बची हुई पूजा सामग्री का सही तरीके से उपयोग कर लेंगे।

नवरात्रि में कई घरों में घट स्थापना होती है। इस दौरान मां दुर्गा के अलग-अलग रूपों की पूजा करते हैं और उन्हें फूल, नारियल, चुनरी, वस्त्र और दीपक आदि अर्पित की जाती है। जब नवरात्रि का समापन होता है, तो पूजन सामग्री को लोग कहीं भी ठिकाने लगा देते हैं, लेकिन ऐसा करना बिल्कुल गलत है।

**पूजा में चढ़ाई गई चीजों का क्या करें?**

ऐसे में अगर आप भी जानना चाहते हैं कि आखिर पूजा में चढ़ाई गई चीजों का क्या करना चाहिए? क्या इन्हें ऐसे ही फेंक देना सही है? तो आप एकदम सही जगह पर है। यहां हम आपको बताएंगे कि नवरात्रि पूजा के बाद जली हुई बाती, नारियल, फूल, चुनरी, शृंगार आदि सामग्री का क्या करना चाहिए



**जलाई हुई बाती का उपयोग**

नवरात्रि में माता रानी की पूजा और आरती के दौरान उपयोग में लाई गई बाती के जले हुए अवशेष को कभी भी कचरे में नहीं फेंकें। सभी बातियों को इकट्ठा करके नवरात्रि के आखिरी दिन इसमें कपूर, लौंग और थोड़ा घी डालकर इसकी धूप जला दें। इसे पूरे घर में घुमाएं, जिससे घर की नेगेटिविटी दूर भाग जाएगी। इससे बनी राख को पौधे में डाल दें। ज्योतिषियो का मानना है कि यह भभूत नजर दोष से बचाती है।

**देवी को चढ़ाए गए फूल-माला का उपयोग**

धार्मिक मान्यता है कि ईस्वर को अर्पित किए गए फूलों और उनके गले से उतरी फूल मालाओं में भी उनकी अद्भुत ऊर्जा होती है। ऐसे में देवी पर चढ़ाए गए फूलों और हार को कहीं भी फेंकें नहीं। कुछ फूलों को अपने धन स्थान या पूजा घर में रखें। बाकी फूलों को गमले की मिट्टी में डाल दें। इस तरीके से ये किसी के पैरों में भी नहीं आएंगे और ना गंदे स्थानों पर फेंके जाने से इनका अपमान होगा।

**कलश की सामग्री का उपयोग**

अगर आप घट स्थापना करते हैं, तो आखिरी दिन पूजा के बाद कलश का जल घर के हर कोने में छिड़कें। यह जल आपके घर में सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह करेगा। बचा हुआ जल पौधों में डाल दें। वहीं, कलश में रखे सिक्कों को लाल कपड़े में बांधकर धन स्थान पर रख दें।

**नारियल का उपयोग**

नवरात्रि में देवी दुग्री की पूजा में रखा गया नारियल बहुत पवित्र होता है। इसे परिवार और मित्रों में प्रसाद के रूप में बांट दें। अगर नारियल सूखा निकलता है, तो इसे नदी के बहते जल में छोड़ दें। नारियल खराब निकले, तो जमीन में दबा दें। माना जाता है कि ऐसा नारियल आप पर आने वाली मुसीबतों को अपने ऊपर ले लेता है।

**माता की लाल चुनरी का उपयोग**

मंदिर में या पूजा में मिली चुनरी को घर के पवित्र स्थान, धन स्थान या वाहन पर बांधें। आप इसे पूजा-पाठ करते समय भी ओढ़ सकते हैं।

**पूजा के कपड़े का उपयोग**

पूजा में उपयोग किए गए कपड़े को धो-सुखा कर सुरक्षित रखें। आप चाहे तो भविष्य में अपने घर में होने वाले अनुष्ठानों और शुभ कार्यों में इनका में उपयोग कर सकते हैं या फिर किसी जरूरतमंद को दान कर सकते हैं।

इन तरीकों को अपनाएंगे तो पूजा के बाद बची सभी चीजों का सही उपयोग भी हो जाएगा और ये गंदे स्थानों पर फेंकने में भी नहीं आएंगे। इस तरह से आप पर माता रानी भी प्रसन्न रहेंगी।

# कौन है शेखर ज्योति गोस्वामी? जुबीन गर्ग की मौत के मामले में एसआईटी ने हिरासत में लिया

सिंगर जुबीन गर्ग की मौत के मामले में असम सरकार द्वारा गठित एसआईटी जांच कर रही है। अब इस जांच में संगीतकार शेखर ज्योति गोस्वामी को हिरासत में लिया गया है। शेखर ज्योति गोस्वामी को उसी दिन हिरासत में लिया गया था, जिस दिन एसआईटी ने पूर्वोत्तर भारत महोत्सव के आयोजक श्यामकानु महंत और उनके प्रबंधक सिद्धार्थ शर्मा के आवासों पर छापा मारा था। जानिए आखिर है कौन शेखर ज्योति गोस्वामी?





**ड्रमर हैं शेखर ज्योति गोस्वामी**

शेखर ज्योति गोस्वामी कथित तौर पर एक ड्रमर हैं, जो सिंगापुर में स्कूबा डाइविंग के दौरान भी जुबीन गर्ग के साथ उनके अंतिम वक्त में भी थे। एक रिपोर्ट के अनुसार, शेखर ज्योति गोस्वामी लंबे समय से जुबीन गर्ग के बैंडमेट थे। हालांकि, संगीतकार के इंस्टाग्राम बायो में उन्हें साउंड इंजीनियर, संगीत निर्माता, अरेंजर, संगीतकार, कंप्यूटर हार्डवेयर इंजीनियर बताया गया है। हालांकि, अधिकारियों ने अभी तक इस बात का खुलासा नहीं किया है कि संगीतकार को क्यों हिरासत में लिया गया।

**जुबीन के मैनेजर की गिरफ्तारी की मांग तेज**

वहीं दूसरी ओर श्यामकानु महंत और सिद्धार्थ शर्मा की गिरफ्तारी की मांग बढ़ रही है। क्योंकि दोनों ही उस समय मौजूद नहीं थे, जब एसआईटी अलग-अलग छापेमारी के लिए उनके घरों पर गई थी। ऐसा भी कहा जा रहा है कि कई लोग जुबीन के मैनेजर सिद्धार्थ शर्मा के घर के बाहर इकट्ठे हो गए और जब पुलिस एसआईटी टीम को उनके घर ले जा रही थी, तो उन्होंने पथराव किया। प्रदर्शनकारियों ने मैनेजर की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की और उन्हें गायक की मौत के लिए जिम्मेदार ठहराया। भीड़ को उकसाने और हंगामा करने के आरोप में भी दो लोगों को हिरासत में लिया गया है।

**स्कूबा डाइविंग करते समय हुई मौत**

52 वर्षीय सिंगर जुबीन गर्ग की मौत सिंगापुर में स्कूबा डाइविंग करते समय डूबने से हो गई। वो पूर्वोत्तर भारत महोत्सव में भाग लेने के लिए सिंगापुर गए थे। लेकिन 19 सितंबर को उनकी मृत्यु हो गई। सिंगापुर के एक अस्पताल से मिले जुबीन के मृत्यु प्रमाण पत्र में उनकी मौत का कारण डूबने को बताया गया है।

हालांकि, असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने उम्मीद जताई है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में और जानकारी सामने आएगी। सीएम ने यह भी आश्वासन दिया है कि अगर एसआईटी जांच संतोषजनक नहीं रही, तो असम सरकार सीबीआई जांच की सिफारिश भी करेगी।

# माधवन ने बताया बॉलीवुड में एक्टर्स क्यों नहीं उठाते जोखिम, शाहरुख के प्रोड्यूसर बनने पर कही ये बात

अभिनेता आर माधवन शानदार अभिनय के साथ-साथ अपनी बेबाकी और मुद्दों पर खुलकर अपनी राय रखने के लिए भी जाने जाते हैं। अब माधवन ने बॉलीवुड में बचत या सेविंग के अभाव पर बात की है। साथ ही उन्होंने हॉलीवुड में एक्टर्स को मिलने वाली रॉयल्टी का भी जिक्र किया। इस दौरान एक्टर ने शाहरुख खान जैसे बड़े स्टार्स के प्रोड्यूसर बनने के फैसले पर भी प्रतिक्रिया दी।



**मेरी तीन फिल्में ही भर सकतीं पीढ़ियों का पेट**

एक इंटरव्यू में आर माधवन ने बॉलीवुड में एक्टर्स के पास पैसों की बचत न हो पाने का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि इनसिक्योरिटी की वजह से अभिनेता जोखिम उठाने से बचते हैं। हॉलीवुड में क्योंकि सितारे अपने पिछले काम के लिए लगातार पैसा कमाते रहते हैं, इसलिए वो बड़े जोखिम उठाते हैं। अगर भारत में भी ऐसा ही मॉडल होता, तो मेरी सिर्फ तीन हिट फिल्मों '3 इडियट्स', 'रंग दे बसंती' और 'तनु वेड्स मनु' से ही पीढ़ियों का पेट भरने के लिए पर्याप्त पैसा होता।

**इंडस्ट्री में हर किसी को एक ही पैमाने पर नहीं रख सकते**

अपने करियर के शुरुआती दिनों में ही शाहरुख खान के ज्यादा मुनाफा कमाने के लिए प्रोड्यूसर बनने का फैसला क्या समझदारी भरा कदम था? यह पूछे जाने पर माधवन ने कहा कि सभी के लिए एक जैसा दृष्टिकोण नहीं अपनाया जा सकता। सितारों का एक वर्ग तो ऐसा कर सकता है, लेकिन इंडस्ट्री के निचले तबके के लोगों के पास उतना पैसा नहीं होता और न ही उतनी आर्थिक सुरक्षा होती है। अगर आपको दो अंकों का वेतन मिल रहा है, तो उन पर लागू होने वाले नियम अलग होते हैं, क्योंकि उन्होंने अपना भविष्य सुरक्षित कर लिया है।

**ए लिस्ट स्टार्स की सैलरी पर बोले माधवन**

स्टार्स की लाइफस्टाइल को लेकर माधवन ने कहा कि सितारे एक खास जीवनशैली के आदी हो जाते हैं, लेकिन बहुत कम लोग यह समझते हैं कि उन्हें अपनी क्षमता से ज्यादा खर्च नहीं करना चाहिए। ए-लिस्ट स्टार्स की सैलरी इतनी होती है कि वे जिंदगी भर इसी जीवनशैली को जी सकते हैं। अगर मैं एक हॉलीवुड अभिनेता होता और मेरे पास इतनी सारी हिट फिल्में होतीं, तो क्या आपको लगता है कि मैं किसी जोखिम भरे प्रोजेक्ट में हाथ डालने से पहले दोबारा सोचता? मैं तुरंत उसमें कूद पड़ता, क्योंकि मुझे पता था कि मेरी आने वाली पीढ़ियों का ध्यान सिर्फ तीन ब्लॉकबस्टर फिल्मों से ही रखा जा सकता है। लेकिन जब आपको पता होता है कि पेंशन नहीं है, लेकिन आपने एक ऐसी जीवनशैली बना ली है जिसे आपको बनाए रखना है, तो आप सोचने लगते हैं, पैसे तो ले लो, पता नहीं कल मिलेगा के नहीं।

**इंडस्ट्री में असमान पेयमेंट पर कोई नहीं बोलता**

माधवन ने कहा कि इंडस्ट्री में असमान पेयमेंट अब एक आम बात है, लेकिन कोई भी उसे चुनौती नहीं देना चाहता। क्योंकि उनके पास समय या संसाधन नहीं हैं। जैसे ही बकाया राशि संभव होगी, मुझे यकीन है कि हर कोई इसमें शामिल होना चाहेगा क्योंकि तब आप अपनी पसंद का काम कर सकते हैं।

# अनन्या के साथ रोमांटिक बाइक सवारी पर निकले लक्ष्य, 'चांद मेरा दिल' से वीडियो वायरल

'द बैड्स ऑफ बॉलीवुड' को लेकर चर्चाओं में बने लक्ष्य लालवानी अब अपनी अगली फिल्म की शूटिंग में जुट गए हैं। अब लक्ष्य धर्मा प्रोडक्शंस की फिल्म 'चांद मेरा दिल' में नजर आएंगे। इस फिल्म में उनके साथ अनन्या पांडे प्रमुख भूमिका में दिखाई देंगी। अब फिल्म की शूटिंग से कुछ तस्वीरें और वीडियो सामने आए हैं। इनमें लक्ष्य और अनन्या एकसाथ नजर आ रहे हैं।



**बाइक राइड करते दिखे दोनों सितारे**

'चांद मेरा दिल' की शूटिंग का वायरल वीडियो हैदराबाद का है। वीडियो में लक्ष्य और अनन्या हैदराबाद की मशहूर चारमीनार के पास शूटिंग कर रहे हैं। दोनों सितारों को देखने के लिए भारी भीड़ भी मौजूद है। वीडियो में लक्ष्य और अनन्या लाल रंग के आउटफिट में एक साथ रोमांटिक बाइक राइड करते हुए दिखाई दे रहे हैं। जहां अनन्या लाल साड़ी और बालों में स्लीक बन में बेहद खूबसूरत लग रही हैं, वहीं लक्ष्य हमेशा की तरह मैचिंग लाल कुर्ता और सफेद पायजामा पैंट के साथ नेहरू जैकेट में बेहद जंच रहे हैं। वायरल वीडियो में अनन्या ने लक्ष्य को अपनी बाहों में भर लिया है और वे बाइक की सवारी कर रहे हैं।

**कॉलेज रोमांस पर आधारित है फिल्म**

इस वायरल वीडियो के सामने आने के बाद फैंस दोनों की केमिस्ट्री को बड़े पर्दे पर देखने के लिए और भी उत्साहित हो गए हैं। जानकारी के मुताबिक, यह फिल्म एक कॉलेज रोमांस ड्रामा है, जिसमें लक्ष्य और अनन्या इंजीनियरिंग के छात्र होंगे जो प्यार में पड़ जाते हैं।

'चाँद मेरा दिल' का निर्देशन विवेक सोनी कर रहे हैं। इन्होंने इससे पहले 'मीनाक्षी सुंदरेश्वर' और 'आप जैसा कोई' जैसी फिल्में बनाई हैं। ये दोनों ही फिल्में ओटीटी पर रिलीज हुई थीं।

**'द बैड्स ऑफ बॉलीवुड' में नजर आए हैं लक्ष्य**

वर्कफ्रंट की बात करें तो लक्ष्य लालवानी हाल ही में आर्यन खान द्वारा निर्देशित शो 'द बैड्स ऑफ बॉलीवुड' में नजर आए हैं। वहीं अनन्या पांडे आखिरी बार अक्षय कुमार के साथ इसी साल आई फिल्म 'केसरी 2' में नजर आई थीं। अब अनन्या कार्तिक आर्यन के साथ फिल्म 'तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी' में नजर आएंगी। यह फिल्म इसी साल 31 दिसंबर को रिलीज होनी है।

# पवन कल्याण का अलग अंदाज, इमरान हाशमी का काम बढ़िया



**दे कॉल हिम ओजी मूवी रिव्यू**

**कलाकार : पवन कल्याण , इमरान हाशमी , प्रियंका मोहन , अर्जुन दास , प्रकाश राज , श्रिया रेड्डी और अभिमन्यु सिंह**

**लेखक :सुजीत**

**निर्देशक :सुजीत**

**निर्माता : डीवीवी दनय्या और कल्याण दसारी**

साउथ के पावर स्टार पवन कल्याण की पिछली फिल्म 'हरि हर वीर मल्लू' देखी थी। उसे देखने के बाद ही समझ आया था कि उन्होंने इस फिल्म का प्रचार क्यों नहीं किया। शायद वो पहले ही समझ गए थे कि फिल्म नहीं चलने वाली और हुआ भी वही था। अब आई है उनकी फिल्म 'दे कॉल हिम ओजी'। आंध्र प्रदेश के उप मुख्यमंत्री बनने के बाद से पवन फिल्मी इवेंट्स में कम ही नजर आए हैं। हाल ही में उन्होंने खुद इस फिल्म का प्रमोशन भी किया और प्रीमियर पर लंबे समय बाद फिल्मी अंदाज में भी नजर आए। फिल्म को लेकर पवन बेहद कॉन्फिडेंट थे और फैंस ने भी इसका जोरदार स्वागत किया। खैर, हिंदी दर्शकों को यह फिल्म कैसी लगती है? यह तो आना वाला वक्त ही बताएगा। फिलहाल आप पढ़िए 'दे कॉल हिम ओजी' का रिव्यू।

**कहानी**

कहानी शुरू होती है 1940 में जापान से जहां यकूजा, समुराई दोजो के यहां रेड मारते हैं और सभी समुराई को मार डालते हैं। सिर्फ एक बच्चा बचता है जिसका नाम है ओजस गंभीरा OG (पवन कल्याण)। ओजस मुंबई जाने वाले एक शिप में छिप जाता है। इसी शिप पर बिजनेस मैन सत्यनारायण उर्फ सत्या दादा (प्रकाश राज) सोना लेकर जा रहे होते हैं। शिप पर ओजी, सत्या दादा को चोरों की गैंग से बचाता है और सबको अपनी तलवार से काट डालता है। सत्या दादा का मकसद बॉम्बे में एक पोर्ट बनाकर लोगों की मदद करना है और इस मकसद को जानकर ओजी हमेशा उनके साथ रहने और उनकी सुरक्षा करने का वादा करता है।

कहानी 1993 में पहुंचती है। ओजी पर सत्यादादा के बड़े बेटे की हत्या का आरोप है और वो बीते 15 साल से गायब है। इसी बीच सत्या दादा के पोर्ट से एक कंटेनर गायब हो जाता है। उस कंटेनर में इस्तांबुल में रहने वाले स्मग्लर ओमी भाऊ (इमरान हाशमी) का आरडीएक्स है। ओमी का छोटा भाई जिम्मी कंटेनर की खोज में सत्यादादा के छोटे बेटे को मार देता है। इसके बाद शुरू होता है गैंगवॉर। अब ओजी इतने साल से कहां गायब है? क्या वो सत्यादादा के परिवार को बचाने के लिए फिर लौटेगा ? यह सब तो आपको फिल्म देखकर ही पता चलेगा।

**एक्टिंग**

पवन कल्याण इस फिल्म में अपनी बाकी फिल्मों से थोड़े अलग अंदाज में दिखे हैं। फिल्म में पवन के डायलॉग्स कम हैं। डायरेक्टर सुजीत ने उनसे भरपूर एक्शन करवाया है, वो भी शुद्ध तलवारबाजी। एक सीन में जब पवन पुलिस स्टेशन में इंस्पेक्टर के मन में डर बैठाते हैं, वहां वो दमदार लगते हैं।

वहीं कुछ एक्शन सीन में वो कमजोर लगे हैं। फिल्म शुरू होने के एक घंटे बाद इमरान हाशमी की एंट्री होती है। उनका काम बढ़िया है। इस तरह के रोल वो पहले भी अच्छे से निभाते आए हैं। इमरान फिल्म में आते भी एक धमाके के साथ हैं और जाते भी एक धमाके के साथ है। बाकी कलाकारों में अर्जुन दास, प्रियंका मोहन, सुदेव नायर, प्रकाश राज, उपेंद्र लिमाये और श्रिया रेड्डी का काम ठीक ठाक है।

**निर्देशन**

सुजीत ने इस फिल्म से पहले 2019 में प्रभास को लेकर 'साहो' बनाई थी। उन्होंने इस फिल्म में जैकी श्रॉफ को लाल का कैमियो करवाया है, उसी किरदार में जो 'साहो' में थे। अब इससे इतना तो साफ है कि सुजीत आगे चलकर 'साहो' और 'ओजी' की दुनिया को जोड़कर कुछ न कुछ करने वाले हैं।

बहरहाल इस फिल्म की बात करें तो सुजीत ने यहां बस एक चीज अच्छी की है। उन्होंने पवन कल्याण को थोड़े अलग अंदाज में पेश किया है। पवन की स्टाइल ही फैंस को फिल्म की तरफ खींच रही है पर फिल्म में काफी-काफी देर तक आप उनको देखने के लिए भी तरस जाते हैं।

कुछ हिस्सों में सुजीत बेहद कमजोर रह गए। फिल्म का सारा रोमांच उन्होंने पहले पार्ट में ही खत्म कर दिया। सेकंड हाफ में उन्होंने दर्शकों को सिर्फ हीरो को बदला लेते हुए दिखाया है। आखिरी के डेढ़ घंटे में फिल्म को झेलना मुश्किल हो जाता है। जहां लगता है कि अब खत्म होने वाली हैं। वहीं एक नई कहानी जुड़कर फिल्म को और उलझा देती है।

**क्या है खूबी**

कुछ एक्शन सीन अच्छे बन पड़े हैं पर हैं वो भी साउथ के ही लेवल के, जिन पर यकीन करना मुश्किल होता है। बैकग्राउंड म्यूजिक अच्छा है। कहानी भी अच्छी है।

**कमजोर कड़ी**

कुछ एक्शन सीन और कहीं-कहीं वीएफएक्स बेहद ही कमजोर है। फिल्म को एडिटिंग टेबल पर थोड़ा छोटा किया जा सकता था। इतने ज्यादा किरदार लाकर दर्शकों को कन्फ्यूज न करते तो ठीक था। अच्छी कहानी पर स्क्रीनप्ले खींचा हुआ है।

साउथ की फिल्मों के जबरा फैन हैं तो जरूर देखें। एक्शन और खून खराबा देखना चाहते हैं तो बिल्कुल जाएं। वास्तविक्ता से परे एक्शन सीन नहीं देख पाते तो यह फिल्म आपके लिए नहीं है। फिल्म कोई संदेश हीं देती। टाइमपास के लिए एक बार देखी जा सकती है।

# 'मैं हमेशा आभारी रहूंगा देव साहब', दिग्गज अभिनेता देव आनंद की पुण्यतिथि पर शत्रुघ्न सिन्हा का पोस्ट





**दिवंगत अभिनेता** देव आनंद की बर्थ एनिवर्सरी पर शत्रुघ्न सिन्हा ने उन्हें याद करते हुए पोस्ट शेयर किया है। साथ ही उनसे मिलने वाली प्रेरणा के लिए आभार जताया है। आज 26 सितंबर को देव आनंद की बर्थ एनिवर्सरी है। शत्रुघ्न सिन्हा ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर पोस्ट शेयर किया है।

इसके साथ लिखा है, 'सबसे स्टाइलिश और दिग्गज फिल्म निर्माताओं में से एक देव आनंद की बर्थ एनिवर्सरी पर उनके द्वारा बनाए गए एक बेहद शानदार वीडियो को प्यार और स्नेह के साथ याद कर रहा हू'।

**मार्गदर्शन और प्यार के लिए कहा शुक्रिया**

शत्रुघ्न सिन्हा ने आगे लिखा है, 'प्रेरणादायक! देव साहब, आपके स्नेह, मार्गदर्शन, सही राह दिखाने वाले हौसले, ढेर सारे प्यार और सपोर्ट के लिए मैं हमेशा आपका आभारी रहूंगा। देव साहब अमर रहें'। पोस्ट के साथ कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जिनमें देव आनंद और शत्रुघ्न सिन्हा साथ नजर आ रहे हैं।

देव आनंद भारतीय सिनेमा के इतिहास में सबसे दिग्गज और सफल अभिनेताओं में शुमार रहे। उन्होंने करीब छह दशक तक इंडस्ट्री में काम किया और अपने करियर में 100 से अधिक फिल्मों में काम किया है। उन्होंने साल 1946 में प्रभात फिल्म्स की 'हम एक हैं' में लीड रोल से अपने करियर की शुरुआत की, जो हिंदू-मुस्लिम एकता पर आधारित फिल्म थी।

**देव आनंद की चर्चित फिल्में**

देव आनंद की चर्चित फिल्मों की बात करें तो उन्होंने बाजी, टैक्सी ड्राइवर, काला पानी, जॉनी मेरा नाम, हरे रामा हरे कृष्णा, गाइड, सीआईडी और हीरा पन्ना में काम किया।

# कार्तिक आर्यन ने माता-पिता के साथ मिलकर मुंबई में खरीदा ऑफिस स्पेस, करोड़ों में है कीमत

अभिनेता कार्तिक आर्यन इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी' को लेकर सुर्खियों में हैं। इस बीच उन्होंने मुंबई में एक दफ्तर खरीदा है। अभिनेता ने अपने माता-पिता माला तिवारी और मनीष तिवारी के साथ मिलकर मुंबई के अंधेरी वेस्ट इलाके में यह ऑफिस स्पेस खरीद है। इस ऑफिस की कीमत 13 करोड़ रुपये बताई जा रही है।

**कितना है ऑफिस का एरिया?**

प्रॉपर्टी रजिस्ट्रेशन डॉक्यूमेंट्स के मुताबिक कार्तिक के ऑफिस की यह डील सितंबर 2025 में रजिस्टर हुई है। ऑफिस प्रोजेक्ट का नाम 'सिग्नेचर बाय लोटस' है। इसमें लगभग 1,905 स्क्वायर फीट (कार्पेट एरिया) और 2,095 स्क्वायर फीट (बिल्ट-अप एरिया) है। इसके साथ तीन कार पार्किंग की भी सुविधा मिली है। इस खरीद पर करीब 78 लाख रुपये स्टाम्प ड्यूटी और 30,000 रुपये रजिस्ट्रेशन फीस दी गई है।



**कार्तिक आर्यन का वर्क फ्रंट**

कार्तिक आर्यन इंडस्ट्री के नामी अभिनेताओं में शामिल हो चुके हैं। उन्होंने साल 2011 में फिल्म 'प्यार का पंचनामा' से डेब्यू किया था। इसके बाद उन्होंने 'प्यार का पंचनामा 2', 'सोनू के टीटू की स्वीटी', 'लुका छुपी', 'पति पत्नी और वो', 'भूल भुलैया 2' और 'सत्यप्रेम की कथा' जैसी फिल्में की हैं। 'भूल भुलैया 2' ने उनकी लोकप्रियता में खूब इजाफा किया है।

**कब रिलीज होगी 'तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी'**

इन दिनों कार्तिक अपनी आगामी फिल्म 'तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी' की तैयारियों में व्यस्त हैं। इस फिल्म के निर्देशक समीर विद्वांस हैं। फिल्म को करण जौहर, अदार पूनावाला, अपूर्वा मेहता और किशोर अरोड़ा प्रोड्यूस कर रहे हैं। यह फिल्म 13 फरवरी 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इसमें कार्तिक आर्यन और अनन्या पांडे के अलावा नीना गुप्ता, जैकी श्रॉफ, महिमा चौधरी, मुश्ताक खान और गौरव पांडे होंगे।



# टेलीफोन कनेक्शन के लिए पहले रिश्वत लगती थी : सीएम

> कांग्रेस सरकारों ने घोटाले करके देश को टेलीकॉम में पीछे धकेला > देश में इंटरनेट देरी से आया



जयपुर, 27 सितंबर (एजेंसियां)। सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा है कि एक वक्त था जब टेलीफोन कनेक्शन के लिए वेटिंग और रिश्वत पहचान बन गई थी। टेलीफोन बड़ी सिफारिश से मिलता था। सासंदों का सिफारिशी पत्र देते थे, उसके बाद टेलीफोन का कनेक्शन मिलता था, लेकिन देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आप देखते हैं एक दिन में अप्लाई कीजिए और उसी दिन में 2 घंटे में टेलीफोन कनेक्शन मिल जाता है। सीएम भजनलाल शर्मा सीतापुरा के जेईसीसी में बीएसएनएल के फोरजी नेटवर्क के लोकार्पण के समारोह में बोल रहे थे। सीएम ने कहा-गांधी जयंती से एक दिन पूर्व 1 अक्टूबर 2000 को बीएसएनल ने काम शुरू किया था।

एक समय था जब बीएसएनल दूसरा सबसे बड़ा मोबाइल ऑपरेटर और सबसे बड़ा ब्रॉडब्रांड सेवा प्रदाता था। ग्रामीण इलाकों में सबसे बढ़िया पहुंच थी तो वो बीएसएनल था लेकिन इसको यूपीए सरकार ने घोटाले की भेंट चढ़ा दिया। पारदर्शिता की धज्जियां उड़ा दीं। सीएजी की रिपोर्ट के अनुसार कांग्रेस की यूपीए सरकार ने लाखों करोड़ का घोटाला किया, इससे बीएसएनएल को भारी नुकसान हुआ।

सीएम ने कहा-90 के दशक में जब दुनिया इंटरनेट से जुड़ रही थी, भारत में डायल अप इंटरनेट भी काफी देरी से आया। आपने देखा होगा उससे पहले देश के अंदर दूरसंचार विभाग में कितना बड़ा घोटाला हुआ, वह भी आप सब जानते हैं।

दूरसंचार में सबसे आगे निकल सकते थे लेकिन उसमें कांग्रेस की सरकार ने घोटाला करके पीछे धकेल दिया। यह कांग्रेस की सरकार ने किया। जब अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार आई तो उन्होंने भारत के स्वदेशी टेलीकॉम को आंदोलन बनाया और टेलीकॉम में मॉडर्निटी कनेक्टिविटी और क्वालिटी को अपनाया। उनके शासनकाल में भाजपा की सरकार ने बीएसएनएल स्थापना की थी। 2014 के बाद कम्युनिकेशन में क्रांति आई, टेलीकॉम में तेजी आई सीएम ने कहा-पीएम मोदी के नेतृत्व में 2014 के बाद से हमारे देश में कम्युनिकेशन में क्रांति आई। टेलीकॉम में तेजी आई और इंटरनेट की पहुंच सब जगह हो गई। पीएम मोदी ने कम्युनिकेशन को राष्ट्र निर्माण का जरिया बनाया, इसे किसानों के सम्मान, महिलाओं के कल्याण और भारत के नवनिर्माण का माध्यम बनाया। बीएसएनएल, एमटीएनएल को रिवाइवल पैकेज के तहत हजारों करोड़ की मदद दी। स्वदेशी तकनीक पर जोर दिया गया। सीएम ने कहा-प्रधानमंत्री डिजिटल इंडिया की बात करते हैं तो उसका मतलब लद्दाख के गांव से लेकर उड़ीसा के आदिवासी बस्तियों और लक्षद्वीप के सुदूर द्वीप और अरुणाचल प्रदेश की सीमा चौकियों से भी होता है। दूर संचार का मतलब सशक्तिकरण है। जब कोई भी करौली धौलपुर का किसान मंडी के भाव ऑनलाइन देख पाता है, जब बांसवाड़ा का एक आदिवासी छात्र ऑनलाइन क्लास लेता है, जब बाड़मेर का एक किसान अपने फोन पर मौसम का अपडेट रियल टाइम देख पता है।

### पूरी तरह से स्वदेशी 4G तकनीक विकसित करने वाला भारत दुनिया का पांचवां देश

सीएम भजनलाल ने कहा- बीएसएनएल के 5655 टावर राजस्थान में भी स्थापित किए गए हैं। यह केवल एक संख्या नहीं है, यह नवाचार और आत्मनिर्भर भारत की ओर भारत की बढ़ाते हुए कदम हैं। बीएसएनल का पूरा 4G स्वदेशी है, जिसे हमारे देश के संस्थान और कंपनियों ने विकसित किया है।

आज भारत दुनिया के पांच टॉप देशों में शामिल हो गया है जिन्होंने पूरी तरह से स्वदेशी 4G तकनीक विकसित कर ली है। यह इतने उन्नत हैं कि 4G टावर सॉफ्टवेयर से 5G में अपडेट किया जा सकते हैं। लोकार्पण समारोह में केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन मेघवाल और केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी भी मौजूद थे।

अशोक गहलोत ने बीजेपी पर बोला हमला

# सोनम वांगचुक की गिरफ्तारी, बढ़ती हिंसा को लेकर उठाए सवाल



उदयपुर, 27 सितंबर (एजेंसियां)। पूर्व मुख्यमंत्री और वरिष्ठ कांग्रेस नेता अशोक गहलोत ने उदयपुर में शनिवार को मीडिया से बातचीत में देशभर में बढ़ते हिंसा के माहौल, सोनम वांगचुक की गिरफ्तारी और कान्हैयालाल साहू हत्या की जांच में हो रही देरी को लेकर बीजेपी सरकारों पर जमकर हमला बोला। जेल की सीसीटीवी मॉनिटरिंग पर सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा, "जेल के अंदर अगर व्यवस्था नहीं है, तो अपराधी मोबाइल फोन के जरिए अंदर से ही गैंगस्टरिंग कर सकते हैं।

ऐसी खबरें गृह मंत्रालय तक पहुंचती रहती हैं। देश की सीमाओं और संवेदनशील इलाकों में शांति, भाईचारा और प्यार का माहौल बनाए रखना आवश्यक है।" मेवाराम जैन को कांग्रेस में पुनः शामिल करने के सवाल पर गहलोत ने कहा, "प्रदेश कांग्रेस कमेटी की अनुशासन समिति की सिफारिशों और सभी की राय के बाद यह निर्णय लिया गया। यह सोच-समझकर लिया गया फैसला है।।" कार्यकर्ताओं को संदेश देते हुए उन्होंने कहा, "देश को कांग्रेस की विचारधारा की जरूरत है। कांग्रेस सभी धर्मों, जातियों और वर्गों को साथ लेकर चलती है। देशहित में कांग्रेस तभी मजबूत होगी जब कार्यकर्ता, नेता और संगठन एकजुट हों। मतभेद भूलकर एक-दूसरे को समझने की कोशिश करें और पार्टी संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प लें।

गहलोत ने कहा, "मणिपुर में पिछले ढाई साल से हालात चिंताजनक हैं, लेकिन केंद्र सरकार समय रहते हस्तक्षेप नहीं कर रही। प्रधानमंत्री मोदी के दौरे के बाद भी हिंसा जारी रही। लंबे समय से अपनी मांगें उठाने वाले एक्टिविस्ट जिनके खिलाफ मुकदमे दर्ज किए गए और उन्हें जेल भेजा गया, वे आतंकवादी नहीं हैं। फिर उन्हें जोधपुर जेल क्यों भेजा गया, यह समझ से बाहर है। यह सरकार का मिसहैंडलिंग है।"

# मासूम के मुंह में पत्थर ठूंसकर नाना ने छोड़ा था

बोला-बेटी कुंवारी थी, इज्जत को बचाने और शादी करने के लिए ऐसा किया

भीलवाडा, 27 सितंबर (एजेंसियां)। नवासा (दोहिता) नाजायज था, लेकिन मारने के लिए फेविक्विक से सना पत्थर मुंह में ठूंसते समय नाना के हाथ नहीं कांपे। मासूम को तौलिये में लपेटकर पहले पत्थरों के ढेर के पास रखा। मुंह में फिट होने जितना पत्थर उठाकर उसके चारों तरफ फेविक्विक लगाई और मुंह में ठूंस दिया। इसके बाद चारों तरफ पत्थर रखकर बच्चे को ढक दिया, ताकि कोई उसे देख न सके। कहा-बोला-बेटी कुंवारी थी, इज्जत को बचाने और शादी करने के लिए ऐसा किया।

शनिवार सुबह मासूम को जन्म देने वाली युवती और उसके पिता को पुलिस घटना स्थल लेकर पहुंची। सीन रिक्रिएट करवाया कि उन्होंने कैसे पूरी वारदात को अंजाम दिया। मांडलगढ़ थाना एएसआई रामलाल मीणा ने बताया-मांडलगढ़ थाना क्षेत्र में 23 सितंबर को मासूम पत्थरों के बीच दबा मिला था। वारदात को अंजाम देने के बाद युवती ललिता (बदला हुआ नाम) और उसका पिता धन्नालाल (बदला हुआ नाम) बिजौलिया होते हुए तिलस्वां महादेव मंदिर चले गए। मंदिर में दर्शन किए और धर्मशाला में रुक गए। घटना के तीसरे दिन 25 सितंबर को पुलिस ने उन्हें पकड़ लिया। सीन रिक्रिएशन के बाद कोर्ट में पेश किया जाएगा। इधर, बच्चे का इलाज भीलवाड़ा के जिला अस्पताल में चल रहा है। पूरी बॉडी में इंफेक्शन फैलने के कारण हालत गंभीर बनी हुई है। बच्चे को ऑक्सीजन सपोर्ट पर रखा गया है। वहीं, सुरक्षा के लिहाज से पुलिसकर्मी भी तैनात किए गए हैं।

## होटल मालिक ने प्रॉपर्टी कंसल्टेंट का रेप किया

बीकानेर, 27 सितंबर (एजेंसियां)। जयपुर से काम के सिलसिले में बीकानेर गई महिला से रेप किया गया। आरोप है कि जिस होटल में वह ठहरी थी, उसी होटल में उसके साथ हैवानियत की गई। उसी होटल का मालिक महिला को रूफटॉप पर ले गया। उसे जबरदस्ती शराब पिलाई, फिर उसके साथ फिजिकल रिलेशन बनाए। मामला बीछवाल इलाके के सागर होटल का है। बीछवाल एसएचओ गोविंद सिंह चारण ने बताया- 25 सितंबर की रात को घटना हुई है। इसकी रिपोर्ट 26 सितंबर को दर्ज कराई गई।

# दीनदयाल कुमावत को फिर सौंपी आरसीए की कमान

*सरकार ने रिपीट की एडहॉक कमेटी, दिसंबर तक कराने होंगे चुनाव*

जयपुर, 27 सितंबर (एजेंसियां)। राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन के चुनाव कराने में विफल हुई एडहॉक कमेटी को सरकार ने एक और मौका दे दिया है। सहकारिता विभाग ने देर रात आदेश जारी कर एक बार फिर सवाई माधोपुर जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष दीनदयाल कुमावत को कमेटी का कन्वीनर बनाया है। उनके साथ ही कमेटी के मेंबर्स को भी रिपीट किया है।

मोहित यादव, आशीष तिवाड़ी, धनंजय सिंह खींवसर और पिंकेश पोरवाल को फिर से कमेटी में मेंबर बनाया गया है। ऐसे में तीन महीने के कार्यकाल वाली इस कमेटी को 27 दिसंबर तक आरसीए कार्यकारिणी के इलेक्शन कराने होंगे। सरकार द्वारा एक बार फिर से



दीनदयाल कुमावत (संयोजक) | धनंजय सिंह खींवसर (सदस्य) | आशीष तिवाड़ी (सदस्य) | मोहित यादव (सदस्य) | पिंकेश कुमार जैन (सदस्य)

एडहॉक कमेटी कन्वीनर बनाए जाने पर कुमावत ने सरकार का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि राजस्थान में क्रिकेट के विकास के लिए लगातार काम किया जा रहा है। प्रदेश में डोमेस्टिक क्रिकेट के बेहतर संचालन के साथ ही प्रत्येक जिले में क्रिकेट ग्राउंड बनाने की तैयारी की गई है। जो जल्द ही धरातल पर नजर आएगी। इसके साथ ही अगले कुछ महीनों में जयपुर में आरसीए का खुद का ग्राउंड बनकर तैयार होगा। जहां जल्द ही डोमेस्टिक क्रिकेट गतिविधियों का संचालन शुरू कर दिया जाएगा।

**दीनदयाल कुमावत भी नहीं करा पाए चुनाव**

दरअसल, राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन की कार्यकारिणी को भंग कर सरकार ने पिछले साल 28 मार्च के दिन एडहॉक कमेटी का गठन किया था। जिसे 3 महीने में राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन के चुनाव कराने की जिम्मेदारी दी गई थी। इसमें 5 बार सरकार ने बीजेपी विधायक जयदीप बिहाणी के नेतृत्व में एडहॉक कमेटी गठित की थी। जो चुनाव कराने में विफल हुई। वहीं इसी साल जून में एडहॉक कमेटी में बदलाव कर दीनदयाल कुमावत को राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन की कमान सौंपी गई थी, लेकिन कुमावत भी अपने 3 महीने के कार्यकाल में चुनाव नहीं करा पाए।

# मेले में बीजेपी जिलाध्यक्ष का स्वागत नहीं होने पर बवाल

मेला अधिकारी की समर्थकों के साथ कहासुनी, बोले-एमपी के रिश्तेदार हैं, इसका मतलब ये नहीं

भरतपुर, 27 सितंबर (एजेंसियां)। भरतपुर में 106 साल पुराने जसवंत प्रदर्शनी मेले में बीजेपी जिलाध्यक्ष शिवानी दायमा का स्वागत नहीं होने पर भड़क गई। इस दौरान वहां मौजूद कार्यकर्ताओं की मेला अधिकारी रामकिशन महावर से भी कहासुनी हो गई। दरअसल, शनिवार को हरिदास चौराहे स्थित नुमाइश मैदान में मेले का शुभारंभ किया गया। कलेक्टर कमर चौधरी और एसपी दिगंत आनंद ने पूजा-पाठ के साथ इसकी शुरुआत की।



इस दौरान बीजेपी जिलाध्यक्ष शिवानी दायमा भी वहां मौजूद थी। मेला अधिकारी के द्वारा जब उनका नाम नहीं लिख तो वे और उनके समर्थक भड़क गए। कहने लगे- आप एमपी साहब के रिश्तेदार है तो इसका मतलब ये नहीं नाम नहीं लेंगे। जिलाध्यक्ष ने आरोप लगाया कि मेला अधिकारी कांग्रेस वालों के नाम ले रहे थे। उद्घाटन कार्यक्रम में बीजेपी जिलाध्यक्ष अपने कार्यकर्ताओं के साथ पहुंची थी। मेले में जनप्रतिनिधियों का नाम लेकर स्वागत किया गया। लेकिन, बीजेपी जिलाध्यक्ष शिवानी दायमा का स्वागत नहीं किया। इसके बाद वे और उनके समर्थक भड़क गए। इस दौरान मेला अधिकारी राम किशन महावर से कहासुनी हो गई। कार्यकर्ताओं ने मेला अधिकारी को कहा- आप न तो स्वागत कर रहे हो और न नाम ले रहे हो। आप बीजेपी विचारधारा के है फिर भी ऐसी स्थिति है क्या? पता नहीं जाने किस विचारधारा के है। कार्यकर्ता वीडियो में कहते नजर आ रहे है कि आप एमपी साहब के रिश्तेदार है, इसका मतलब ये नहीं। इसके बाद बीजेपी जिलाध्यक्ष बोलीं-आपको पता नहीं भरतपुर का प्रोटोकॉल क्या है। इस कहासुनी के दौरान कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि मेले में दुनियाभर की अव्यवस्थाएं हो रखी है।

इस मामले में जब बाद में शिवानी दायमा से बात की तो उनका कहना था कि मेले में आए व्यापारी मेला अधिकारी रामकिशन महावर की शिकायत कर रहे थे। वो कांग्रेस वालों का नाम ले रहे थे, मेरा नाम नहीं लिया। मैंने कुछ नहीं कहा, कार्यकर्ताओं ने मेला अधिकारी को कुछ कह दिया होगा। क्योंकि उन्हें लगा जिलाध्यक्ष का नाम नहीं लिया जा रहा। बाद में उसने नाम तो लिया।

## पूर्व मंत्री नंदलाल मीणा का निधन

> भैरोंसिंह शेखावत से लेकर वसुंधरा सरकार में रहे मंत्री

> भील प्रदेश की मांग का किया था समर्थन



प्रतापगढ़, 27 सितंबर (एजेंसियां)। बीजेपी के वरिष्ठ नेता और पूर्व जनजातीय कैबिनेट मंत्री नंदलाल मीणा का लंबी बीमारी के चलते 80 साल की उम्र में निधन हो गया। अहमदाबाद के अस्पताल में उन्होंने अंतिम सांस ली।

उनके बेटे हेमंत मीणा राजस्थान सरकार में कैबिनेट मंत्री हैं। नंदलाल मीणा का जन्म 25 जनवरी 1946 को प्रतापगढ़ जिले के अम्बामाता का खेड़ा गांव में हुआ था। उनके पिता किशनलाल और माता देवीबाई थीं। उन्होंने मोहनलाल सुखाडिय़ा विश्वविद्यालय, उदयपुर से बी.ए. और एल.एल.बी. की पढ़ाई पूरी की। पढ़ाई के बाद वे खेती-बाड़ी के साथ-साथ सामाजिक और राजनीतिक जीवन में सक्रिय हो गए। 20 जून 1968 को उनकी शादी सुमित्रा देवी से हुई। उनके एक पुत्र और पांच पुत्रियां हैं। नंदलाल मीणा ने साल 1972 में पहला चुनाव लसाड़िया विधानसभा से लड़ा। मगर वे चुनाव नहीं जीत सके। 1977 में वे पहली बार जनता पार्टी के टिकट पर उदयपुर ग्रामीण सीट से विधायक बने।

# तबादलों पर सख्त हुई सरकार

अब ट्रांसफर के लिए प्रशासनिक सुधार विभाग की अनुमति जरूरी

जयपुर, 27 सितंबर (एजेंसियां)। तबादलों में विभागों के मनमाने रवैये से नाराज सरकार ने अब कर्मचारियों के स्थानांतरण, प्रतिनियुक्ति या नई पदस्थापना को लेकर सख्ती कर दी है। राज्य सरकार के प्रशासनिक सुधार विभाग ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिए हैं।

आदेश कु अनुसार अब किसी भी अधिकारी या कर्मचारी का स्थानांतरण, प्रतिनियुक्ति या नई पदस्थापना प्रशासनिक विभाग की पूर्व अनुमति के बिना नहीं हो सकेगी। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि यदि बिना सहमति कोई आदेश जारी किया गया तो वह स्वतः प्रभावहीन माना जाएगा और संबंधित विभागीय अधिकारी को जिम्मेदार ठहराया जाएगा।

आदेश में यह भी कहा गया है कि यदि किसी विशेष या आपात स्थिति में बिना अनुमति आदेश जारी करना अत्यावश्यक हो, तो तुरंत प्रशासनिक विभाग को सूचना देकर अनुमोदन प्राप्त करना अनिवार्य होगा। बीते दिनों सरकार के कई विभागों ने अपने स्तर पर ही तबादले, प्रतिनियुक्ति और पदस्थापन के आदेश जारी कर दिए थे। इनमें सबसे ज्यादा मामले प्रतिनियुक्ति को लेकर सामने आते हैं। अपनी मनमानी जगह पर तबदला लेने के लिए सरकार में बड़ी संख्या में प्रतिनियुक्तियां भी करवाई गई हैं। सरकार ने इसे गंभीर प्रशासनिक चूक मानते हुए सख्ती से रोका गया है। विभागीय सूत्रों के अनुसार, यह निर्देश सभी विभागों को भेज दिया गया है और इस पर तत्काल प्रभाव से अमल सुनिश्चित करने को कहा गया है। इसके तहत अब बिना सक्षम अनुमति के जारी हुए सभी आदेश शून्य प्रभाव माने जाएंगे।

# शहादत को सलाम! राजस्थान का लाल बबलू सिंह शहीद

7 महीने पहले ही हुई थी शादी, अंतिम विदाई में उमड़ा जन सैलाब



चूरू, 27 सितंबर (एजेंसियां)। राजस्थान के चूरू जिले ने एक और जांबाज सपूत खो दिया। रिडख़ला गांव के 28 वर्षीय जवान बबलू सिंह, जो 27 राजपूत रेजीमेंट में तैनात थे, असम के तेजपुर में ट्रेनिंग के दौरान घायल हो गए और इलाज के दौरान शहीद हो गए। दोपहर जब उनका पार्थिव शरीर गांव पहुंचा तो 'भारत माता की जय' और 'बबलू सिंह अमर रहे' के नारों से वातावरण गूंज उठा। सात महीने पहले ही उनकी शादी जयपुर की काजल से हुई थी। शव देखते ही पत्नी और मां बेसुध हो गईं। पिता मोहर सिंह पहले से ही बिस्तर पर हैं, बेटे की विदाई ने पूरे परिवार को तोड़ दिया।

**सैन्य सम्मान के साथ अंतिम संस्कार**

गांव में तिरंगा यात्रा निकाली गई और युवाओं ने देशभक्ति के नारे लगाए। सेना की टुकड़ी ने राइफल सलामी दी और चाचा को तिरंगा सौंपा। अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में ग्रामीण और जनप्रतिनिधि शामिल हुए। 12 सितंबर को तेजपुर में ट्रेनिंग के दौरान अचानक पेड़ की डाल गिरने से बबलू सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए थे। इलाज के लिए उन्हें तेजपुर और बाद में गुवाहाटी मिलिट्री अस्पताल ले जाया गया, जहां 24 सितंबर को उन्होंने अंतिम सांस ली।

**परिवार का इकलौता सहारा**

बबलू मार्च 2017 में सेना में भर्ती हुए थे और परिवार के इकलौते सहारे थे।

उनकी शहादत ने जहां पूरे गांव का सिर गर्व से ऊंचा किया, वहीं परिवार को गहरे शोक में डाल दिया।

## स्कूलों में नए सत्र की पढ़ाई जुलाई की जगह एक अप्रैल से, सरकार ने शुरू की तैयारी

जयपुर, 27 सितंबर (एजेंसियां)। राजस्थान में सरकारी स्कूलों का शैक्षणिक सत्र जुलाई के बजाय 1 अप्रैल से शुरू किया जा सकता है। शिक्षा विभाग ने शैक्षणिक सत्र में बदलाव को लेकर कवायद शुरू कर दी है। इस मामले में शिक्षा विभाग के सचिव कृष्ण कुणाल ने हाल में एक बैठक भी बुलाई थी जिसमें शैक्षणिक वर्ष की शुरुआत को अप्रैल से करने के लिए शिविरा पंचांग में बदलाव और शिक्षा समय-सारणी में आवश्यक समायोजन पर चर्चा की गई। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यह बदलाव इस मकसद से किया जा रहा है ताकि सरकारी स्कूल भी निजी स्कूलों की प्रतिस्पर्धा में टिक सकें। राजस्थान में निजी स्कूलों का शैक्षणिक सत्र अप्रैल से ही शुरू हो जाता है।

# कांग्रेस में मेवाराम जैन की घर वापसी से गरमाई सियासत

*शहर में अब पोस्टर की बाढ़! विरोधी नेताओं की साख पर उठे सवाल*




बाड़मेर, 27 सितंबर (एजेंसियां)। राजस्थान के सीमांत जिले की कांग्रेस की राजनीति इन दिनों उबाल पर है। पूर्व विधायक मेवाराम जैन की घर वापसी ने पार्टी के भीतर तूफ़ान खड़ा कर दिया है। जैन के कांग्रेस में शामिल होने से पहले ही विरोधियों ने शहर में जगह-जगह आपत्तिजनक पोस्टर लगाकर अपनी नाराज़गी जाहिर कर दी। पोस्टरों में जिला कांग्रेस का नाम तक लिखते हुए जैन की एंट्री का खुलेआम विरोध किया गया, जिसने संगठन की अपणायत पर ही सवाल खड़े कर दिए।

**बाड़मेर में चौधहराट की राजनीति की बड़ी हार!**

जैन की वापसी को लेकर कद्दावर नेता हरीश चौधरी और हेमाराम चौधरी गुट का विरोध अब बेअसर साबित होता दिख रहा है। जानकार मानते हैं कि यह घटनाक्रम चौधहराट की राजनीति की बड़ी हार है। हरीश चौधरी के लिए यह समय 'करो या मरो' जैसा माना जा रहा है। उनका राजनीतिक 'ओरा' कमजोर पड़ता दिख रहा है और अगर हालात नहीं संभाले गए तो उनकी पकड़ ढीली होना तय है। दूसरी ओर, जैन की वापसी से उनके विरोधियों को ताकत मिली है और वे सियासी समीकरण बदलने का दावा कर रहे हैं।

**कांग्रेस की साख पर बट्टा लगा रहा पोस्टरवार**

राजनीतिक पर्यवेक्षक मानते हैं कि पोस्टरबाज़ी से कांग्रेस की छवि और ज्यादा धूमिल हुई है। जनता इस तरह के हथकंडों को पहले ही नकार चुकी है। लिहाज़ा विरोधियों को इससे कोई खास लाभ मिलने वाला नहीं है। कुल मिलाकर, बाड़मेर कांग्रेस आने वाले दिनों में पटाखों की तरह गूंजेगी।

# तेलंगाना में निवेश करें और भारी मुनाफा कमाएं : सीएम



हैदराबाद, 27 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने निवेशकों से तेलंगाना राज्य में अपने आउटलेट खोलने और भारी मुनाफा कमाने का आह्वान किया क्योंकि सरकार ने राज्य को निवेश के लिए एक वैश्विक गंतव्य के रूप में बढ़ावा देने के लिए एक निवेशक-अनुकूल पारिस्थितिकी तंत्र बनाया है। आज हैदराबाद में पर्यटन सम्मेलन 2025 कार्यक्रम में भाग लेते हुए, मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के गठन के 10 साल बाद जनता की सरकार ने नई पर्यटन नीति लागू की है। राज्य के पर्यटन मंत्री जुपल्ली कृष्ण राव को राज्य में पर्यटन क्षेत्र में 15,000 करोड़ रुपये के निवेश के लिए संभावित निवेशकों के साथ सफलतापूर्वक समझौते करने के लिए बधाई देते हुए, मुख्यमंत्री ने कहा कि तेलंगाना में कई आकर्षक पर्यटन स्थल हैं जो राज्य की अर्थव्यवस्था के विकास में योगदान करते हैं।

तेलंगाना राज्य देश का एक शांतिप्रिय और सुरक्षित राज्य भी है जो निवेशकों को अधिक लाभ कमाने में भी मदद करता है। मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने हैदराबाद में बेहतरीन बुनियादी ढांचे और भविष्य में निवेश के लिए शहर को विश्वस्तरीय गंतव्य के रूप में बढ़ावा देने के सरकार के प्रयासों पर प्रकाश डाला। हैदराबाद शहर पहले से ही अन्य विकसित देशों के साथ प्रतिस्पर्धा कर रहा है, और मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान मिस वर्ल्ड कार्यक्रम का आयोजन करके दुनिया का ध्यान आकर्षित किया।

## साइबराबाद के सीपी भी रह चुके है, हैदराबाद के नए पुलिस आयुक्त



हैदराबाद, 27 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। राज्य सरकार ने शनिवार को वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी वी.सी. सज्जनर को हैदराबाद का नया पुलिस आयुक्त नियुक्त किया। वर्तमान पुलिस आयुक्त सी.वी. आनंद को सरकार के गृह विभाग में विशेष मुख्य सचिव के पद पर पुनः नियुक्त किया गया है। वी.सी. सज्जनर 1996 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं, जो शुरूआत में आंध्र प्रदेश कैडर के थे, लेकिन राज्य के विभाजन के बाद उन्हें तेलंगाना कैडर में नियुक्त किया गया। उन्होंने वारंगल जिले के जनगांव और बाद में कडप्पा जिले के पुलिवेंदुला में सहायक पुलिस अधीक्षक (एएसपी) के रूप में अपना कैरियर शुरू किया। अपनी पदोन्नति के बाद, उन्होंने नलगोंडा, कडप्पा, गुंटूर, वारंगल और मेदक सहित कई महत्वपूर्ण जिलों में पुलिस अधीक्षक (एसपी) के पद पर कार्य किया। इसके अतिरिक्त, उन्होंने अपराध जांच विभाग (आर्थिक अपराध शाखा) के पुलिस अधीक्षक, ऑक्टोपस (आतंकवादी निरोधक अभियान संगठन) के पुलिस अधीक्षक और मंगलगिरी में एपीएसपी की छठी बटालियन के कमांडेंट के रूप में भी कार्य किया है। पुलिस उप महानिरीक्षक (डीआईजी) और फिर पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) के पद पर पदोन्नत होने के बाद, सज्जनार ने मार्च 2018 तक खुफिया विभाग में कार्य किया। मार्च 2018 से अगस्त 2021 तक, उन्होंने साइबराबाद के पुलिस आयुक्त का पद संभाला। सितंबर 2021 में, उन्होंने टीएसआरटीसी के प्रबंध निदेशक का पदभार संभाला।

# आयुक्त आर.वी. कर्णन ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया

## मुसारामबाग में मूसी नदी पर निर्माणाधीन पुल का निरीक्षण




हैदराबाद, 27 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। जीएचएमसी आयुक्त आरवी कर्णन ने कहा कि ऊपरी इलाकों में बहने वाली विशाल मूसी नदी का बहाव तीव्र है। मूसी नदी के किनारे रहने वाले लोगों को सतर्क रहना चाहिए। निचले इलाकों में रहने वाले लोगों को सुरक्षित इलाकों में चले जाना चाहिए। आयुक्त ने जीएचएमसी अधिकारियों को चौबीसों घंटे सतर्क रहने तथा यह सुनिश्चित करने का आदेश दिया कि कोई अप्रिय घटना न घटे। निचले इलाकों में रहने वाले लोगों को पुनर्वास केंद्रों में ले जाया जाना चाहिए। उन्होंने मुसारामबाग में मूसी नदी पर बन रहे नए पुल के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। इंजीनियरों ने आयुक्त को बताया कि अब तक पूरे हो चुके पुल के काम को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। इंजीनियरिंग अधिकारियों ने आयुक्त को बताया कि बढ़ते बाढ़ के पानी के कारण केवल पी1 और पी2 खंभों के बीच स्थापित केंद्र ही बह गया था। बाद में, आयुक्त ने अम्बरपेट सर्कल स्थित गोलनाका सरकारी हाई स्कूल में स्थापित जीएचएमसी पुनर्वास केंद्र का दौरा किया। उन्होंने बाढ़ प्रभावित लोगों से बात की और उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने केन्द्रों पर उपलब्ध सुविधाओं के बारे में पूछताछ की। आयुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं कि वे यह सुनिश्चित करने के लिए तत्काल कदम उठाएं कि केंद्रों में पीड़ितों को भोजन, पेयजल, चिकित्सा और अन्य बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध हों।

## उपचुनाव को निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने के लिए नोडल अधिकारी तैयार रहें : जीएचएमसी आयुक्त

हैदराबाद, 27 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। जीएचएमसी आयुक्त और जिला चुनाव अधिकारी आर.वी. कर्णन ने कहा कि जुबली हिल्स विधानसभा क्षेत्र उपचुनाव के लिए नियुक्त नोडल अधिकारी तटस्थ रहें और नियमों के अनुसार निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से चुनाव कराने के लिए पूरी तरह तैयार रहें। शनिवार को जीएचएमसी आयुक्त और जिला चुनाव अधिकारी आरवी कर्णन ने जीएचएमसी मुख्यालय में जुबली हिल्स विधानसभा क्षेत्र के चुनाव की तैयारियों पर नोडल अधिकारियों के साथ समीक्षा की। नोडल अधिकारियों की तैयारियों की समीक्षा पावरपॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से की गई। इस अवसर पर बोलते हुए आयुक्त स्पष्ट किया कि चुनाव निष्पक्ष और पारदर्शी होने चाहिए। जुबली हिल्स निर्वाचन क्षेत्र में अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वे मतदाता कर्मचारियों को चुनाव ड्यूटी पर नियुक्त न करें। चुनाव से संबंधित प्रशिक्षण कार्यक्रमों में यह सुझाव दिया गया कि रिटर्निंग अधिकारी इसमें भाग लें तथा नोडल अधिकारियों को उनकी जिम्मेदारियों के बारे में स्पष्टता प्रदान करें। यह सुनिश्चित करना कि सभी नोडल अधिकारी चुनाव में अपनी भूमिका और जिम्मेदारी जानते हों, अधिकारियों को एक व्यापक बिन्दु प्रस्तुति तैयार करने का निर्देश दिया गया। चुनाव कार्यक्रम जारी होने के तुरंत बाद जुबली हिल्स निर्वाचन क्षेत्र के भीतर सभी राजनीतिक पोस्टर, बैनर, दीवार लेखन और होर्डिंग्स हटा दिए जाने चाहिए। समीक्षा बैठक में एसी राजस्व, आईटी अनुराग जयंती, एसी चुनाव हेमंत केशव पाटिल, जोनल आयुक्त अपूर्व चौहान, हेमंत सहदेव राव, अतिरिक्त आयुक्त के. वेणुगोपाल, श्रीमती अलीवेलु मंगतयारू और अन्य नोडल अधिकारियों ने भाग लिया।

# हैदराबाद की मूसी नदी और उसके जलाशय

## मूसी और उसकी सहायक नदियां, बाढ़ से बचाव और इतिहास



हैदराबाद, 28 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। मूसी नदी, जिसे मूसा, मुसिनुरु और मुचकुंदा भी कहा जाता है, तेलंगाना की कृष्णा नदी की एक सहायक नदी है। यह नदी विकाराबाद जिले के पास अनंतगिरि पहाड़ियों से निकलती है और नलगोंडा जिले के वडापल्ली में कृष्णा नदी में मिलती है। इसकी कुल लंबाई 250 किलोमीटर है, जिसमें से लगभग 20 किलोमीटर शहर के भीतर बहती है।

1908 में आई भयंकर बाढ़ के बाद बाढ़ को रोकने के लिए मूसी नदी पर उस्मानसागर जलाशय का निर्माण किया गया। इसी तरह, ईसा नदी पर हिमायतसागर जलाशय बनाया गया था। उस समय के निजाम महबूब अली खान के शासनकाल में इस योजना को लागू किया गया था। बहुत कम लोग जानते हैं कि ईसा, मूसी नदी की एक सहायक नदी है। इसका उद्गम पारगी के पास होता है। मूसी नदी विकाराबाद से निकलकर हैदराबाद तक आती है। ईसा और मूसी नदियां 'टीपू खान पुल संगम' पर मिलती हैं।

## खनिज अन्वेषण और राष्ट्र निर्माण में जीएसआई की महत्वपूर्ण भूमिका : किशन रेड्डी

हैदराबाद, 27 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (जीएसआई), दक्षिणी क्षेत्र आज हैदराबाद के बंडलागुडा-नागोल स्थित अपने कार्यालय में स्वच्छता ही सेवा 2025 अभियान के अंतर्गत 'स्वच्छता उत्सव' का आयोजन किया। मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेते हुए, केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी. किशन रेड्डी ने जीएसआई कार्यालय में चार नवीन 'अपशिष्ट से धन' मॉडलों का उद्घाटन किया। सभा को संबोधित करते हुए, केंद्रीय मंत्री ने जीएसआई की स्वच्छता पहलों की सराहना की और स्वच्छ भारत मिशन के तहत राष्ट्रव्यापी अभियान में इसकी सक्रिय भागीदारी पर प्रसन्नता व्यक्त की। खनिज अन्वेषण में जीएसआई की अपरिहार्य भूमिका पर प्रकाश डालते हुए, उन्होंने विशेष रूप से कोयले को भारत के विकास की रीढ़ बताया। भारत में लगभग 74 प्रतिशत बिजली कोयले से उत्पन्न होती है। कोयले के बिना बिजली नहीं हो सकती, बिजली के बिना उद्योग, विकास और प्रगति नहीं हो सकती, किशन रेड्डी ने कोयला भंडार और अन्य महत्वपूर्ण खनिजों की पहचान करने में जीएसआई की 175 वर्षों की समर्पित सेवा पर जोर दिया और उसकी सराहना की, जो राष्ट्र के विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। बाद में, उन्होंने जीएचएमसी और जीएसआई के सफाई कर्मचारियों को स्वच्छता किट वितरित कीं। कार्यक्रम की शुरूआत आनंद नगर जंक्शन से मसूराबाद रोड स्थित जीएसआई कार्यालय के मुख्य द्वार तक एडीजी और विभागाध्यक्ष, एसआर, बसब मुखोपाध्याय द्वारा उद्घाटन की गई 'स्वच्छोत्सव' रैली के साथ हुई। इसके बाद एक व्यापक सफाई अभियान चलाया गया, जिसमें स्थानीय निवासियों के साथ-साथ डीडीजी, निदेशक, अधिकारी और जीएसआई के कर्मचारियों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस पहल में जीएसआई अधिकारियों, स्थानीय कॉर्पोरेट प्रतिनिधियों और समुदाय के सदस्यों सहित लगभग 400 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

## भारी बारिश से सड़क बहने से यातायात बाधित

**सैदापुर में 40 एकड़ से अधिक की फसलें बर्बाद**

**किसानों को मुआवजा देने की मांग**

संगारेड्डी, 27 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। कोंडापुर मंडल के सैदापुर गांव में शनिवार सुबह भारी बारिश के कारण एक सड़क बह गई, जिससे संगारेड्डी और विकाराबाद जिलों के बीच यातायात बाधित हो गया। सैदापुर में 40 एकड़ से ज्यादा की कृषि फसलें भी बर्बाद हो गईं। यह सड़क संगारेड्डी के सदाशिवपेट शहर को विकाराबाद जिले के मोमिनपेट मंडल के गांवों से जोड़ती है।

संगारेड्डी विधायक चिंता प्रभाकर ने घटनास्थल का दौरा कर नुकसान का जायजा लिया। किसानों से बातचीत के बाद उन्होंने इंजीनियरिंग विभाग के अधिकारियों को तुरंत सड़क बहाली का काम शुरू करने का निर्देश दिया। इसके अलावा उन्होंने कृषि विभाग के अधिकारियों से फसलों के नुकसान का हिसाब मांगा। बीआरएस विधायक ने मांग की कि सरकार किसानों को तुरंत मुआवज़ा दे और आश्वासन दिया कि वे अपने निर्वाचन क्षेत्र के किसानों के साथ हमेशा खड़े रहेंगे।

## जलस्तर के कारण मंदिर का प्रसादम काउंटर बहा



मेदक, 27 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। एडुपयाला स्थित श्री वनदुर्गा भवानी मंदिर का प्रसादम काउंटर शनिवार सुबह मंजीरा नदी में भारी जलस्तर के कारण बह गया। सिंचाई अधिकारियों ने सिंगूर जलाशय से 90,000 क्यूसेक से अधिक पानी छोड़ा, जिससे नदी उफान पर है। लगातार बढ़ती भीड़ के कारण मंदिर के पुजारियों ने कुछ दिन पहले ही मंदिर को बंद कर दिया था। राजगोपुरम में भगवान की पूजा-अर्चना के लिए दैनिक अनुष्ठान किए जा रहे हैं। दशहरा के दौरान मंदिर में आमतौर पर भारी भीड़ रहती है, लेकिन इस साल लगातार बारिश के कारण आध्यात्मिक गतिविधियां कम हो गई हैं।


**दक्षिण मध्य रेलवे**

हमें @SCRailwayIndia पर फॉलो करें. द.म. रेलवे की निविदा सूचनाओं के विवरणों को हमारी वेबसाइट : www.scr.indianrailways.gov.in पर देखा जा सकता है

**संख्या: वाय/सी.432/आईआरइपीएस पोर्टल/एचवायबी/2025-26, दि.26-09-2025**

PUB/1213

कृते भारत के राष्ट्रपति की ओर से व के लिए, अधोहस्ताक्षरी द्वारा 6 (छह) वर्षों की अवधि के लिए, राउण्ड ट्रिप के आधार पर, पार्सिल कार्गो एक्सप्रेस ट्रेन (पीसीईटी) एक्स. केसीजी-डीडीएल-केसीजी प्रदान हेतु आईआरइपीएस ई-टेंडर के माध्यम से निविदाएं आमंत्रित हैं। जिसका विवरण निम्न प्रकार है:

| | |
|---|---|
| ई-निविदा अधिसूचना सं. व तिथि: | वाय/सी/285/केसीजी-डीडीएल-केसीजी/पीसीईटी/2025/1 दि.25-09-2025 |
| अनुमानित मूल्य/राउण्ड ट्रिप का रिजर्व प्राइस: | रु.22,07,632.00 (रु. बाईस लाख सात हजार छह सौ व बत्तीस मात्र) |
| ठेका मूल्य: | रु.45,79,67,520.00 (रु. पैंतालीस करोड नवासी लाख सड़सठ हजार, पांचसौ व बीस मात्र) |
| पूर्व धरोहर राशि: | रू.10,00,000.00 (रु.दस लाख मात्र) |
| बिड या बोली प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि: | 24-10-2025 के 15.00 बजे |
| आनलाइन में बिड खोलने की तिथि: | 24-10-2025 के 15.00 बजे |
| संपर्क प्राधिकारी: | वरिष्ठ विभागीय वाणिज्यिक प्रबंधक, हैदराबाद डिवीजन, दक्षिण मध्य रेलवे, सिकंदराबाद |
| पत्राचार का पता, यदि कोई: | वरिष्ठ विभागीय वाणिज्यिक प्रबंधक का कार्यालय, भूतल, हैदराबाद भवन, हैदराबाद डिवीजन, दक्षिण मध्य रेलवे, सिकंदराबाद-500025, सेल: 9701372965 |

विस्तृत विवरण हेतु वेबसाइट: www.ireps.gov.in पर जाएं।

A1532 वरिष्ठ विभागीय वाणिज्यिक प्रबंधक, हैदराबाद


# विश्व जागृति मिशन का बाल संस्कार केंद्र उद्घाटित




हैदराबाद, 27 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। विश्व जागृति मिशन हैदराबाद मण्डल के सत्संग व मिडिया प्रभारी राजकुमार दायमा के अनुसार आज सुधांशु महाराज की प्रेरणा से हैदराबाद मण्डल में बाल संस्कार केंद्र का उद्घाटन मिशन के राष्ट्रीय प्रधान प्रेमसिंह राठौड के द्वारा दीप प्रज्वलन से हुआ।

अवसर पर मिशन के राष्ट्रीय प्रधान प्रेमसिंह राठौड ने बताया कि गुरुदेव द्वारा प्रयागराज में संत सम्मेलन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के समक्ष भारत भर में 108 बाल-संस्कार-केन्द्र की स्थापना करनें का संकल्प लिया था। इसी संकल्प को सिध्द और पूर्णता प्रदान करनें हेतु हैदराबाद मण्डल द्वारा 2 बाल-संस्कार-केन्द्र का निर्णय लिया गया है। इसी क्रम में आज हिमायतनगर हैदराबाद स्थित श्रीराम डिस्पेसंरी में आज हैदराबाद सेंटर 1 का उद्घाटन किया गया। दूसरा बाल-संस्कार-केन्द्र सेंटर 2 का भी उद्घाटन किया जाना है।

अवसर पर प्रेमसिंह राठौड को शाल व श्रीफल देकर किशोर सक्सेना ने स्वागत किया। रामकृष्ण मठ के योगाचार्या श्रीमती अनुपमा ने योग कैसे और कब किए जाएं इसको समझाकर बच्चों में योग के गूढ रहस्य की शिक्षा दी। प्रेमसिंह राठौड, शंकरलाल अग्रवाल, राजकुमार दायमा, आश्रम प्रबंधक सज्जनलाल श्रीवास्तव, किशोर सक्सेना, पी.रघुवीर, राजु भागचंदानी, फुसाराम प्रजापती, लक्ष्मण बिरादर, रामहजुर विश्वकर्मा, डॉ. अनूप भटनागर, शम्मीराज जायसवाल, किशोरी भटनागर, कांता अग्रवाल, शीला सक्सेना, कोमल अग्रवाल, ज्योती गुप्ता, सुदेश दत्ता, पूनम दत्ता, योगाचार्य श्रीमती अनुपमा, सान्वी जायसवाल, सोहना, पुष्पाजंली जायस्वाल, ईषा जायस्वाल, नागेश्वरी आदि उपस्थित थे।

## आईएमसी लेडीज विंग की महिला उद्यमियों की प्रदर्शनी में नया रिकॉर्ड

### महिला उद्यमियों ने फैशन, आभूषण और डिजाइन में दिखाया हुनर

हैदराबाद, 27 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। आईएमसी लेडीज विंग ने हैदराबाद में पहली बार अपनी महिला उद्यमियों की 38वीं प्रदर्शनी आयोजित कर एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की। इस दो दिवसीय आयोजन में भारत भर की महिला उद्यमियों ने हिस्सा लिया और फैशन, आभूषण, जीवनशैली और डिज़ाइन के क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ प्रस्तुतियां दीं।

उद्घाटन समारोह में हेरिटेज फूड्स लिमिटेड की कार्यकारी निदेशक ब्रह्माणी नारा और फिल्म निर्माता एवं स्वप्ना सिनेमा की सह-संस्थापक स्वप्ना दत्त चलसानी उपस्थित थीं। आईएमसी महिला विंग की अध्यक्ष राज्यलक्ष्मी राव ने कहा कि लगभग चार दशक पहले मुंबई में शुरू हुई यह प्रदर्शनी अब एक ऐसा मंच बन गई है जो महिला उद्यमियों की कल्पना, साहस और प्रतिभा को सामने लाती है। 100 से अधिक चयनित स्टॉलों के साथ, प्रदर्शनी ने एक जीवंत प्रदर्शन प्रस्तुत किया, जहां प्रत्येक रचना ने अपनी कहानी बताई- कालातीत शिल्प कौशल से लेकर समकालीन साहसिक डिजाइन तक।

## पुलिस ने साहूकारों के खिलाफ छापेमारी कर 18 लोगों पर दर्ज किया केस

अत्यधिक ब्याज पर ऋण देने और संपत्ति हड़पने के आरोप में जब्त किए सोने-चांदी के आभूषण

आदिलाबाद, 27 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। पुलिस ने शुक्रवार को जिले भर में अचानक छापेमारी कर लोगों को अत्यधिक ब्याज पर पैसा उधार देकर ठगने के आरोप में 18 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया। इस दौरान 12 ग्राम सोना, 235 ग्राम चांदी के आभूषण, वचन पत्र, चेक, बांड पेपर और बिक्री पत्रक जब्त किए गए। पुलिस अधीक्षक अखिल महाजन ने बताया कि जिले के 13 मंडलों के 10 थानों की सीमा में साहूकारों पर छापेमारी के लिए 43 टीमें गठित की गई थीं। निर्धारित दर से अधिक ब्याज वसूलने के आरोप में 18 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया।

# माँ भगवती का द्वितीय विशाल जागरण सम्पन्न



हैदराबाद, 27 सितंबर (एजेंसियां)। अन्नोजीगुडा स्थित शिवास फंक्शन हॉल में नवयुग यूथ एसोशिएशन के तत्वावधान में माँ भगवती का द्वितीय विशाल जागरण शुक्रवार 26 सितंबर रात्रि 9.15 बजे भव्य रूप से आयोजित किया गया।

जारी प्रेस विज्ञप्ति में आयोजक धनराज, हरीश सीरवी, करण शर्मा ने संयुक्त रूप से बताया कि माँ भगवती का द्वितीय विशाल जागरण भव्य रूप से आयोजित किया गया।

सायं 5.15 बजे से रंगारंग गरबा-डांडिया, सायं 7.30 बजे से मैजिक शो एवं रात्रि 9.15 बजे ज्योत प्रज्वलितकर जागरण का आयोजन किया गया। जिसमें शंकर टॉक एवं दिव्या वैष्णव ने माँ भगवती के चरणों में भजनों के पुष्प अर्पित किये। जिसका हजारों की संख्या में पधारे समाज बन्धुओं व भक्तों ने देर रात तक नाचते-गाते हुए लाभ लिया।

कार्यक्रम में पधारे बत्तौर मुख्यअतिथि टी.वर्जेश यादव, टी.अजय यादव, रामेश्वर गौड़, श्रीमती शिल्पा गौड़, वाई.सुदर्शन रेड्डी, विभिन्न संस्थाओं के गणमान्य मोहनलाल हाम्बड़, रामलाल परिहार, आनन्द राठौड़, प्रकाश आगलेचा, भाणाराम, पुखराज चोयल, गोविन्द पंवार, हिरालाल सैंणचा, जयराम पंवार, नारायणलाल बरपा, ओगड़राम सैंणचा, पोकरराम पंवार, तुलसाराम सिन्दड़ा, नेमाराम, धर्माराम कड़वा, सोहनसिंह राजपुरोहित, परबत सोलंकी, दुलीचन्द शर्मा, भोमाराम सीरवी, सुरेश जैन, पप्पुलाल घोड़ेला का आयोजकों द्वारा पुष्प-माला व शॉल से विशेष सम्मान किया गया। भोजन-प्रसादी की व्यवस्था लाभार्थीयों द्वारा कार्यक्रम स्थल पर की गयी।

अवसर पर मारवाड़ी युवा मंच द्वारा ब्लड डोनेशन कैम्प आयोजित किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में एसोशिएशन के धनराज परिहार, हरीश भायल, करण शर्मा, नवीन शर्मा, प्रकाश हाम्बड़, दिनेश देवड़ा, प्रवीण सोयल, राहुल सोयल, राजु पंवार, किशोर पंवार, प्रकाश सोलंकी, दिलीप वरपा, अनिल वरपा, ओमप्रकाश गेहलोत, प्रकाश मुलैवा, मनीष परिहार, आकाश राठौड़, उत्तम देवड़ा, घनश्याम गेहलोत, किशन शर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विशेष सहयोग तेजाराम परिहार, चम्पालाल सोलंकी, रमेश सोलंकी, चिमनाराम बरपा, शेषाराम पंवार, मांगीलाल, छोगाराम गेहलोत, नारायणलाल देवड़ा, मोतीराम भायल, पुनाराम सोयल, प्रकाश सैंणचा,

धन्नाराम, राजाराम सैंणचा, भीमाराम का रहा। कार्यक्रम का युट्युब पर सीधा प्रसारण एवं साउंड की व्यवस्था पीएमएल सीरवी ने किया। मंच का संचालन सोहनसिंह राजपुरोहित ने किया। महाआरती के पश्चात् कार्यक्रम का समापन्न हुआ।

## भारी बारिश और मूसी नदी में बढ़ते जलस्तर के कारण यातायात बाधित

हैदराबाद, 28 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। लगातार बारिश और मूसी नदी में उच्च जल स्तर के चलते हैदराबाद यातायात पुलिस ने शहर के कई प्रमुख मार्गों को बंद करने की चेतावनी जारी की है। कुलसुमपुरा से पुरानापुल, 100 फीट रोड जियागुड़ा, चादरघाट कॉजवे ब्रिज और मूसारामबाग ब्रिज तक वाहन संचालन पूरी तरह बंद रहेगा।

पुलिस ने सभी सामान्य वाहनों को वैकल्पिक मार्ग अपनाने की सलाह दी है। रंग महल जंक्शन और पुतलीबौली से आने वाले वाहन और आरटीसी बसों को चादरघाट कॉजवे की बजाय निम्बोलिअड्डा, काचीगुडा, गोलनाका न्यू ब्रिज, हाईटेक फंक्शन हॉल और मूसारामबाग मार्ग से मालकपेट की ओर भेजा जाएगा।

## प्रथम पृष्ठ का शेष भाग

### तमिलनाडु में एक्टर...

सीएम स्टालिन ने जताई चिंता, कहा विजय की रैली में भगदड़ जैसी स्थिति और कई लोगों के अस्पताल में भर्ती होने की खबर मिली। करूर प्रशासन से मिली जानकारी चिंताजनक है। स्वास्थ्य मंत्री एम ए सुब्रमणियन और जिला कलेक्टर को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने को कहा है। मंत्री अंबिल महेश को भी मदद मुहैया कराने के निर्देश दिए हैं।

सीएम स्टालिन ने कहा कि उन्होंने शीर्ष पुलिस अधिकारियों को करूर में सामान्य स्थिति बहाल करने के लिए उचित कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। सीएम स्टालिन ने करूर में आम जनता से डॉक्टरों और पुलिस के साथ सहयोग करने की अपील की।

# अभिषेक ने तोड़ा कोहली और रिजवान का रिकॉर्ड

## > एक टी-20 एशिया कप में सबसे ज्यादा रन
## > टीम इंडिया सुपर ओवर की चैंपियन



दुबई, 27 सितंबर (एजेंसियां)। टीम इंडिया ने एशिया कप में जीत का सिलसिला कायम रखा। भारत ने शुक्रवार को श्रीलंका के खिलाफ सुपर ओवर में जीत हासिल की। दुबई स्टेडियम में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 5 विकेट खोकर 202 रन बनाए। जवाब में श्रीलंकाई टीम ने भी इतने ही रन बनाए और मैच टाई हो गया। सुपर ओवर में श्रीलंका ने भारत को 3 रन का टारगेट दिया। कप्तान सूर्यकुमार यादव ने पहली ही बॉल पर तीन रन बनाकर भारत को जीत दिला दी। भारतीय टीम अब लगातार 6 सुपर ओवर जीत चुकी है। टीम इंडिया दुनिया की इकलौती ऐसी टीम है जो कभी टी-20 का टाईब्रेकर नहीं हारी है। इसके अलावा अभिषेक शर्मा किसी एक टी-20 एशिया कप में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बैटर बन गए हैं। उन्होंने मोहम्मद रिजवान और विराट कोहली का रिकॉर्ड तोड़ा है।

**सुपर ओवर में भारत की लगातार सातवीं जीत**

भारतीय टीम ने अब तक का अपना सातवां टाई मैच खेला। इन सातों मैचों के टाइब्रेकर में भारतीय टीम ने जीत हासिल की। एक मैच में बॉलआउट के जरिए विजेता का फैसला हुआ था। बाकी के 6 मैचों में सुपर ओवर के जरिए। भारत ने अपना पहला टाई मैच 14 सितंबर 2007 को डरबन में पाकिस्तान के खिलाफ खेला था। तब बॉल आउट के जरिए विजेता का फैसला हुआ। भारत ने बॉल आउट में जीत हासिल की। इसके बाद भारत ने 6 और मैच टाई खेले और हर बार सुपर ओवर में जीत हासिल की है। भारतीय टीम दुनिया की इकलौती टीम है जो 7 टाई मैच खेली है और एक का भी टाइब्रेकर नहीं हारी है।

**अभिषेक एक टी-20 एशिया कप के हाईएस्ट स्कोरर**

टी-20 एशिया कप के एक ही संस्करण में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड अभिषेक शर्मा ने अपने नाम कर लिया है। उन्होंने 6 पारियों में कुल 309 रन बनाए। उनसे पहले 2022 में मोहम्मद रिजवान ने 6 पारियों में 281 रन बनाए थे। इसी साल विराट कोहली ने भी शानदार बल्लेबाज करते हुए 5 पारियों में 276 रन बनाए थे। वहीं अफगानिस्तान के इब्राहिम जादरान ने 2022 में 5 पारियों में 196 रन बनाए थे।

**अभिषेक ने छठी बार 25 या उससे कम बॉल पर फिफ्टी लगाई**

अभिषेक शर्मा ने टी-20 में भारत के लिए छठी दफा 25 या उससे कम बॉल में फिफ्टी लगाई। उन्होंने श्रीलंका के खिलाफ 61 रन बनाए। भारत के लिए यह रिकॉर्ड कप्तान सूर्यकुमार यादव के नाम है।

### अभिषेक ने रोहित-रिजवान की बराबरी की

टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में लगातार 30 या उससे अधिक रन बनाने का रिकॉर्ड तीन खिलाड़ियों के नाम दर्ज है। 2021 में मोहम्मद रिजवान ने लगातार 7 पारियों में 30+ रन बनाए। वहीं 2021-22 में रोहित शर्मा ने भी 7 पारियों 30+ रन बनाए। वहीं अभिषेक शर्मा 2025 में 7 पारियों में लगातार 30 या उससे अधिक रन बना चुके हैं।

**अभिषेक ने पहली बार लगातार 3 पारियों में 50+ का स्कोर बनाया**

टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में भारत की ओर से लगातार तीन पारियों में 50 या उससे अधिक रन बनाने का रिकॉर्ड कुछ खिलाड़ियों के नाम दर्ज है। विराट कोहली ने यह उपलब्धि तीन बार हासिल की है। केएल राहुल और सूर्यकुमार यादव ने दो-दो बार यह कारनामा किया। इसके अलावा, रोहित शर्मा, श्रेयस अय्यर और अभिषेक शर्मा ने भी एक-एक बार यह मुकाम हासिल किया है।

# श्रीलंका के कोच जयसूर्या ने बताया कहां रह गई कमी, टीम की क्षमता पर जताया भरोसा





दुबई, 27 सितंबर (एजेंसियां)। श्रीलंका के मुख्य कोच सनथ जयसूर्या ने भारत के खिलाफ जीत का मौका गंवाने पर निराशा जताई। यह मैच एशिया कप के सुपर फोर चरण में दुबई में शुक्रवार को खेला गया। निसांका की शानदार शतकीय पारी के बावजूद श्रीलंका सुपर ओवर में हार गया। जयसूर्या ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, वे मैच को सामान्य समय में खत्म करना चाहते थे, सुपर ओवर तक ले जाना किसी कप्तान या कोच की पहली पसंद नहीं होती। आखिरी रन पूरा न कर पाने की वजह से मैच बराबरी पर छूटा और सुपर ओवर खेलना पड़ा। भारत के खिलाफ कोई मानसिक बाधा नहीं है। हमारी बल्लेबाजी लाइन-अप मजबूत है, और हमने खुद में आत्मविश्वास भरा है। 200 (203) जैसे लक्ष्य का पीछा करना कभी आसान नहीं होता, पर हम लगभग सफल हो ही गए, जो हमारी क्षमता को दर्शाता है। आखिरी ओवर में श्रीलंका को 12 रन चाहिए थे और निसांका 107 पर खेल रहे थे। लेकिन पहली ही गेंद पर उनका विकेट गिर गया। अंतिम गेंद पर दासुन शनाका ने दूसरा रन पूरा किया, लेकिन तीसरा रन लेने की कोशिश न कर सके और स्कोर बराबर हो गया। सुपर ओवर में टीम फिर लड़खड़ा गई। निसांका ने 58 गेंदों पर 107 रन बनाए और कुसल परेरा (32 गेंदों पर 58) के साथ 127 रनों की साझेदारी की। जयसूर्या ने बताया कि निसांका पूरे दम से खेले। उन्होंने परेरा की भी तारीफ की कि वे टीम के सबसे अच्छे स्पिन खेलने वाले बल्लेबाज हैं और उन्होंने यह जिम्मेदारी निभाई। श्रीलंका सुपर फोर में एक भी मैच नहीं जीत पाया। पहले बांग्लादेश और फिर पाकिस्तान से भी हार मिली। कोच ने कहा कि टीम परिस्थितियों के अनुसार जल्दी ढल नहीं सकी। उन्होंने माना कि बांग्लादेश के खिलाफ 168 का स्कोर बचाया जा सकता था लेकिन गेंदबाजी कमजोर रही। पाकिस्तान के खिलाफ भी पिच का सही आकलन देर से किया। इसके बावजूद जयसूर्या ने टीम पर भरोसा जताया। उन्होंने कहा कि भारत ने बहुत अच्छा खेला और 200 से ज्यादा रन बनाए, लेकिन श्रीलंका भी उस लक्ष्य के करीब पहुंचा। अगर टीम सही योजना के साथ परिस्थितियों के अनुसार खेले तो आगे बहुत अच्छा कर सकती है। उन्होंने कहा, मैं काफी संतुष्ट हूं, हालांकि फाइनल में न पहुंच पाने की निराशा भी है। हमारे पास बल्लेबाजी और गेंदबाजी का अच्छा स्तर है। जरूरी बात यह है कि हम परिस्थितियों और विरोधियों के अनुसार अपनी योजनाओं को लागू करें। अगर हम लगातार ऐसा करते रहे, तो यह टीम बहुत आगे तक जा सकती है।


# शीतल देवी बनीं पैरावर्ल्ड आर्चरी चैंपियन

## तुर्किये की खिलाड़ी को हराकर जीता स्वर्ण



नई दिल्ली 18 साल की भारतीय तीरंदाज शीतल देवी ने इतिहास रच दिया। बिना हाथों के खेलने वाली इस भारतीय खिलाड़ी ने पैरावर्ल्ड आर्चरी चैंपियनशिप में महिलाओं की कंपाउंड व्यक्तिगत स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीत लिया। शीतल ने तुर्किये की विश्व नंबर 1 ओजनुर क्योर गिरदी को 146-143 से हराकर यह उपलब्धि हासिल की। शीतल देवी इस प्रतियोगिता में एकमात्र ऐसी खिलाड़ी थीं जो अपने पैरों और ठुड्डी का इस्तेमाल कर तीर चलाती हैं। यह इस चैंपियनशिप में उनका तीसरा पदक था। शीतल ने इससे पहले कंपाउंड मिक्स्ड टीम स्पर्धा में तोमन कुमार के साथ मिलकर कांस्य पदक जीता था। भारतीय जोड़ी ने ग्रेट ब्रिटेन की जोड़ी जोडी ग्रिनहैम और नाथन मैकक्वीन को 152-149 से हराया। महिला कंपाउंड ओपन टीम स्पर्धा में शीतल और सरिता की जोड़ी को फाइनल में तुर्की से हार का सामना करना पड़ा और उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा। व्यक्तिगत फाइनल मुकाबला बेहद रोमांचक रहा। पहला राउंड 29-29 से बराबर रहा, लेकिन शीतल ने दूसरे राउंड में लगातार तीन 10 मारते हुए बढ़त हासिल की और 30-27 से राउंड जीता। तीसरा राउंड फिर बराबर 29-29 पर छूटा। चौथे राउंड में शीतल से हल्की चूक हुई और उन्होंने 28 अंक बनाए, जबकि गिरदी ने एक अंक से यह राउंड जीता। हालांकि, शीतल अभी भी 116-114 से दो अंकों की बढ़त पर थीं। शीतल ने अंतिम राउंड में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए लगातार तीन परफेक्ट 10 मारकर 30 अंक बनाए और गोल्ड मेडल पक्का किया। यह उनका पहला व्यक्तिगत विश्व चैंपियनशिप स्वर्ण पदक है। सेमीफाइनल में जम्मू-कश्मीर की इस खिलाड़ी ने ब्रिटेन की जोडी ग्रिनहैम को 145-140 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया था।

# फाइनल में 6 छक्के लगाते ही बड़ा रिकॉर्ड बना देंगे अभिषेक



**एशिया कप टी20 के एक संस्करण में सबसे ज्यादा रन**

| खिलाड़ी | रन | साल | पारियां |
|---|---|---|---|
| अभिषेक शर्मा | 309* | 2025 | 6* |
| मोहम्मद रिज़वान | 281 | 2022 | 6 |
| विराट कोहली | 276 | 2022 | 5 |
| इब्राहिम जादरान | 196 | 2022 | 5 |

दुबई, 27 सितंबर (एजेंसियां)। टीम इंडिया के युवा विस्फोटक बल्लेबाज अभिषेक शर्मा इस समय शानदार फॉर्म में हैं और एशिया कप 2025 में उनका बल्ला रुकने का नाम नहीं ले रहा। अब वे एक और ऐतिहासिक रिकॉर्ड से महज छह छक्के दूर हैं। उनके पास बहुराष्ट्रीय टी20 अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाज (पूर्ण सदस्य राष्ट्रों में) बनने का मौका है। अभिषेक शर्मा के पास अब न सिर्फ खुद को एक बेहतरीन पावर-हिटर के रूप में स्थापित करने का मौका है, बल्कि एक ऐसा रिकॉर्ड अपने नाम करने का भी मौका है जिसे तोड़ना किसी के लिए आसान नहीं होगा। आने वाले मुकाबलों में सभी की निगाहें अब उनके बल्ले से निकलते छक्कों पर होंगी।

**एशिया कप में लगा चुके 19 छक्के**

अभी तक अभिषेक ने एशिया कप 2025 में 19 छक्के लगा दिए हैं, जो किसी भी भारतीय बल्लेबाज द्वारा एक बहुराष्ट्रीय टी20 अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में सर्वाधिक हैं। इससे पहले यह रिकॉर्ड रोहित शर्मा के नाम था। उन्होंने 2024 टी20 विश्व कप में 15 छक्के लगाए थे। वहीं, अभिषेक के गुरु युवराज सिंह ने 2007 टी20 विश्व कप में 12 छक्के लगाए थे। अभिषेक इन दोनों दिग्गजों को पीछे छोड़ चुके हैं।

अभिषेक का अगला लक्ष्य है सिकंदर रजा का रिकॉर्ड तोड़ना, जिन्होंने टी20 विश्व कप क्वालिफायर 2023/24 टूर्नामेंट में जिम्बाब्वे के लिए खेलते हुए 24 छक्के लगाए थे। यानी अभिषेक को एशिया कप 2025 टूर्नामेंट के फाइनल में पाकिस्तान के खिलाफ सिर्फ छह और छक्के लगाने हैं, और वह आईसीसी के 12 फुल मेंबर नेशंस के खिलाड़ियों में यह उपलब्धि हासिल करने वाले पहले भारतीय बन जाएंगे।

**टीम इंडिया के लिए उम्मीद की किरण**

अभिषेक शर्मा का इस तरह का प्रदर्शन न सिर्फ टीम इंडिया को ट्रॉफी के करीब ला रहा है, बल्कि ये संकेत भी दे रहा है कि भारत को एक नया 'पावर-हिटर' मिल चुका है, जो दबाव में भी बड़े शॉट लगाने में माहिर है। अगर वे इसी लय में खेलते रहे, तो अगला मैच ही उन्हें इतिहास के पन्नों में शामिल कर सकता है। भारत को 28 सितंबर को पाकिस्तान के खिलाफ फाइनल खेलना है।

**अभिषेक ने रचा इतिहास**

एशिया कप टी20 2025 में श्रीलंका के खिलाफ सुपर-4 के आखिरी मुकाबले में उन्होंने एक नया कीर्तिमान रच दिया। इस एशिया कप में वह अब तक छह पारियों में 309 रन बना चुके हैं। अभिषेक किसी एक एशिया कप टी20 संस्करण में 300 से ज्यादा रन बनाने वाले पहले बल्लेबाज बन गए। इससे पहले किसी एक एशिया कप टी20 में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड पाकिस्तान के मोहम्मद रिजवान के नाम था।

# क्रिकेटरों की कड़ी मेहनत ने मुझे बचपन में प्रेरित किया : उसैन बोल्ट



मुंबई, 27 सितंबर (एजेंसियां)। ओलंपिक में स्वर्ण पदकों की झड़ी लगाने वाले दुनिया के सबसे तेज धावक उसैन बोल्ट ने खुलासा किया है कि क्रिकेटरों की कड़ी मेहनत ने उन्हें एथलेटिक्स में उत्कृष्टता हासिल करने के लिए प्रेरित किया है।

जमनाबाई नरसी परिसर में एक फायरसाइड चैट में जमैका के इस धावक ने कहा, मैं बचपन से ही क्रिकेट का बहुत बड़ा प्रशंसक रहा हूं। मैंने बचपन से ही क्रिकेट देखा है। क्रिकेटरों की प्रतिभा को देखना, उनके काम करने का तरीका, खुद को आगे बढ़ाने का तरीका और खुद को ढालने का तरीका, इन सबने मुझे छोटी उम्र में ही कड़ी मेहनत करने और सर्वश्रेष्ठ बनने के लिए प्रेरित किया। बोल्ट ने कहा, भारत में होना एक अविश्वसनीय अनुभव है। इतने सारे उत्साही प्रशंसकों से मिलना मुझे याद दिलाता है कि खेल क्यों मायने रखते हैं और क्यों वे दुनिया भर के लोगों को जोड़ते हैं। यहां की ऊर्जा अद्भुत है, और मुझे 'ड्रीम सेट गो' के उस विजन का हिस्सा बनकर खुशी हो रही है, जो विश्वस्तरीय अनुभव प्रदान करता है, जो प्रशंसकों को उनके पसंदीदा खेलों के और भी करीब लाता है। उन्होंने कहा, मेरे लिए, यह कड़ी मेहनत जितना ही सरल है, आप समझ रहे हैं न? इसमें खेल के प्रति कड़ी मेहनत और समर्पण की जरूरत होती है। मुझे ट्रैक एंड फील्ड बहुत पसंद है, इसलिए यह एक ऐसी चीज है, जिसे मैं बचपन से ही पसंद करता रहा हूं और मैंने इस पर बहुत मेहनत की है। यह एक कठिन सफर था, क्योंकि शीर्ष पर पहुंचना कभी आसान नहीं होता। मैं सचमुच दुनिया में सर्वश्रेष्ठ बनना चाहता था। इसलिए मैंने चोटों, शंकाओं और कठिन समय के बावजूद खुद को दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक बनने के लिए प्रेरित किया। एक निजी यात्रा पर मुंबई आए बोल्ट दिल्ली भी आने वाले हैं।

# शीर्ष वरीय इगा स्वियातेक चीन ओपन के तीसरे दौर में

## युआन यू को सीधे सेटों में हराया



बीजिंग, 27 सितंबर (एजेंसियां)। विंबलडन चैंपियन इगा स्वियातेक ने शनिवार को युआन यू को सीधे सेट में 6-0, 6-3 से हराकर चीन ओपन टेनिस टूर्नामेंट के तीसरे दौर में प्रवेश करके डब्ल्यूटीए टूर में इतिहास रच दिया। डब्ल्यूटीए ने कहा कि शनिवार की जीत के साथ स्वियातेक लगातार तीन सत्र में डब्ल्यूटीए-1000 स्पर्धाओं में 25 या उससे अधिक जीत दर्ज करने वाली पहली खिलाड़ी बन गईं। अन्य मुकाबलों में चौथी वरीयता प्राप्त मीरा आंद्रीवा ने चीन की झू लिन को 6-2, 6-2 से हराया जबकि अमेरिका की ऐमा नवारो ने एलेना-गैब्रियल रुसे को 6-3, 7-6 से शिकस्त दी।

# पाकिस्तान को आत्मविश्वास और लय बनाए रखनी होगी : वसीम अकरम



नई दिल्ली, 27 सितंबर (एजेंसियां)। भारत और पाकिस्तान की टीम एशिया कप 2025 के फाइनल में भिड़ने के लिए तैयार है। दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में रविवार को यह मुकाबला खेला जाएगा। इस टूर्नामेंट में तीसरी बार भारत और पाकिस्तान का मुकाबला होगा। इससे पहले हुए दो मैचों में टीम इंडिया को जीत मिली थी। पाकिस्तान को टूर्नामेंट में भारत के अलावा कोई और देश नहीं हराया पाया है। यही वजह है कि फाइनल के रोचक होने की पूरी उम्मीद है।

**अकरम ने भारत को फेवरेट बताया**

पूर्व तेज गेंदबाज वसीम अकरम ने भारत को फाइनल में फेवरेट बताया। इसके साथ ही उन्होंने पाकिस्तान को सुझाव दिया है। उन्होंने कहा, 'फाइनल भारत और पाकिस्तान के बीच है। भारत निश्चित रूप से फेवरेट है, लेकिन कुछ भी हो सकता है। पाकिस्तान को आत्मविश्वास और लय बनाए रखनी होगी। उन्हें खुद पर विश्वास रखना होगा और समझदारी से क्रिकेट खेलना होगा। अगर पाकिस्तान शुरुआती विकेट ले लेता है तो वह भारत को बैकफुट पर धकेल सकता है। मुझे उम्मीद है कि अंत में बेस्ट टीम ही जीतेगी।' भारतीय टीम ने दोनों ही मैचों में पावरप्ले में ही पाकिस्तान की हार पक्की कर दी थी। ग्रुप राउंड के मैच में भारत के सामने जीत के लिए 128 रनों का लक्ष्य था। भारत ने शुरुआत 6 ओवर में ही 61 रन ठोककर जीत लगभग तय कर दी। सुपर-4 में पाकिस्तान ने अच्छी बैटिंग करते हुए बोर्ड पर 171 रन टांगे। इस बार पावरप्ले में भारत ने बिना विकेट खोए 69 रन बना दिए। बीच के ओवर में पाकिस्तान ने अच्छी बॉलिंग की लेकिन तेज शुरुआत की वजह से भारतीय टीम पर दबाव नहीं आया।

# पाकिस्तान अभिषेक को जल्दी आउट कर दे : शोएब



लाहौर, 27 सितंबर (एजेंसियां)। 28 सितंबर को भारत-पाकिस्तान के बीच एशिया कप 2025 का फाइनल मैच खेला जाएगा, लेकिन इससे पहले सलमान आगा की टीम को पूर्व तेज गेंदबाज शोएब अख्तर ने कमाल की सलाह दे डाली। शोएब अख्तर ने कहा कि अगर पाकिस्तान की टीम अभिषेक को जल्दी आउट कर दे तो भारत का क्या होगा। आखिर पूरा माजरा क्या है जानते हैं।

**अभिषेक को जल्दी आउट करना होगा**

दरअसल भारत-पाकिस्तान फाइनल से पहले क्रिकेट टॉक शो गेम ऑन है के एक एपिसोड में शोएब अख्तर ने एशिया कप फाइनल को लेकर बात करते हुए अभिषेक शर्मा की जगह गलती से अभिषेक बच्चन का नाम ले लिया। उन्होंने कहा कि शुरुआती विकेट गिरने के बाद भारत का मिडिल ऑर्डर संघर्ष करेगा। शोएब अख्तर ने कहा कि अगर पाकिस्तान अभिषेक शर्मा को जल्दी आउट कर देता है तो भारत के मिडिल ऑर्डर का क्या होगा। उनका मिडिल ऑर्डर अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाया है। शोएब द्वारा गलत नाम लिए जाने के बाद एंकर और उस कार्यक्रम में बैठे अन्य गेस्ट ने उन्हें याद दिलाया कि उन्होंने गलत नाम ले लिया है और वो अभिषेक शर्मा की बात कर रहे हैं। शोएब का ये वीडियो जमकर वायरल हो रहा है।

**अभिषेक बच्चन ने कहा- पाकिस्तान ऐसा नहीं कर पाएगा**

बॉलीवुड अभिनेता अभिषेक बच्चन भी शोएब अख्तर की ऑन-एयर गलती के वायरल होने के बाद मजाकिया अंदाज में इसमें शामिल हो गए। क्रिकेट, फुटबॉल और कबड्डी जैसे खेलों के शौकीन बच्चन ने इस क्लिप को सोशल मीडिया पर शेयर किया और अपने खास अंदाज में टिप्पणी की। अभिषेक ने एक्स पर लिखा कि सर मैं आपका काफी सम्मान करता हूं...और मुझे नहीं लगता कि पाकिस्तान ऐसा कर पाएगा और मुझे तो क्रिकेट अच्छी तरह नहीं आता।

# मैच हारा, मगर इतिहास रच गई पथुम निसांका-कुसल परेरा की जोड़ी



नई दिल्ली। भारत ने एशिया कप 2025 के अंतिम सुपर 4 मुकाबले में श्रीलंका को सुपर ओवर में शिकस्त दी। इस मुकाबले में पथुम निसांका और कुसल परेरा की जोड़ी ने टी20 फॉर्मेट के एशिया कप में सबसे बड़ी साझेदारी का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। इससे पहले यह रिकॉर्ड विराट कोहली और केएल राहुल के नाम था, जिन्होंने 8 सितंबर 2022 को अफगानिस्तान के खिलाफ सुपर-4 मुकाबले में पहले विकेट के लिए 119 रन जोड़े थे।

टी20 फॉर्मेट के एशिया कप में 100+ साझेदारी के मामले में तीसरी जोड़ी पाकिस्तान के उमर अकमल और शोएब मलिक की है, जिसने 29 फरवरी 2016 को यूएई के खिलाफ चौथे विकेट के लिए अटूट 114 रन की साझेदारी की थी। दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में शुक्रवार को खेले गए मुकाबले में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 5 विकेट खोकर 202 रन बनाए। टीम इंडिया की ओर से सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने 61 रन की पारी खेली, जबकि तिलक वर्मा ने नाबाद 49 रन बनाए। इसके जवाब में श्रीलंकाई टीम ने भी निर्धारित ओवरों में 5 विकेट खोकर 202 रन बनाए। इस टीम के लिए पथुम निसांका ने 58 गेंदों में 6 छक्कों और 7 चौकों की मदद से 107 रन की पारी खेली, जबकि कुसल परेरा ने 58 रन टीम के खाते में जुटाए। मैच सुपर ओवर तक पहुंचा, जहां श्रीलंकाई टीम सिर्फ 2 रन बना सकी और भारत ने पहली ही गेंद पर जीत दर्ज की। अब रविवार को भारत-पाकिस्तान के बीच खिताबी मुकाबला खेला जाना है।




Printed and published by Dr. Gireesh Sanghi on behalf of AGA Publications Ltd., at 396, Lower Tankbund, Hyderabad-500080 Editor: *Dhirendra Pratap Singh *responsible for selection of news under the PRB Act. Postal Licence H/SD/380/21-22, Phone:27644999. Fax:27642512, RNI No.69340/98, Regd.:No.AP/HIN/00196/01/1/97/TC.